# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, बुधवार 6 मई 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 346 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




रांची के डोरंडा कॉलेज में प्रदर्शन करते एनएसयूआई के कार्यकर्ता

## संक्षिप्त समाचार

### चलती ट्रक में लगी आग

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** चौपारण थाना क्षेत्र स्थित चोरदाहा पिकेट के पास मंगलवार को एनएच-19 पर सरिया लदे एक चलते ट्रक में अचानक आग लग गई। आग की लपटें बढ़ती देख ड्राइवर और खलासी ने सूझ-बूझ दिखाते हुए ट्रक से नीचे छलांग लगा दी जिससे वे सुरक्षित बच गए। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हालांकि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह जलकर खाक हो गया। दरअसल ट्रक झारखंड के रामगढ़ से सरिया लादकर उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जा रहा था। चोरदाहा चेक पोस्ट के पास पहुंचते ही ट्रक के केबिन के निचले हिस्से से धुआं निकलने लगा।

### ऑक्सीजन न मिलने से नवजात की मौत

**धनबाद (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बाघमारा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ऑक्सीजन की कमी के कारण एक नवजात की मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। जानकारी के अनुसार बाघमारा सीएचसी में एक महिला की सामान्य प्रसव के जरिए डिलीवरी कराई गई थी। जन्म के तुरंत बाद नवजात को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। परिजनों का आरोप है कि उस समय अस्पताल में ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध नहीं थी जिससे नवजात की हालत लगातार बिगड़ती गई।

### जंगल से महिला का शव बरामद

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदरवा पंचायत के मलकोको गांव में सुबह एक महिला का शव मिला। गांव के लोग जब रोज की तरह टहलने के लिए जंगल की ओर जा रहे थे तभी उनकी नजर शव पर पड़ी। मृतका की पहचान नवलशाही थाना क्षेत्र के धुमाडीह निवासी 40 वर्षीय शकुंतला देवी के रूप में हुई। उसके पति का नाम सुनील ठाकुर है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इसी दौरान महिला के मोबाइल पर कॉल किया। पुलिस ने कॉल रिसीव कर संबंधित व्यक्ति से पूछताछ की जिसके बाद महिला की पहचान हो सकी। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया।

### छात्र की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**कोडरमा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत असनाबाद स्थित सेक्रेड हार्ट स्कूल के हॉस्टल में कक्षा 10वीं के छात्र उदित राज की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। रविवार शाम छात्र का शव हॉस्टल के कमरे में गमछे से फंदे पर लटका मिला था। प्रारंभिक तौर पर इसे आत्महत्या बताया गया लेकिन घटना के बाद से ही परिजन इसे हत्या करार देते हुए स्कूल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने देर रात स्कूल पहुंचकर जांच शुरू की।

# झारखंड में मुखियाओं का बढ़ेगा मानदेय और तय समय पर होंगे पंचायत चुनाव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार मुखिया का मानदेय बढ़ाने वाला है। राज्य सरकार इस दिशा में तेजी से कदम उठा रही है और राज्य में पंचायत चुनाव भी समय पर होंगे। पंचायत चुनाव में पेसा कानून को ध्यान में रखा जाएगा और ओबीसी आरक्षण को भी लागू किया जाएगा। यह घोषणा झारखंड सरकार के पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने पलामू में की है। पलामू में मंगलवार को पंचायती राज विभाग के द्वारा प्रमंडल स्तरीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन किया गया था। सम्मेलन में झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और पंचायती राज विभाग के निदेशक राजेश्वरी बी ने भाग लिया। वहीं सम्मेलन में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि झारखंड में पंचायत को सशक्त बनाया जा रहा है। मुखिया को सम्मानजनक मानदेय मिलना चाहिए। झारखंड की सरकार इस दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही है और प्रस्ताव भी तैयार किया है। मंत्री ने कहा कि 2027 में निर्धारित समय पर पंचायत चुनाव होंगे। चुनाव को लेकर तैयारी की जा रही है। पेसा कानून, एससी-एसटी आरक्षण, ओबीसी आरक्षण का भी ध्यान रखा जाना है। ओबीसी आरक्षण के साथ पंचायत चुनाव कराए जाएंगे। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने पदाधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि वैसे लोग जो मुखिया का डिजिटल सिग्नेचर अपने पास रखते हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शिकायत मिली है कि मुखिया का डिजिटल सिग्नेचर पदाधिकारी या पंचायत सचिव अपने पास रखते हैं। दो चार पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी तो सब ठीक हो जाएगा। वहीं सम्मेलन में सूबे के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि मुखिया के सम्मान के अनुसार उनका मानदेय मिलना चाहिए। पंचायत में मुखिया के अलावा अन्य कर्मी भी तैनात होते हैं लेकिन गड़बड़ी होने पर सिर्फ मुखिया के खिलाफ एफआईआर हो रही है। मंत्री ने कहा कि पिछले दो वर्षों में पलामू में पहली बार प्रशासन नजर आ रहा है और काम हो रहा है। सम्मेलन में पलामू, गढ़वा और लातेहार में बेहतर काम करने वाले मुखिया को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान पलामू के डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, डीडीसी जावेद हुसैन, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।



# पश्चिम बंगाल में सरकार गठन की तैयारियां तेज, 9 मई को शपथ ग्रहण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में नई सरकार के गठन को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी है। पार्टी ने अहम संगठनात्मक कदम उठाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पश्चिम बंगाल के लिए भाजपा का केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। खबर के मुताबिक, राज्य में 9 मई को नई सरकार का शपथग्रहण होगा। भाजपा के संसदीय बोर्ड ने पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव हेतु शाह को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने 5 मई 2026 को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस बात की जानकारी दी है। इसमें कहा गया है कि शाह पश्चिम बंगाल में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक (सेंट्रल ऑब्जर्वर) की भूमिका निभाएंगे। वहीं बीजेपी की प्रेस विज्ञप्ति में यह भी जानकारी दी गई है कि ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी को पश्चिम बंगाल के लिए केंद्रीय सह पर्यवेक्षक की नियुक्त किया है। भाजपा के ये दोनों नेता पश्चिम बंगाल में विधायक दल की बैठक और नेतृत्व चयन की प्रक्रिया को पूरा कराएंगे। वहीं असम के लिए भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा रसायन उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। वहीं राज्य में सह पर्यवेक्षक की भूमिका में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे। बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह एक प्रेस विज्ञप्ति जारी पार्टी की तरफ अहम जानकारी दी। सोमवार को आए विधानसभा चुनाव के नतीजों में 206 सीटें जीतकर दो तिहाई से अधिक बहुमत हासिल कर भाजपा ने बंगाल में तृणमूल कांग्रेस को सत्ता से बाहर कर दिया और असम में लगातार तीसरी बार सत्ता पर कब्जा कर लिया। पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 148 है। कांग्रेस को दो सीटें जबकि टीएमसी को 81 सीटें मिलीं। वामपंथी पार्टी को मात्र दो सीटें मिली। अन्य को दो सीटें मिलीं। वर्ष 2011 में लगभग चार प्रतिशत के मामूली वोट शेयर से भाजपा 2019 में लगभग 40 प्रतिशत तक पहुंच गई और फिर 2021 के विधानसभा चुनावों में 77 सीटें हासिल करके वामपंथी और कांग्रेस को पछाड़ते हुए टीएमसी के प्रमुख प्रतिद्वंद्वी के रूप में उभरी।

# पिकअप ने तीन लोगों को रौंदा,दो की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गिरिडीह।** जिले के बिरनी थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना सरिया-राजधनवार मुख्य मार्ग पर माखमरगो पंचायत भवन के सामने हुई। मृतकों की पहचान 70 वर्षीय बासदेव साव और 65 वर्षीय लखिया देवी (पत्नी लखपत साव) के रूप में हुई है। इस हादसे में 65 वर्षीय धनपत साव गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनका इलाज जारी है। बताया गया कि तीनों बिरनी थाना क्षेत्र के जितकुंडी गांव के निवासी थे। वे रोज की तरह माखमरगो इलाके में मजदूरी करने के लिए पैदल जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप वैन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि तीसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। हादसे के बाद पिकअप वैन का चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर बिरनी थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और फरार वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क पर बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रशासन से सुरक्षा उपाय बढ़ाने की मांग की है।

# स्वास्थ्य विभाग में 26 करोड़ का घोटाला उजागर

## बिना टेंडर खरीद पर उठे सवाल, जांच का आदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में स्वास्थ्य विभाग से जुड़ा करीब 26 करोड़ रुपये का कथित घोटाला सामने आने के बाद प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जांच में कई गंभीर अनियमितताओं के संकेत मिले हैं। आरोप है कि रांची के 13 स्वास्थ्य उपकेंद्रों में दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की खरीद बिना निर्धारित टेंडर प्रक्रिया के की गई। बताया जा रहा है कि कोटेशन के आधार पर लगभग 9 कंपनियों को काम दिया गया जिससे नियमों की अनदेखी और पक्षपात की आशंका जताई जा रही है। जांच में यह भी सामने आया कि प्रसव के बाद महिलाओं को मिलने वाली 1400 रुपये की प्रोत्साहन राशि के रिकॉर्ड में गड़बड़ी है। कई मामलों में महिलाओं की जगह पुरुषों के नाम दर्ज पाए गए जिससे फर्जीवाड़े की आशंका और गहरा गई है। पिछले वर्ष करीब 5700 मामलों का रिकॉर्ड अब जांच के घेरे में है। जब अधिकारियों से संबंधित दस्तावेज मांगे गए तो निर्धारित समय सीमा में उन्हें उपलब्ध नहीं कराया गया। इससे यह संदेह और मजबूत हुआ है कि या तो खरीद प्रक्रिया में गंभीर गड़बड़ी हुई है या कागजों पर ही खर्च दिखाया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी जिलों में जांच के आदेश दिए हैं। वहीं भाजपा नेता नवीन जायसवाल ने उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए इसे बड़ा घोटाला बताया है।

# पेसा कानून पर संग्राम, ग्राम प्रधान को नोटिस से भड़का विवाद

**रांची/खूंटी(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के खूंटी जिला में पेसा कानून को लेकर प्रशासन और पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था आमने-सामने आ गए हैं। कर्रा प्रखंड में ग्राम प्रधान को जारी कारण बताओ नोटिस ने विवाद को तूल दे दिया है। इस कार्रवाई के विरोध में ग्राम प्रधानों और पड़हा राजाओं ने एकजुट होकर मोर्चा खोल दिया है। पंचायती राज विभाग की पूर्व निदेशक और ऋट्ट अधिकारी निशा उरांव के नेतृत्व में पारंपरिक पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को खूंटी उपायुक्त कार्यालय पहुंचा। यहां उन्होंने ज्ञापन सौंपकर मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि कर्रा प्रखंड के बीडीओ द्वारा जारी नोटिस में किसी भी कानून या धारा का स्पष्ट उल्लेख नहीं है जबकि दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। इससे प्रशासनिक प्रक्रिया और अधिकारियों के अधिकार क्षेत्र पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# डोरंडा कॉलेज में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** डोरंडा कॉलेज में मंगलवार को उस वक्त माहौल गर्म हो गया जब एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। छात्रसंघ के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कॉलेज परिसर में नारेबाजी करते हुए प्राचार्य डॉ. राजकुमार शर्मा पर गंभीर आरोप लगाए और अपनी मांगों को लेकर विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन का नेतृत्व एनएसयूआई के उपाध्यक्ष विश्वजीत सिंह कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि कॉलेज के प्राचार्य द्वारा संगठन के साथ लगातार भेदभाव किया जा रहा है। विशेष रूप से कॉलेज के ऑडिटोरियम के उपयोग को लेकर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। उनका कहना है कि एनएसयूआई को कार्यक्रमों के लिए ऑडिटोरियम की अनुमति नहीं दी जाती है जबकि अन्य दूसरे संगठनों को आसानी से अनुमति मिल जाती है। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने यह भी मुद्दा उठाया कि कॉलेज और विश्वविद्यालय स्तर पर कई सालों से छात्रसंघ चुनाव नहीं कराए गए हैं।

# भूपेंद्र यादव ने देश की समृद्धि के लिए की प्रार्थना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**देवघर।** विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम में मंगलवार को केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने भगवान शिव के समक्ष देश की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। मंदिर परिसर में उनके आगमन को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रशासन ने कुछ समय के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही को नियंत्रित रखा, ताकि पूजा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। इस दौरान गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे भी उनके साथ मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने पारंपरिक विधि-विधान के अनुसार पूजा की और बाबा से जनहित की प्रार्थना की। मंदिर दर्शन के बाद भूपेंद्र यादव बिना मीडिया से बातचीत किए ही रवाना हो गए। उनके इस दौरे को एक ओर जहां आस्था से जुड़ा माना जा रहा है, वहीं राजनीतिक हलकों में इसे हालिया चुनावी सफलता के बाद एक संकेत के रूप में भी देखा जा रहा है।

# बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत से गठबंधन में बढ़ी हलचल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** देश के पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों की मतगणना में तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी को मिली बंपर जीत से पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। खासकर पश्चिम बंगाल में पहली बार बीजेपी के सत्ता में आने को एक बड़ी राजनीतिक उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। बीजेपी ने ममता बनर्जी के मजबूत गढ़ को भेदते हुए राज्य में सरकार बनाने में सफलता हासिल की। माना जा रहा है कि पार्टी ने हिंदू वोट बैंक को एकजुट कर अपने पक्ष में माहौल बनाया जिससे यह जीत संभव हो सकी। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि बंगाल में इस बदलाव का असर पड़ोसी राज्य झारखंड की राजनीति पर भी देखने को मिल सकता है। अक्सर यह कहा जाता है कि बंगाल की सियासी हलचल का असर झारखंड तक पहुंचता है, ऐसे में यहां भी राजनीतिक समीकरण बदलने की संभावना जताई जा रही है। इधर कांग्रेस (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) के भीतर अंदरूनी मतभेद खुलकर सामने आने लगे हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता और वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने प्रदेश संगठन के कामकाज पर सवाल उठाते हुए झारखंड प्रभारी को पत्र लिखा है। वहीं स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने भी संगठन के प्रति असंतोष जाहिर किया है। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के बीच रिश्तों में भी खटास की चर्चा तेज हो गई है। बंगाल और असम में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन के बाद झामुमो का भरोसा कुछ कमजोर पड़ता दिख रहा है। इसके पीछे असम और बिहार चुनावों में सीट बंटवारे को लेकर असंतोष भी एक कारण माना जा रहा है। दिलचस्प बात यह रही कि बंगाल चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जहां ममता बनर्जी के समर्थन में प्रचार कर रहे थे, वहीं उनकी ही सरकार में शामिल कांग्रेस कोटे के मंत्री और विधायक कांग्रेस उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार में जुटे थे। बावजूद चुनाव परिणाम अपेक्षा के विपरीत रहे जिससे गठबंधन में असहजता बढ़ी है। हालांकि, गठबंधन को लेकर अब तक किसी बड़े नेता ने खुलकर बयान नहीं दिया है लेकिन झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने यह जरूर कहा है कि झामुमो के बिना कांग्रेस कुछ भी नहीं है। फिलहाल यह देखना दिलचस्प होगा कि बंगाल की इस राजनीतिक जीत का झारखंड की राजनीति पर कितना और कैसा असर पड़ता है। आने वाले समय में राज्य की सियासत किस दिशा में जाएगी, इस पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं। झारखंड के चारों ओर भाजपा का प्रभाव बढ़ने के बाद अब राज्य की राजनीति में यह कयास लगना शुरू हो गया है कि क्या यहां भी 'राजनीतिक घेराबंदी' का दौर शुरू होगा। इसी सिलसिले में झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य झारखंड की तुलना कीवी फल से करते हैं। वे कहते हैं,'जब शरीर में प्लेटलेट्स की कमी हो जाती है तो कीवी सबसे ज्यादा असरदार होता है। कीवी का रंग बाहर से भूरा होता है और अंदर से हल्का हरा होता है। यही हरा रंग प्लेटलेट्स बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारों से घिरे होने के बावजूद झामुमो कीवी फल की तरह विपक्ष का प्लेटलेट्स को बढ़ाने का काम करेगा।

# मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार सह मुखिया सम्मेलन में पंचायत सशक्तिकरण एवं महिला भागीदारी पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** आज गांधी स्मृति भवन, मेदिनी नगर में मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार सह मुखिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय मंत्री, वित्त, वाणिज्य कर, योजना एवं विकास तथा संसदीय कार्य विभाग श्री राधा कृष्ण किशोर, माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग श्रीमती दीपिका पांडे सिंह, माननीय विधायक मनिका श्री रामचंद्र सिंह, निदेशक पंचायती राज श्रीमती राजेश्वरी बी, उपायुक्त पलामू श्री दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला परिषद उपाध्यक्ष एवं उप विकास आयुक्त सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। उपायुक्त पलामू श्री दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने स्वागत भाषण देते हुए सभी माननीय अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, मुखियागण, मीडिया प्रतिनिधियों एवं उपस्थित आगंतुकों का हार्दिक स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि पंचायतें प्रशासन और आम जनता के बीच सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं तथा ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने मुखियाओं से अपील की कि वे पारदर्शिता, जवाबदेही एवं समर्पण के साथ कार्य करते हुए सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं। साथ ही उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बेहतर समन्वय से जिले में विकास की गति और तेज होगी। माननीय वित्त मंत्री श्री राधा कृष्ण किशोर ने अपने संबोधन में कहा कि पलामू प्रमंडल के लोगों की




क्रय शक्ति अन्य जिलों की तुलना में कम है। उन्होंने ह्यमइया समान योजनाह्ल को महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावी पहल बताया। उन्होंने कहा कि अब महिलाएं अपने परिवार की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति स्वयं करने में सक्षम हो रही हैं। उन्होंने पेसा कानून के क्रियान्वयन के लिए माननीय मंत्री श्रीमती दीपिका पांडे सिंह का आभार व्यक्त किया तथा मुखियाओं को डिजिटल माध्यमों के उपयोग के लिए प्रेरित करते हुए विभाग से उन्हें इस दिशा में सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग श्रीमती दीपिका पांडे सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि त्रिस्तरीय पंचायती व्यवस्था को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए आवश्यक सशक्त कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज भले ही यह मुखिया सम्मेलन है, लेकिन आने वाले समय में वार्ड सदस्यों को भी विकास का सक्रिय भागीदार बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि संविधान एवं विधान के तहत प्राप्त अधिकारों के पूर्ण उपयोग के लिए मुखियाओं को सशक्त बनाया जाएगा तथा पंचायतों के संचालन हेतु आवश्यक मूलभूत सुविधाएं एवं पर्याप्त फंड विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि वे ग्रामीणों की आकांक्षाओं को पूरा कर सकें। उन्होंने मुखियाओं द्वारा विभिन्न राज्यों के एक्सपोजर विजिट के अनुभवों की सराहना करते हुए कहा कि वहां से सीखी गई अच्छी प्रथाओं को अपने पंचायतों में लागू करने का प्रयास सराहनीय है तथा भविष्य में अन्य राज्यों के लोग भी यहां की पंचायतों की कार्यशैली देखने आएं, इस दिशा में प्रयास किए जाएं। उन्होंने कोविड काल का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने मिलकर बेहतर समन्वय के साथ कार्य किया था और आज भी यही समन्वय राज्य के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने उपायुक्त को कहा कि ग्राम स्तर से आने वाली समस्याओं पर सतत नजर रखें तथा उनके त्वरित समाधान एवं नियमित निरीक्षण की प्रक्रिया जारी रखें। साथ ही उन्होंने पंचायती राज निदेशक श्रीमती राजेश्वरी बी को कहा कि जिन मुखियाओं को अब तक डिजिटल लॉगिन आईडी प्रखंड कर्मियों द्वारा उपलब्ध नहीं कराई गई है, उन्हें शीघ्र उपलब्ध कराते हुए उनके उपयोग हेतु सशक्त बनाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि मुखियाओं को सम्मानजनक मानदेय एवं पंचायतों को हाईटेक बनाने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। माननीय विधायक मनिका श्री रामचंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पंचायतें ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं।

# शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग ब्यूरो।** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 5 मई को उपायुक्त श्री हेमंत सती ने औचक निरीक्षण कर अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर का भ्रमण करते हुए पार्किंग व्यवस्था, एम्बुलेंस की अद्यतन सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, जिससे संसाधनों का बेहतर प्रबंधन हो सके। उपायुक्त ने नेत्र विभाग का भी निरीक्षण किया और उपलब्ध मशीनों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अपनी आंखों की जांच भी कराई तथा चिकित्सकों से मोतियाबिंद ऑपरेशन की प्रक्रिया और संख्या के बारे में




उपलब्धता एवं उनकी संख्या की जानकारी ली। उन्होंने सुव्यवस्थित पार्किंग सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम को इसके संचालन की जिम्मेदारी सौंपने का निर्देश दिया। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए उपायुक्त ने जन औषधि केंद्र और दवा काउंटर की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया, ताकि मरीजों को समय पर और आसानी से दवाएं मिल सकें। निरीक्षण के क्रम में कोल्ड चेन, विद्युत आपूर्ति सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने अस्पताल प्रबंधन को कार्यरत कर्मियों, एमपीडब्ल्यू तथा रिक्त पदों की जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा उन्होंने आयुष्मान केंद्र, मेडिसिन ओपीडी, मनोरोग, स्किन, शिशु, ईएनटी और कार्डियोलॉजी वार्ड सहित डे-केयर कक्ष का भी बारीकी से निरीक्षण कर सेवाओं की गुणवत्ता का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अस्पताल प्रबंधन को मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ और व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्री आदित्य पांडेय, सिविल सर्जन, मेडिकल सुपरिटेंडेंट समेत अन्य चिकित्सक उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल में नन्हे बच्चों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**गिरिडीह (नबिटासं)।** सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल एसजीआईएस के पचंबा स्थित ह्यएसजीआईएस मिलिमीटर्स ह्ल परिसर में 5 मई 2026 को प्री-प्राइमरी नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के नन्हे बच्चों के लिए ह्यक्विज प्रतियोगिता 2026ह्ल का शानदार आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास विकसित करना और खेल-खेल में उनके सामान्य ज्ञान एवं मानसिक कौशल को बढ़ाना था



प्रतियोगिता को सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित किया गया, ताकि बच्चे न केवल ज्ञान प्राप्त करें बल्कि क्विज के प्रारूप से भी परिचित हो सकें। इस दौरान बच्चों से उनकी आयु के अनुरूप सरल और रोचक प्रश्न पूछे गए, जिनमें रंगों, फलों, जानवरों और कविताओं से जुड़े सवाल शामिल थे। नन्हे प्रतिभागियों ने उत्साह और आत्मविश्वास के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया विद्यालय की वेशभूषा में सजे बच्चों की चंचलता और उत्साह ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की निर्देशिका रमनप्रीत कौर, प्राचार्या ममता शर्मा एवं सीनियर एडमिनिस्ट्रेटर रूपा मुद्रा ने किया। अतिथिगण पूरे कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहकर बच्चों का उत्साहवर्धन करते रहे इस अवसर पर विद्यालय की निर्देशिका रमनप्रीत कौर ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों में आत्मविश्वास और सीखने की रुचि को बढ़ाती हैं। वहीं, प्रबंध निदेशक जोरावर सिंह सलूजा ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों में सोचने, समझने और खुद को अभिव्यक्त करने की क्षमता विकसित होती है। उन्होंने इसे बच्चों के समग्र विकास होलीस्टिक डेवलपमेंट की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

### गिरिडीह में भर्ती कैंप - 2026 का आयोजन 31 अभ्यर्थियों का चयन

**गिरिडीह (नबिटासं)।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार के तत्वावधान में जिला नियोजनालय-सह-मॉडल करियर सेंटर, गिरिडीह द्वारा वित्तीय वर्ष 2026झ्र27 के अंतर्गत ह्यभर्ती कैंपझ्र2026ह्ल का आयोजन किया गया। यह भर्ती शिविर जिला नियोजनालय परिसर, गिरिडीह में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षित बेरोजगार युवक-



युवतियों ने भाग लिया कार्यक्रम का उद्घाटन जिला नियोजन पदाधिकारी मोङ्क इमरान फारूकी ने स्वागत भाषण के साथ किया। भर्ती कैंप में कुल तीन प्रतिष्ठानों ने भाग लिया, जिनमें बिरसा सिक्योरिटी एंड सुपर सर्विस, दुमका, क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण एलटीडी, गिरिडीह तथा एल .एन .पी . पब्लिक स्कूल, बेंगाबाद, गिरिडीह शामिल हैं भर्ती प्रक्रिया के दौरान बिरसा सिक्योरिटी एंड सुपर सर्विस, दुमका द्वारा 31 अभ्यर्थियों का ऑन-द-स्पॉट चयन कर ऑफर लेटर प्रदान किया गया। वहीं क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण एलटीडी, गिरिडीह द्वारा 8 अभ्यर्थियों तथा एल .एन .पी . पब्लिक स्कूल, बेंगाबाद द्वारा 2 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है, जिनका अंतिम चयन साक्षात्कार के उपरांत किया जाएगा इस प्रकार कुल 31 अभ्यर्थियों का चयन एवं 10 अभ्यर्थियों का शॉर्टलिस्टिंग किया गया। जिला नियोजन पदाधिकारी मोङ्क इमरान फारूकी ने बताया कि बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए भविष्य में भी इस प्रकार के भर्ती कैंप आयोजित किए जाएंगे भर्ती कैंप के सफल आयोजन में जिला नियोजनालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रमंडलीय आयुक्त ने चंदवा अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चंदवा/लातेहार (पलामू)।** प्रमंडलीय आयुक्त श्रीमती कुमुद सहाय आज लातेहार जिले के चंदवा स्थित अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशासनिक कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कार्यालय में संधारित विभिन्न दस्तावेजों, अभिलेखों एवं पंजियों का अवलोकन किया तथा कार्यों में पारदर्शिता, तत्परता और जवाबदेही सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



आयुक्त ने विशेष रूप से लंबित प्रमाण पत्रों, दाखिल-खारिज मामलों एवं अन्य राजस्व संबंधी आवेदनों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करते हुए आम जनता को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों में आने वाले लोगों को अनावश्यक विलंब का सामना नहीं करना पड़े। इसका ख्याल रखें। राजस्व संग्रहण की समीक्षा करते हुए प्रमंडलीय आयुक्त ने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राजस्व संग्रहण में शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी और तय समय सीमा के भीतर लक्ष्य प्राप्ति के लिए ठोस एवं प्रभावी पहल सुनिश्चित की जाए। प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि औचक निरीक्षण से कार्यालय कर्मियों में सक्रियता देखी गई। निरीक्षण के दौरान चंदवा के प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री चंदन कुमार एवं अंचल अधिकारी श्री सुमित कुमार झा सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह-उपायुक्त रामनिवास यादव ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय गिरिडीह स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं की गहन समीक्षा की उपायुक्त ने वेयरहाउस में लगे सीसीटीवी कैमरों, कंट्रोल रूम तथा अन्य उपकरणों की स्थिति और रखरखाव का जायजा लिया। साथ ही परिसर में विद्युत व्यवस्था, बीयू हॉल, जनरेटर रूम, अग्निशमन यंत्र तथा तैनात सुरक्षा बलों के लॉग बुक की भी जांच की निरीक्षण के क्रम में



श्री यादव ने सशस्त्र सुरक्षा बलों को अपने दायित्वों के प्रति सतर्क एवं सक्रिय रहने का निर्देश दिया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने पर जोर दिया इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंथू महतो, अग्निशमन पदाधिकारी श्री रवि रंजन सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जनता दरबार आयोजित, समस्याओं के समाधान पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग ब्यूरो ।** समाहरणालय भवन में 5 मई को उपायुक्त श्री हेमन्त सती की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्रामीणों एवं आम नागरिकों ने अपनी समस्याएँ उपायुक्त के समक्ष रखीं। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, जाति, आय, आवासीय एवं स्थानीय प्रमाण-पत्र निर्गमन व सुधार, वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन, मनरेगा, कृषि ऋण माफी, फीस माफी, केसीसी तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लंबित भुगतान से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। उपायुक्त ने प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई



करते हुए कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। वहीं जटिल एवं लंबित मामलों को नियमानुसार कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजते हुए शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए गए। उन्होंने जिले के सभी प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों में प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को नियमित रूप से जनता की समस्याओं के समाधान हेतु विशेष दिवस आयोजित करने का निर्देश दिया, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को त्वरित राहत मिल सके। इसके साथ ही पुलिस से जुड़े मामलों के निपटारे के लिए प्रत्येक शनिवार को थाना दिवस मनाने का निर्देश दिया गया, जिससे स्थानीय स्तर पर ही समस्याओं का समाधान सुनिश्चित हो सके। उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है और इसका उद्देश्य है कि किसी भी नागरिक को अनावश्यक परेशानी न हो तथा उसकी शिकायत का पारदर्शी और त्वरित समाधान किया जा सके।

# हजारीबाग में भाजपा जिला कार्यालय का उद्घाटन, तीन राज्यों की जीत पर मनाया गया जश्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग ब्यूरो ।** भारतीय जनता पार्टी के हजारीबाग जिला कार्यालय का भव्य उद्घाटन 5 मई, मंगलवार को शहर के कालीबाड़ी रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के समीप किया गया। उद्घाटन समारोह में सांसद मनीष जायसवाल, विधायक प्रदीप प्रसाद तथा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यालय का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला।

इस अवसर पर असम, पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल में पार्टी की जीत पर मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की गई। उद्घाटन के बाद जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसका संचालन जिला महामंत्री



जय नारायण प्रसाद ने किया। बैठक में 17 एवं 18 मई 2026 को प्रस्तावित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि असम, पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल में मिली जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन, विकास और जनकल्याणकारी नीतियों का परिणाम है।

वहीं विधायक प्रदीप प्रसाद ने इसे पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत की जीत बताया। जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने पश्चिम बंगाल में मिली सफलता को सनातन परंपरा में विश्वास रखने वाले लोगों के संघर्ष और बलिदान का परिणाम बताया। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, पूर्व जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी जिला महामंत्री व मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद ने दी।

# मधुबन में मजदूर-किसान एकता की हुंकार, आमसभा और रैली का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** मजदूर दिवस सप्ताह के तहत मंगलवार को मधुबन के हटिया मैदान में असंगठित मजदूर मोर्चा और भाकपा (माले) के संयुक्त तत्वावधान में एक आमसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद बेदी पर माल्यार्पण के साथ हुई, जिसके बाद झंडोत्तोलन किया गया। इसके उपरांत सैकड़ों की संख्या में मजदूरों, किसानों और समर्थकों ने मधुबन बाजार में रैली निकाली। लाल झंडों और नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। सभा को संबोधित करते हुए माले के जिला सचिव अशोक पासवान ने केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान नीतियां मजदूरों और गरीबों के लिए नुकसानदेह हैं। उन्होंने कहा कि फैक्ट्री और असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को लगातार परेशान किया जा रहा है, ऐसे में अपने अधिकारों के लिए एकजुट होना आवश्यक है। उन्होंने शिकागो के ऐतिहासिक मजदूर आंदोलन को याद करते हुए संघर्ष की प्रेरणा लेने की अपील की।असंगठित मजदूर यूनियन के नेता अजीत राय ने कहा कि मजदूर, किसान, असंगठित श्रमिक, छात्र, बेरोजगार, महिलाएं और गरीब तबके को एकजुट होकर जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करनी होगी। उन्होंने संगठन विस्तार पर जोर देते हुए डोली मजदूरों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और कहा कि उनकी अनदेखी लगातार हो रही है।

# साप्ताहिक जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनीं जन समस्याएं, कई मामलों का ऑन द स्पॉट समाधान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार शासन-प्रशासन और आम जनता के बीच संवाद का सशक्त माध्यम है। इससे न केवल लोगों की समस्याओं का प्रत्यक्ष समाधान होता है, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था में जनता का




विश्वास भी मजबूत होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं को सुनना और उनका समय पर समाधान करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है जनता दरबार में 50 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें बिजली बिल, भूमि विवाद, पेंशन, पारिवारिक विवाद, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, आवास, राशन कार्ड एवं अन्य जनसुविधाओं से संबंधित मामले प्रमुख रहे। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव है, उनका नियमानुसार शीघ्र निपटारा किया जाए। जनता दरबार के दौरान कई मामलों का मौके पर ही समाधान भी किया गया इस पहल के माध्यम से जिला प्रशासन ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि आमजन की शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी एवं संवेदनशील समाधान उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# पत्रकारों का कांग्रेस प्रेसवार्ता से किनारा, हमले के विरोध में लगाया काला बिल्ला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग ब्यूरो।** हजारीबाग में राष्ट्रीय कांग्रेस के जिला कार्यालय में मंगलवार को आयोजित प्रेसवार्ता का स्थानीय पत्रकारों ने सामूहिक बहिष्कार कर दिया। महिला आरक्षण विधेयक पर केंद्रित इस प्रेसवार्ता में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी की उपाध्यक्ष गुंजन सिंह की मौजूदगी थी, लेकिन पत्रकारों ने इसमें शामिल न होकर विरोध दर्ज कराया।

पत्रकार काला बिल्ला लगाकर पहुंचे और हाल ही में 28 अप्रैल को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में घटी घटना को



लेकर नाराजगी जताई। उनका आरोप है कि स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी की उपस्थिति में पत्रकारों के साथ मारपीट हुई, लेकिन मंत्री ने इस पर कोई संवेदनशील प्रतिक्रिया नहीं दी।
पत्रकारों ने स्पष्ट कहा कि जब तक मंत्री सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते और घटना पर अपनी संवेदना व्यक्त नहीं करते, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि कांग्रेस की आगामी प्रेसवाताओं का भी बहिष्कार किया जाएगा। विरोध के दौरान पत्रकारों ने एकजुटता दिखाते हुए लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने की मांग दोहराई। इस मौके पर हजारीबाग प्रेस क्लब के पदाधिकारी और कई वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे।
वरिष्ठ पत्रकार नवीन सिन्हा ने घटना को गंभीर और निंदनीय बताया, जबकि दीपक कुमार ने कहा कि जब तक मंत्री और दोषी माफी नहीं मांगते, तब तक यह आंदोलन लगातार जारी रहेगा। कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके अन्य पत्रकारों ने भी इस विरोध का समर्थन करते हुए अपनी एकजुटता जताई।

## संक्षिप्त समाचार

### हजारीबाग से छठा आरोपी गिरफ्तार, डेढ़ करोड़ रुपये का फिक्स्ड डिपॉजिट फ्रीज

**हजारीबाग, एजेंसी।** ट्रेजरी घोटाले में सीआईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हजारीबाग से छठे अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम सौरभ कुमार सिंह है। जो मूल रूप से रोहतास बिहार का रहने वाला है। वर्तमान में जानकी प्रजापति, हीराबाग चौक, कोरा, हजारीबाग में रहे थे। यह जानकारी अपराध अनुसंधान विभाग द्वारा प्रेस रिलीज जारी कर दी गई है। वर्तमान में हजारीबाग के हीराबाग चौक कोरा में रह रहा था। सीआईडी ने जांच के क्रम में पाया कि इसके अकाउंट में डेढ़ करोड़ रुपये फिक्स डिपॉजिट के रुप में जमा है। इसके अलावा करीब 18 लाख 86 हजार रुपये फ्रीज किए गए हैं। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी के पास से एक मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन, बैंक पासबुक, आधार कार्ड और पैन कार्ड जब्त किया गया है।

### पलामू के पांकी में सड़क हादसे में तीन की मौत, एक गंभीर

**पलामू, एजेंसी।** जिला के पांकी थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क हादसे हुए। इन हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई है जबकि एक की हालत गंभीर है। गंभीर रूप से जख्मी को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने तीनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले में आगे की छानबीन शुरू कर दी है। पहली घटना पांकी थाना क्षेत्र के तेतराई में हुई, जहां पिकअप और बाइक के बीच भीषण टक्कर हुई। इस टक्कर में बाइक सवारी युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में युवक के सिर पर गंभीर रूप से चोट लगी जिस कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी घटना पांकी थाना क्षेत्र के बांदुबार के इलाके में हुई, जहां बाइक सवार तीन युवक दुर्घटना का शिकार हुए हैं। इस दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई है जबकि तीसरा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मृतक की पहचान कृत कुमार और लकी कुमार के रूप में हुई है। दोनों पांकी के इलाके के रहने वाले हैं। पांकी थाना प्रभारी राजेश रंजन ने दुर्घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि अलग अलग हादसों में तीन की मौत हुई है। तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है। पहली घटना बाइक और पिकअप के बीच के टक्कर में हुई थी जबकि दूसरी घटना बाइक और नियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार हुई है।

### मुनीडीह वाशरी हादसा: मजदूरों के आश्रितों को 20-20 लाख का मुआवजा और मिलेगी नौकरी

**धनबाद, एजेंसी।** बीसीसीएल के मुनीडीह स्थित भारत कोकिंग कोल लिमिटेड की वाशरी में शनिवार को हुए हादसे में चार मजदूरों की जान चली गई थी। स्लरी (कोयले का गीला कचरा) लोडिंग के दौरान यह हादसा हुआ था। हादसे के बाद आक्रोशित परिजन और यूनियन नेता शव को वाशरी गेट पर रखकर मुआवजे और नौकरी की मांग पर अड़े रहे। देर रात से लेकर सुबह करीब 4 बजे तक चली मैराथन वार्ता के बाद बीसीसीएल प्रबंधन और यूनियन के बीच सहमति बन गई। समझौते के तहत सभी मृतकों के आश्रितों को कुल 20-20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसमें 10 लाख रुपये 10 दिनों के भीतर और बाकी के 10 लाख रुपये 20 दिनों के अंदर देने का आश्वासन दिया गया है। साथ ही अंतिम संस्कार के लिए 75 हजार रुपये अलग से दिए जाएंगे। परिजनों को राहत देने के लिए एक और अहम फैसला लिया गया है, हर प्रभावित परिवार के एक सदस्य को मुनीडीह वाशरी की आउटसोर्सिंग में नौकरी दी जाएगी। फिलहाल इस समझौते से पीड़ित परिवारों को कुछ राहत जरूर मिली है, लेकिन अब नजर इस बात पर रहेगी कि बीसीसीएल प्रबंधन अपने वादों को कितनी तेजी से जमीन पर उतारता है। वहीं मामले को लेकर मुनीडीह ओपी प्रभारी मनिता कुमारी ने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन के साथ यूनियन नेताओं और ग्रामीणों की सकारात्मक वार्ता हुई है।

### पीएम मोदी के नेतृत्व में डॉ। श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल और आडवाणी का सपना हुआ पूरा- रघुवर दास

**जमशेदपुर, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत पर जमशेदपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर खुशियां मनाई। इस दौरान राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह पार्टी नेता रघुवर दास के आवास के बाहर लोगों के बीच मुफ्त झाल मुढ़ी बांटी गई। पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत पर रघुवर दास ने कहा कि बंगाल की जीत देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेई और लालकृष्ण आडवाणी के सपनों को पूरा किया है। बांग्ला भाषा में उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता खेला कोरे दिएचे यानी बंगाल की जनता ने खेला कर दिया। सोमवार को पांच राज्यों में मतगणना पर सभी राजनैतिक दलों की नजर टिकी हुई रहीं। इधर भाजपा खेमे में पश्चिम बंगाल के परिणाम को लेकर काफी उत्साह देखा गया। इधर पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत मिलने के बाद पूरे जमशेदपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया।

# मौसम का कहर : रांची समेत कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी



**रांची, एजेंसी।** झारखंड में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। मौसम विभाग ने मंगलवार को रांची के साथ पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसांवा, खूंटी, रामगढ़, धनबाद और बोकारो जिलों में तेज आंधी, ओलावृष्टि, वज्रपात और भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इन क्षेत्रों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना जताई गई है। स्थिति को देखते हुए इन जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है।

मौसम विभाग के अनुसार, अन्य जिलों में भी बादल छाए रहने, मेघ गर्जन और करीब 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। इन इलाकों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

सोमवार को राज्य के कई हिस्सों में बारिश दर्ज की गई। मेदिनीनगर में छिटपुट बारिश हुई, जबकि लातेहार में सबसे अधिक 70.5 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा पिछले 24 घंटों में तेनुघाट (बोकारो) में 22.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। तापमान की बात करें तो सोमवार को राज्य में सबसे अधिक तापमान मेदिनीनगर में 39.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि रांची का अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

राजधानी रांची में सोमवार देर शाम तेज आंधी, बिजली कड़कने और बारिश के कारण बिजली आपूर्ति पूरी तरह प्रभावित हो गई। हटिया ग्रिड से जुड़े बेड़ो, ब्राम्बे, धुर्वा और ओरमांझी के 33 हजार केवी सब-स्टेशन ट्रिप कर गए, जिससे कई इलाकों में रात आठ बजे तक बिजली गुल रही।

नामकुम ग्रिड से जुड़े कोकर रूरल और अर्बन सब-स्टेशन के सभी फीडर बाधित रहे। एचटीआई, लालपुर, इंडस्ट्रियल एरिया, कोकर, रानीचगान और चुनाभट्ठा जैसे इलाकों में रात दो बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। वहीं क्लब रोड, चुटिया, एचईसी और मेसरा के कुछ क्षेत्रों में हाई वोल्टेज की समस्या भी देखी गई।

तेज हवाओं के कारण कई जगहों पर तार पेड़ों और डालियों से टकरा गए, जिससे फॉल्ट की समस्या बढ़ गई। बिजली कर्मचारियों को शाम से ही मरम्मत कार्य में जुटना पड़ा। बिजली वितरण निगम के अनुसार, खराब मौसम के कारण कई उपकरणों को नुकसान पहुंचा है। फिलहाल कुछ इलाकों में बिजली आंशिक रूप से बहाल कर दी गई है, लेकिन पूरी तरह सामान्य होने में अभी समय लग सकता है।

# भाजपा की जीत पर कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव का तंज, कहा - लोकतंत्र की हत्या कर मिली है सफलता




**दुमका, एजेंसी।** झारखंड कांग्रेस के विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने साफ तौर पर भाजपा को उसकी सफलता पर बधाई देने से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि यह जीत भाजपा ने लोकतंत्र की हत्या कर पाई है। ऐसे में उन्हें बधाई देने का सवाल ही नहीं उठता। अगर मैं उन्हें बधाई देता हूं तो इसका अर्थ यह होगा कि मैं उनके साथ कदमताल कर रहा हूं। अगर सही ढंग से जीतते तो मैं उन्हें बधाई देता और मिठाई भी खिलाता।

कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी यह टारगेट करती है कि किस राज्य को जितना है और उसके बाद छल-प्रपंच जैसे हथकंडे अपनाते हुए चुनाव लड़ती है। उन्होंने कहा कि इस बार के चुनाव में बीजेपी ने एसआईआर को अपना हथियार बनाया।

इसके साथ ही चुनाव आयोग ने भाजपा के एजेंट के तौर पर काम किया, लेकिन राहुल गांधी के नेतृत्व में धर्मनिरपेक्ष ताकतें एकजुट होंगी और आने वाले समय में भाजपा का सफाया होगा। उन्होंने कहा कि सत्य का सूरज थोड़ी देर बादलों में छुप गया है लेकिन सवेरा होकर रहेगा। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि इन विधानसभा चुनाव के परिणाम का कोई भी असर झारखंड में नहीं पड़ेगा।

इधर, भाजपा नेता और रघुवर सरकार में मंत्री रह चुके रणधीर सिंह ने पश्चिम बंगाल में भाजपा के प्रचंड जीत को वहां की जनता का जीत बताया है। उन्होंने कहा कि अब डबल इंजन की सरकार के द्वारा पश्चिम बंगाल का तीव्र विकास होगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बलों और चुनाव आयोग ने जो भयमुक्त वातावरण तैयार किया। जिससे लोगों ने बढ़ चढ़कर मतदान किया, जिसका परिणाम सामने है। उन्होंने कहा कि असम और पुडुचेरी में भी भाजपा की शानदार जीत हुई है। रणधीर सिंह ने कहा कि पहले ओडिशा फिर पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी की जीत एक झांकी है और अब झारखंड बाकी है।

## उपायुक्त ऋतुराज ने गूगल मीट के जरिए से बिजली-पानी व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की



**रामगढ़ , एजेंसी।** रामगढ़ जिले में मंगलवार को उपायुक्त ऋतुराज ने गूगल मीट के माध्यम से बिजली और पेयजल आपूर्ति को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस दौरान जिले में बिजली की उपलब्धता और जलापूर्ति से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

पेयजल आपूर्ति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले में पानी की किल्लत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत में तेजी लाने और पाइपलाइन के लीकेज को तुरंत ठीक करने को कहा। साथ ही जरूरत पड़ने पर टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। खराब ट्रांसफार्मरों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द बदलने को कहा गया।

उपायुक्त ने कंट्रोल रूम के माध्यम से मिलने वाली शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं में लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय कर कार्रवाई की जाएगी।

समीक्षा के दौरान सभी जूनियर इंजीनियर और सहायक इंजीनियर को अपने-अपने क्षेत्रों की नियमित मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया।

**गढ़वा में बिना डॉक्टर हो रहे थे ऑपरेशन,**

## पैसों के लालच में मरीजों की जान से खिलवाड़




**गढ़वा, एजेंसी।** झारखंड के गढ़वा जिले के चिनिया रोड स्थित आशा किरण अस्पताल में जो चल रहा था, वह इलाज नहीं बल्कि मरीजों की जिंदगी के साथ सरेआम खिलवाड़ है। सदर एसडीएम संजय कुमार की छापेमारी में एक ऐसी डरावनी हकीकत सामने आई, जिसने स्वास्थ्य व्यवस्था पर एक बार फिर से सवालिया निशान लगा दिया हैं। अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर चालू था, मरीज भर्ती थे, लेकिन उन्हें भगवान भरोसे छोड़कर पूरा डॉक्टर स्टाफ मौजूद नहीं थे।

एसडीएम की जांच में खुलासा हुआ कि अस्पताल केवल कागजों पर चल रहा है। जिस डॉक्टर के नाम पर अस्पताल का रजिस्ट्रेशन है, वे श्री वंशीधर नगर उंटारी ट्रॉमा सेंटर में सरकारी सेवा दे रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि बिना किसी विशेषज्ञ चिकित्सक के ही अस्पताल में सर्जरी की जा रही थी। कुछ रुपए के लालच में मरीजों को ऐसी स्थिति में रखा गया था जहां उनकी जान को खतरा हो सकता था।

एसडीएम को जांच के दौरान अस्पताल में भारी अनियमितताएं मिलीं, जो इस प्रकार हैं लेटर पैड पर 'बी। कुमार' और 'एम। सिंह' जैसे संदिग्ध नाम लिखे थे, जिनकी डिग्रियों का कोई अता-पता नहीं है। फरवरी के बाद से अस्पताल ने कोई रिकॉर्ड ही नहीं रखा कि कितने मरीज आए और उनका क्या हुआ। अस्पताल के भीतर चल रही दवा दुकान के पास भी कोई वैध लाइसेंस नहीं था।

अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर पूरी तरह अव्यवस्थित था और वहां कोई जिम्मेदार व्यक्ति मौजूद नहीं था। सर्जरी करा चुके मरीज वहां भर्ती थे, लेकिन उनकी देखभाल के लिए कोई योग्य चिकित्सक मौजूद नहीं था। एसडीएम ने कहा कि यह सिर्फ नियमों का उल्लंघन नहीं, बल्कि आपराधिक लापरवाही है। मरीजों की सुरक्षा के साथ ऐसा खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

क्लिनिकल एस्टैब्लिशमेंट एक्ट के तहत इस अस्पताल पर कठोरतम कार्रवाई के लिए सिविल सर्जन को निर्देशित किया गया है। एसडीएम की इस कार्रवाई के बाद गढ़वा के उन निजी अस्पतालों में खलबली मच गई है जो नियमों को तोड़कर क्लिनिक चला रहे हैं। प्रशासन के इस खुलासे के बाद अब शहर के लोग भी निजी अस्पतालों की कार्यशैली को लेकर आक्रोशित हैं।

## अंडर- 23 एशियाई कुश्ती: झारखंड के अमित गोप के चयन से खुशी की लहर



**रांची, एजेंसी।** झारखंड के लिए एक और गर्व का क्षण सामने आया है। राज्य के उभरते हुए पहलवान अमित गोप का चयन अंडर-23 सीनियर एशियाई कुश्ती प्रतियोगिता-2026 के लिए भारतीय टीम में हुआ है।

यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता इस वर्ष वियतनाम में आयोजित होने जा रही है, जहां एशिया के कई देशों के बेहतरीन पहलवान अपनी ताकत और तकनीक का प्रदर्शन करेंगे। अमित गोप 77 किलोग्राम ग्रीको रोमन वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

अमित गोप की इस उपलब्धि से पूरे झारखंड में खुशी की लहर है। यह चयन न केवल उनकी व्यक्तिगत मेहनत और लगन का परिणाम है, बल्कि राज्य में कुश्ती के बढ़ते स्तर और खिलाड़ियों की निरंतर प्रगति का भी प्रमाण है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण और अनुशासन के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। झारखंड राज्य कुश्ती संघ और खेल प्रेमियों ने अमित गोप को इस बड़ी उपलब्धि पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

संघ के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया है कि अमित वियतनाम की मैट पर शानदार प्रदर्शन करेंगे और अपने खेल से देश-प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि अमित जैसे खिलाड़ी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा हैं, जो यह दिखाते हैं कि कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

अमित गोप ने भी अपने चयन पर खुशी जताते हुए कहा कि यह उनके लिए गर्व की बात है कि उन्हें देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। उन्होंने अपने कोच, परिवार और संघ का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग और मार्गदर्शन से वे इस मुकाम तक पहुंचे हैं। अब उनका लक्ष्य प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर पदक जीतना और भारत का तिरंगा लहराना है।

इस उपलब्धि ने झारखंड के खेल जगत को नई ऊर्जा दी है। उम्मीद की जा रही है कि अमित गोप वियतनाम में होने वाली इस प्रतियोगिता में अपने दमदार प्रदर्शन से देश को गौरवान्वित करेंगे और आने वाले खिलाड़ियों के लिए एक नई मिसाल कायम करेंगे।

## धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में आयोजनों से खिलाड़ियों की बढ़ी परेशानी, क्रिकेटर्स ने उठाए सवाल



**धनबाद, एजेंसी।** शहर के बीचो-बीच स्थित गोल्फ ग्राउंड यानी रणधीर वर्मा स्टेडियम, जो क्रिकेट खिलाड़ियों की प्रैक्टिस के लिए एकमात्र प्रमुख स्थान है, अब लगातार आयोजनों की वजह से चर्चा में है। यहां पुस्तक मेला के बाद अब डिज्नी लैंड मेले की तैयारी चल रही है। जिससे खिलाड़ियों को अभ्यास में भारी परेशानी हो रही है।

धनबाद के क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए रणधीर वर्मा स्टेडियम वर्षों से अभ्यास का मुख्य केंद्र रहा है। लेकिन हाल के दिनों में इस मैदान में लगातार विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। जिससे खिलाड़ियों की नियमित प्रैक्टिस बाधित हो रही है। खिलाड़ियों का कहना है कि अंडर-15 और अंडर-16 के खिलाड़ी यहां लंबे समय से अभ्यास करते आ रहे हैं। लेकिन हर बार मेले या अन्य कार्यक्रम के कारण उन्हें मैदान से दूर होना पड़ता है। हाल ही में पुस्तक मेला समाप्त हुआ है और अब डिज्नी लैंड मेले की तैयारी शुरू हो गई है।

आयोजनों को लेकर क्रिकेट कोच का कहना है कि जैसे पढ़ाई में बाधा आने से छात्रों पर असर पड़ता है, वैसे ही खिलाड़ियों की प्रैक्टिस रुकने से उनके प्रदर्शन पर सीधा असर पड़ता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे आयोजनों के लिए वैकल्पिक स्थान तय किया जाए, ताकि खिलाड़ियों को परेशानी न हो। कोच का कहना है कि लगातार प्रैक्टिस जरूरी है, लेकिन आयोजनों के कारण मैदान नहीं मिल पाता है, जिससे प्रदर्शन प्रभावित होता है।

वहीं इस मामले पर उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि खिलाड़ियों की सुविधा को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लिए तीन से चार वैकल्पिक मैदानों का चयन किया जा रहा है, जहां भविष्य में मेले और अन्य आयोजन कराए जाएंगे। डीसी ने कहा कि अगले 15 दिनों में वैकल्पिक व्यवस्था पूरी कर ली जाएगी। जिससे खिलाड़ियों को किसी तरह की परेशानी न हो। अब देखना होगा कि प्रशासन कितनी जल्दी वैकल्पिक व्यवस्था लागू करता है, ताकि खिलाड़ियों की प्रैक्टिस प्रभावित न हो और उनका प्रदर्शन बेहतर बना रहे।

## बारिश ने खोली लापरवाही की पोल, ओवरब्रिज बना तालाब, अंधेरे और पानी भरने से लोग परेशान



**नोवामुंडी, एजेंसी।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के नोवामुंडी में देर रात हुई बारिश ने मौसम को सुहाना बना दिया है। लोगो को गर्मी से राहत मिल गई है। वहीं, दूसरी ओर शहर की व्यवस्थाओं की पोल खोल कर रख दी। हल्की बारिश के बाद ही जगह-जगह जलजमाव की स्थिति बन गई, लेकिन सबसे ज्यादा परेशानी ओवरब्रिज पर देखने को मिली, जहां पानी जमा होने से राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ओवरब्रिज पर पानी निकालने के लिए बनाए गए सभी होल पूरी तरह जाम पड़े हैं। यही कारण है कि मामूली बारिश में भी पुल के ऊपर पानी भर जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते निकासी की व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई, तो लगातार पानी का भर जाने से ओवरब्रिज की बनावट को भी नुकसान पहुंच सकता है।

स्थिति को और गंभीर बनाती है ब्रिज पर खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटें। पिछले कई महीनों से 17 से अधिक लाइटें बंद पड़ी हैं, जिससे रात के समय पुल का एक हिस्सा पूरी तरह अंधेरे में डूबा रहता है। इससे हादसे की आशंका बनी रहती है, इसके बावजूद अब तक मरम्मत की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। हैरानी की बात यह है कि हर दिन टाटा स्टील के वेंडर द्वारा सफाई कार्य किया जाता है, लेकिन पानी निकालने की मुख्य समस्या अभी भी वैसी ही बनी हुई है।

उधर, काली पूजा पंडाल के पास स्थित पीसीसी रोड की हालत भी कुछ अलग नहीं है। वहां भी हल्की बारिश में पानी जमा होकर सड़क कोतालाब में बदल देता है, जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने और खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराने की मांग की है, जिससे आने वाले समय में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

## रांची में 6.5 करोड़ से ज्यादा किराया बकाया, ननि ने 258 दुकानदारों पर कसा शिकंजा




**रांची, एजेंसी।** राजधानी में नगर निगम की दुकानों का किराया नहीं चुकाने वाले दुकानदारों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई की तैयारी शुरू हो चुकी है। नगर निगम के आंकड़ों के मुताबिक, शहर के विभिन्न बाजारों में स्थित निगम की दुकानों से कुल 6,51,07,748 रुपये से अधिक का किराया बकाया हो चुका है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए निगम प्रशासन ने 258 डिफॉल्टर दुकानदारों की सूची जारी कर दी है, जिन्होंने लंबे समय से किराया जमा नहीं किया है।

रांची नगर निगम की ओर से बताया गया है कि इन दुकानदारों को कई बार नोटिस और चेतावनी दी गई लेकिन इसके बावजूद बकाया भुगतान को लेकर अपेक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिली है। कुछ मामलों में तो दुकानदारों पर लाखों रुपये तक का किराया बकाया है, जो निगम की वित्तीय व्यवस्था पर सीधा असर डाल रहा है।

वहीं निगम अधिकारियों का कहना है कि दुकानों से मिलने वाला किराया निगम की आय का एक अहम भाग होता है। इसी राशि से शहर में सड़क निर्माण, सफाई व्यवस्था, जलापूर्ति और अन्य बुनियादी सुविधाओं को संचालित किया जाता है। ऐसे में लगातार बढ़ते बकाया के कारण विकास कार्यों की गति प्रभावित हो रही है।

अब नगर निगम ने स्पष्ट कर दिया है कि बकायेदारों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। अंतिम चेतावनी जारी करते हुए कहा गया है कि यदि जल्द ही किराया जमा नहीं किया गया, तो संबंधित दुकानों को सील किया जाएगा और उनका आवंटन रद्द कर दिया जाएगा।

इसके साथ ही कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया भी शुरू की जा सकती है। जिन दुकानदारों पर अधिक बकाया है, उनके खिलाफ प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। दूसरी ओर कुछ दुकानदार आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए निगम से राहत और समय की मांग कर रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि पिछले कुछ समय में व्यापार प्रभावित रहा, जिसके कारण वे समय पर भुगतान नहीं कर सके। हालांकि निगम प्रशासन का मानना है कि अब परिस्थितियां सामान्य हो चुकी हैं और बकाया भुगतान में देरी को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

इस बीच नगर निगम ने डिफॉल्टर दुकानदारों की सूची अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर सार्वजनिक कर दी है। इसमें दुकानदारों के नाम, दुकान का स्थान और बकाया राशि का पूरा विवरण दिया गया है। इस कदम के बाद कई दुकानदारों में हलचल देखी जा रही है और वे बकाया चुकाने के लिए निगम कार्यालय पहुंच रहे हैं ताकि किसी भी तरह की सख्त कार्रवाई से बचा जा सके।

नगर निगम की संपत्तियों से मिलने वाला किराया शहर के विकास का महत्वपूर्ण आधार है। बार-बार नोटिस देने के बावजूद कई दुकानदारों द्वारा बकाया नहीं चुकाना गंभीर विषय है। अब डिफॉल्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी यदि जल्द भुगतान नहीं किया गया तो दुकानों को सील करने, आवंटन रद्द करने और कानूनी कार्रवाई से भी पीछे नहीं हटेंगे साथ ही जिन पर अधिक बकाया है, उनके खिलाफ प्राथमिकता के आधार पर कदम उठाए जाएंगे।

# इस बार तीन हिस्सों में बंटा नैनीजोर का पीपा पुल

## पिछले हफ्ते भी आंधी में दो हिस्सों में बंटा था यह पुल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बक्सर**। बिहार और उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाला गंगा पर बना नैनीजोर का पीपा पुल सोमवार की शाम तेज आंधी के चलते तीन हिस्सों में बंट गया।

इस घटना से दोनों राज्यों के बीच संपर्क पूरी तरह बाधित हो गया, जबकि पुल के बीचों-बीच कई छोटे वाहन फंस गए। आवागमन ठप पड़ा है।

जानकारी के अनुसार, ब्रह्मपुर प्रखंड के नैनीजोर गांव स्थित बिहार घाट पर बिहार राज्य पुल निर्माण निगम द्वारा पीपा पुल का निर्माण कराया गया है, जो स्थानीय लोगों के लिए लाइफलाइन माना जाता है। लेकिन तेज हवा के दबाव को पुल झेल नहीं सका और पीपा सेट अलग-अलग होकर तीन भागों में बिखर गया,

- पुल के बीचो-बीच फंसे कई छोटे वाहन
- जनप्रतिनिधियों ने उठाये गुणवत्ता पर सवाल

एक हिस्सा इस पार, दूसरा उस पार और तीसरा बीच धारा में रह गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आंधी के दौरान पुल पर अफरा-तफरी मच गई। कई बाइक और छोटे वाहन बीच में ही फंस गए।

घटना के बाद से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। पंचायत के पूर्व मुखिया राजकिशोर प्रसाद और नवनाथ तिवारी ने आरोप लगाया कि पुल निर्माण में मानकों की अनदेखी की गई है।

उनका कहना है कि पर्याप्त संख्या में लंगर नहीं डाले गए, जिसके कारण तेज हवा का दबाव पड़ते ही पीपा सेट खिसक जाता है।

गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है जब यह पुल टूटा हो। पिछले गुरुवार को भी तेज आंधी में यह दो हिस्सों में बंट गया था, जिससे घंटों यातायात बाधित रहा था।

फिलहाल विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचकर पुल को दुरुस्त करने में जुटे हैं। हालांकि, जब तक मरम्मत कार्य पूरा नहीं हो जाता, तब तक बिहार और यूपी के बीच इस मार्ग से आवाजाही संभव नहीं हो पाएगी।

## खौलते दूध में गिरी बच्ची, गंभीर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा**। जिले के ककोढ़ा गांव में शादी कार्यक्रम के दौरान मिठाई के लिए खौल रहे दूध के कड़ाह में गिरने से एक पांच साल की बच्ची जलकर गंभीर रूप से जख्मी हो गई। बच्ची को गंभीर हालत में डीएमसीएच में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया, जहां डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया है। बच्ची के पिता ने बताया कि बुधवार को उनके भाई की बेटी की शादी के लिए दरवाजे पर मिठाई बनाई जा रही थी। इस दौरान उनकी बेटी दूध के कड़ाह में गिर जाने से जल गई।

बच्ची के पिता अरुण पोद्दार ने बताया कि उन्हें दो बेटियां और एक बेटा है, जिसमें प्रिशा तीसरे नंबर पर है। उन्होंने बताया कि 6 मई को उनकी भतीजी की शादी होने वाली है। घर में महिलाएं तैयारी में जुटी हुई हैं, जबकि घर के बाहर दरवाजे पर मिठाई बनाई जा रही थी।

दरवाजे पर हलवाई द्वारा दूध खौलाया जा रहा था। इसी दौरान बच्ची खेलते-खेलते गर्म दूध के कड़ाह में गिरकर बुरी तरह जल गई।

# बुनियादी शिक्षा को धार देने के लिए कार्यशाला का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। प्रखंड संसाधन केंद्र मदनपुर के प्रांगण में बच्चों की बुनियादी शिक्षा को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान पर एक दिवसीय कार्यशाला सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में कक्षा 4, 5 और 6 के छात्रों के शैक्षणिक स्तर को बेहतर बनाने पर विशेष मंथन किया गया। मिशन 2026 की थीम हर बच्चा होगा साक्षर और अंक-दक्ष के तहत निपुण । राज्यव्यापी अभियान के तहत आयोजित इस गैर-आवासीय प्रशिक्षण में मदनपुर प्रखंड के कुल 19 स्कूल कॉम्प्लेक्स के सहयोगी कर्मियों और रिसोर्स पर्सन्स ने भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा बुनियादी कौशल में पीछे न छूटे। प्रशिक्षण में मुख्य सत्र का फोकस,खेल-खेल में शिक्षा, प्रभावी शिक्षण तकनीक और छात्रों की संख्यात्मक दक्षता में सुधार पर किया गया।

मौके पर प्रखंड के सभी संकुल संरक्षक, संकुल समन्वयक और चयनित रिसोर्स पर्सन उपस्थित थे। प्रथम संस्था के सदस्य राकेश कुमार गुप्ता ने आधुनिक शिक्षण विधियों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला को सफल बनाने में प्रखंड के शिक्षा विभाग के प्रमुख स्तंभों ने सक्रिय भूमिका निभाई। मौके पर श्याम कुमार लेखपाल, मदनपुर,विजय कुमार सिंह समावेशी शिक्षा अरविंद कुमार, संदीप कुमार, उदय कुमार एवं अन्य शिक्षाविद मौजूद रहे। शिक्षा की नींव जितनी मजबूत होगी, भविष्य उतना ही उज्ज्वल होगा।

# छात्र-छात्राओं को बांटी गई शैक्षणिक सामग्री



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मांझी (सारण)**। उत्क्रमित मध्य विद्यालय, दुधैला में बबन कुंवर सेवा समिति की ओर से छात्र-छात्राओं के लिए शैक्षणिक सहयोग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों को पढ़ाई में सहूलियत प्रदान करने के उद्देश्य से आवश्यक शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई।

कार्यक्रम के तहत सभी विद्यार्थियों को कॉपी आदि लेखन सामग्री दी गई, वहीं नाश्ते के रूप में बिस्किट भी प्रदान किए गए। इस पहल से छात्रों में उत्साह देखा गया और विद्यालय का माहौल सकारात्मक बना रहा।

इस अवसर पर मांझी प्रखंड जदयू नेता दयानंद सिंह, विद्यालय के प्रधानाध्यापक धनंजय सिंह, शिक्षक वीरेंद्र सिंह, सचिन गिरि, बबन कुंवर सेवा समिति के सचिव अमित कुमार सिंह, सदस्य धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में विद्यालय प्रशासन व समिति के प्रतिनिधियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास विद्यालय व विद्यार्थियों में शैक्षणिक विकास के लिए बेहद जरूरी हैं और भविष्य में भी इस तरह के सहयोग की आवश्यकता बनी रहेगी।

# होटल के कमरे से 30 वर्षीय युवक की लाश बरामद

## गर्ल फ्रेंड के साथ ठहरा था होटल में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना**। बाइपास बस स्टैंड के नजदीक स्थित रुद्र होटल में 30 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि संतोष कुमार अपनी महिला मित्र चंचल कुमारी उर्फ रिया के साथ होटल में ठहरा हुआ था। सूचना मिलते ही रामकृष्ण नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज भेज दिया। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

इस संबंध में सदर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी-2 रंजन कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान जहानाबाद निवासी संतोष कुमार के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों ने उसकी महिला मित्र पर हत्या का आरोप लगाया है, जिसके आधार पर पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, होटल कर्मियों ने ही घटना की जानकारी रामकृष्ण नगर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस जब मौके पर पहुंची तो युवक का शव कमरे में पंखे से चादर के सहारे लटका हुआ पाया गया।

रामकृष्ण नगर थानाध्यक्ष के अनुसार, महिला मित्र ने अपने बयान में कहा है कि वह सो रही थी और उसे इस बात की जानकारी नहीं हो सकी कि संतोष कुमार ने कब फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उसने बताया कि जब उसकी नींद खुली तो संतोष कुमार फंदे से लटका हुआ था और उसकी मौत हो चुकी थी।

वहीं, पटना सदर डीएसपी-2 रंजन कुमार ने बताया कि युवक ने शाम में अपनी महिला मित्र के साथ होटल में कमरा लिया था और देर रात उसकी संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। महिला मित्र आत्महत्या की बात कह रही है, जबकि मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है।

पुलिस ने एफएसएल टीम को बुलाकर मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो पाएगा।

फिलहाल पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है और परिजनों के आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आंधी पानी ने मचायी तबाही

**मुंगेर**। मुंगेर जिले के धरहरा प्रखंड में मौसम के बदले मिजाज ने भारी तबाही मचाई है। तेज आंधी और मूसलाधार बारिश ने क्षेत्र में जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। कहीं गरीबों के सिर से छत छिन गई, तो कहीं विशाल पेड़ों और बिजली के उपकरणों के धराशायी होने से बुनियादी सुविधाएं ठप हो गईं। कुदरत के इस कहर ने प्रशासन की तैयारियों और ग्रामीण बुनियादी ढांचे की मजबूती की पोल खोल दी है। आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि खर्राट मुसहरी निवासी बौधु सदा के अरमानों का आशियाना तिनके की तरह उड़ गया। झोपड़ी उड़ जाने के कारण बौधु सदा का परिवार अब खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। इस भीषण आपदा ने एक गरीब परिवार के सामने रोजी-रोटी के साथ-साथ सिर छिपाने का गंभीर संकट पैदा कर दिया है। अंधेरे में डूबा खुजरिया, प्रकृति के इस तांडव से बिजली विभाग को भी भारी नुकसान हुआ है। खुजरिया में बिजली का ट्रांसफार्मर गिर जाने से पूरे इलाके की बिजली ठप हो गई।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपित को 25 वर्ष की सजा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ**। जिला न्यायालय के चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह विशेष पॉक्सो न्यायाधीश प्रकाश कुमार सिन्हा की अदालत ने नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के मामले में दोषी करार दिए गए आरोपित को कड़ी सजा सुनाई है। हरनौत थाना क्षेत्र निवासी आरोपित को 25 वर्ष के कठोर कारावास के साथ 25 हजार रुपये जुमार्ना अदा करने का आदेश दिया गया है। जुमार्ना नहीं देने पर उसे 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अदालत ने पीड़िता प्रतिकर अधिनियम के तहत पीड़िता को 5 लाख रुपये मुआवजा देने का भी निर्देश दिया है। इसमें पूर्व में दिए गए अंतरिम मुआवजे को समायोजित किया जाएगा। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष पॉक्सो लोक अभियोजक जगतनारायण सिन्हा, अधिवक्ता वीरमणि कुमार एवं मुश्तरी जवीं ने बहस की। सुनवाई के दौरान कुल छह गवाहों का परीक्षण किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, हरनौत थाना में 9 मई 2024 को पीड़िता के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। घटना छह अप्रैल की बताई गई है, जब 11 वर्षीय छात्रा स्कूल परिसर में थी।

उसी दौरान आरोपित उसे बहला-फुसलाकर एकांत स्थान पर ले गया और अपराध को अंजाम दिया। मामले की जांच एसआई मौसम कुमारी ने की थी।


**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली निविदा सूचना सं.: 09-**एसडीएसटीई-एएसएन-2026-27, दिनांक** 04.05.2026 के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** "आसनसोल मंडल -ओईएम/ओईएम के अधिकृत डीलर द्वारा मोहनपुर, हरलाटांड़ स्टेशनों और सीतारामपुर-बराकर ऑटो सेक्शन में दो वर्षों के लिए एल्डाइन प्रस्तुतकारक मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर (एमएसडीएसी) का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी)"। **निविदा मूल्य:** रु. 59,36,918.08, **बयाना राशि:** रु. 1,18,700/-, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 24 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 28.05.2026 को 15.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: http://www.ireps. gov.in**

ASN-51/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways. gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# स्ट्रीट फूड कल्चर का बढ़ता क्रेज

## युवाओं की सेहत पर मंडरा रहा संकट




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची**। शहर में तेजी से बढ़ रहे स्ट्रीट फूड कल्चर ने खासकर युवाओं और छात्रों की सेहत को लेकर चिंता बढ़ा दी है। रांची के विभिन्न बाजारों और सड़कों के किनारे अब एक हजार से अधिक फूड वेंडर सक्रिय हैं। शाम होते ही इन ठेलों पर भीड़ उमड़ पड़ती है, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र शामिल होते हैं।

कम कीमत और आसानी से उपलब्ध होने के कारण फास्ट फूड, विशेष रूप से चाइनीज व्यंजन, युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय हो गए हैं। लेकिन इन खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। कई वेंडर खुले में खाद्य सामग्री रखते हैं, साफ-सफाई के नियमों का पालन नहीं करते और संदिग्ध पानी का इस्तेमाल करते हैं, जिससे स्वास्थ्य पर खतरा बढ़ जाता है। सिविल सर्जन, सदर अस्पताल रांची, के अनुसार अस्वच्छ वातावरण में तैयार भोजन से पेट संबंधी बीमारियां, संक्रमण और फूड पॉइजनिंग जैसी समस्याएं हो सकती हैं। उन्होंने लोगों से सावधानी बरतने और सुरक्षित भोजन करने की अपील की है। वहीं, खाद्य सुरक्षा विभाग का कहना है कि वेंडरों की समय-समय पर जांच की जाती है और बिना लाइसेंस चलने वाले प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, जमीनी स्तर पर निगरानी की कमी साफ नजर आती है।अलबर्ट एक्का चौक, मोरहाबादी मैदान, डोरंडा चौक, बिरसा चौक, पिस्का मोड़ और रातू रोड स्ट्रीट फूड के बड़े केंद्र बन चुके हैं। ऐसे में प्रशासन के साथ-साथ लोगों को भी अपनी सेहत को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है।

## पंचायत चुनाव की प्रक्रिया तेज

**अररिया**। बिहार में प्रस्तावित पंचायत आम निर्वाचन 2026 की तैयारियों के बीच राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रपत्र-1 का प्रारूप जारी कर दिया है। इसी क्रम में सिकटी प्रखंड मुख्यालय में इसका औपचारिक प्रकाशन किया गया। यह दस्तावेज पंचायत चुनाव में आरक्षण निर्धारण की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण आधार माना जा रहा है। राज्य निर्वाचन आयोग ने 4 मई को प्रपत्र-1 का प्रारूप जारी किया। इसके साथ ही आरक्षण निर्धारण की पूरी समय-सारणी भी घोषित कर दी गई है। परवेज आलम ने बताया कि पंचायत आम निर्वाचन 2026 के तहत ग्राम पंचायत सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य, ग्राम कचहरी पंच और सरपंच पदों के लिए यह प्रक्रिया शुरू की गई है। प्रपत्र-1 वर्ष 2011 की जनसंख्या के आधार पर तैयार किया गया है। इसमें प्रत्येक राजस्व ग्राम की आबादी का विस्तृत विवरण शामिल है। इसी आंकड़े के आधार पर तय किया जाएगा कि कौन-सी पंचायत या वार्ड सीट महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग या सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित होगी।

# दरभंगा में फर्जी आधार कार्ड बनाने का बक्सर पुलिस ने किया भंडाफोड़

## तीन लैपटॉप सहित कई डिजिटल सामान बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा** । दरभंगा में फर्जी आधार कार्ड बनाने के मामले में एक की गिरफ्तारी हुई है। उसका कनेक्शन बक्सर से पाया गया है। साइबर अपराध की जांच में पुलिस को ऐसे तकनीकी सुराग मिले, जिनके तार दरभंगा के बिरौल के ग्यारी निवासी फूल हसन से जुड़े थे।

बक्सर पुलिस उसे गिरफ्तार कर ले गई है। वह इस नेटवर्क का अहम सदस्य है। उसके पास से तीन लैपटाप, आइरिस स्कैनर, तीन क्लोन्ड फिंगरप्रिंट मशीन, प्रिंटर आदि कई डिजिटल सामान बरामद किए गए हैं।

जांच में पता चला है कि आधार पंजीकरण केंद्र को पूरी तरह से हैक एवं बाइपास कर राज्य में संचालित किया जा रहा है। इसमें सबसे पहले भोजपुर के पिरो थाना क्षेत्र के रजियरा निवासी संजय कुमार सिंह उर्फ रिटू को गिरफ्तार किया गया था।

फिर दरभंगा सहित मधुबनी में छापेमारी की गई। हालांकि, मधुबनी के फूलपरास निवासी ऋषिकेश कुमार साफी अब भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। वहीं जांच दौरान फूल हसन के लैपटाप में एक ऐसा सोर्स कोड मिला है, जिससे यूआईडीएआई की आधिकारिक वेबसाइट से छेड़छाड़ कर बिना मानक को पूरा किए हुए आधार कार्ड बना दिया जाता था। वह फिंगरप्रिंट और रेटिना के कालम को बाइपास कर देता था। इसी पैटर्न पर फूल हसन बिरौल के कोटी पुल चौक पर एक कमरे में रहकर सैकड़ों लोगों का ना सिर्फ आधार कार्ड बनाने का काम किया, बल्कि पूर्व के बने कार्ड में सुधार भी किया है।

# बुनियादी सुविधाओं से रेल यात्री वंचित

## प्लेटफार्म पर शौचालय तक की सुविधा नहीं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा**। केंद्र सरकार रेलवे के माध्यम से रेल यात्रियों की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का दावा करती है। यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। लेकिन नवादा स्टेशन की स्थिति इसके उलट है। यहां रेल यात्रियों को कई बुनियादी सुविधाएं अब तक नहीं मिल पाई है। अगर हम किउल-गया रेलखंड पर स्थित नवादा रेलवे स्टेशन पर एक नजर डालें तो इस रेलखंड पर नवादा प्रमुख स्टेशन है। जिसे विभागीय स्तर अमृत भारत स्टेशन के लिए चयन किया गया है।

किउल-गया रेलखंड के नवादा स्टेशन पर हाल के दिनों में केंद्र सरकार द्वारा रेलवे विभाग के माध्यम से दोहरीकरण, विद्युतीकरण से लेकर यात्रियों की सुविधा के लिए कई पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव नवादा स्टेशन पर किया है। यहां तक की इस रेलखंड से होकर वंदे भारत जैसे हाई स्पीड एक्सप्रेस ट्रेन वाराणसी से देवघर तक परिचालित किया जा रहा है। लेकिन यात्री सुविधाओं की बात करें तो कई सुविधाएं अब भी नदारद हैं। यात्री सुविधाओं की पड़ताल में पाया गया कि मालगोदाम मोहल्ला स्थित नवादा के नए स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य जारी है। फिलहाल यहां ट्रेन चढ़ने के लिए आने वाले यात्री रेल लाइन पार कर एक प्लेटफार्म से दूसरे पर जा रहे हैं। ऐसे में किसी भी समय दुर्घटना हो सकती है।

नवादा रेलवे स्टेशन के एक और दो नंबर प्लेटफार्म पर कई यात्री ट्रेन के इंतजार में बैठे थे। लेकिन शौचालय की व्यवस्था नहीं रहने से कई पुरुष यात्री परेशान दिखे। महिला यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

# मजदूरी की मांग को लेकर हंगामा

## पांच महीने से मजदूरों का बकाया है पारिश्रमिक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर**। बिहार राज्य बीज निगम लिमिटेड के हाजीपुर स्थित कार्यालय में ठेकेदार के अधीन काम कर रहे चार दर्जन से अधिक महिला और पुरुष मजदूरों को पिछले पांच महीनों से मजदूरी नहीं मिली है। भुगतान नहीं होने से मजदूरों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

बकाया मजदूरी की मांग को लेकर आक्रोशित मजदूरों ने मंगलवार को कार्यालय परिसर में जमकर हंगामा किया। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने बताया कि पैसे के अभाव में घर चलाना मुश्किल हो गया है और कई परिवारों के सामने भोजन तक का संकट खड़ा हो गया है।

मजदूरों का आरोप है कि उन्होंने कई बार ठेकेदार नंद बिहारी और कार्यालय में पदस्थ क्षेत्रीय प्रबंधक शशिदेव सिंह से गुहार लगाई, लेकिन उनकी बात नहीं सुनी गई। हंगामे की सूचना पर जब शशिदेव सिंह मौके पर पहुंचे, तो मजदूरों ने उनसे सीधे भुगतान की मांग की। इस दौरान कथित तौर पर उन्होंने मजदूरों को ठेकेदार के पास जाने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया।

स्थानीय महिला मजदूर गीता देवी ने बताया कि वह झाड़ू-पोंछा का काम कर अपने बच्चों का पालन-पोषण करती हैं। पति के निधन के बाद यही उनकी आय का एकमात्र साधन है।

उन्होंने कहा कि कई महीनों से मजदूरी नहीं मिलने के कारण अब राशन तक उधार मिलना बंद हो गया है। स्थिति से नाराज मजदूरों ने काम बंद कर हड़ताल शुरू कर दी है। उनका कहना है कि जब तक बकाया मजदूरी का भुगतान नहीं होगा, तब तक वे काम पर वापस नहीं लौटेंगे।

## नर्सिंग होमों पर कसा शिकंजा

**समस्तीपुर**। जिले में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी कड़ी में ताजपुर प्रखंड के 16 नर्सिंग होम संचालकों को अंतिम नोटिस जारी करते हुए तीन दिनों के भीतर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है। सिविल सर्जन ने संबंधित संचालकों को तृतीय और अंतिम स्मार पत्र भेजा है। इससे पहले भी दो बार स्पष्टीकरण मांगा गया था, लेकिन किसी ने जवाब नहीं दिया। विभाग ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए अब कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। अक्टूबर में पीएचसी ताजपुर की टीम ने विभिन्न नर्सिंग होम की जांच की थी। विभाग का कहना है कि बिना जरूरी संसाधनों और मानकों के मरीजों का इलाज करना उनके जीवन को खतरे में डालना है।


**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**सं.सीओएम/पीयूबी/पीआरओ/ई-ऑक्शन/2025** **दिनांक:04.05.2026**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार है: **कैटलॉग सं. एएसएन-एमएसएस-15-05, नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** दिनांक 15.05.2026 को 12.00 बजे। **क्रम सं., लॉट सं., विवरण** निम्नानुसार हैं: **एए/1, एमएसएस-एएसएन-डीजीएचआर-एमएसीएचआर-31-25-1** (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-रिलैक्सेशन चेयर), रफ स्केच प्लान में दर्शित निर्दिष्ट स्थान पर देवघर स्टेशन प्लेटफॉर्म नं. 01 पर रिलैक्सेशन चेयर की स्थापना एवं परिचालन। **एए/2, एमएसएस-एएसएन-एएसएनजे-एमएसीएचआर-44-25-1** (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-रिलैक्सेशन चेयर), आसनसोल स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं. 02 पर रिलैक्सेशन चेयर की स्थापना एवं परिचालन। **एए/3, एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-एमएसीएचआर-116-25-1** (एमआईएससी स्टैटिक-सर्विसेस-रिलैक्सेशन चेयर), रफ स्केच प्लान के अनुसार उत्तरी भाग के बुकिंग कार्यालय के पास रिलैक्सेशन चेयर की स्थापना एवं परिचालन। **एबी/1, एमएसएस-एएसएन-डीयूएमके-एमईडीएसटीएन-158-26-1** (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-स्टेशन में चिकित्सा सुविधाएं), दुमका स्टेशन पर मेडिकल स्टोर की स्थापना एवं परिचालन। **एसी/1, एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-एसएस-32-25-1** (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-सलोन सेवाएँ), रफ स्केच प्लान में चिह्नित स्थान पर दुर्गापुर स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में सलोन सेवाओं की स्थापना एवं परिचालन। **एडी/1, एमएसएस-एएसएन-आरएनजी-एसटीजीईएन-149-26-2** (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-स्टैटिक जनरल), स्केच प्लान के अनुसार रानीगंज स्टेशन (क्षेत्रफल 150 वर्गफीट) में रिटेल स्टोर की स्थापना एवं परिचालन। **एडी/2, एमएसएस-एएसएन-जेएसएमई-एसटीजीईएन-150-26-1** (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-स्टैटिक जनरल), इस कैटलॉग के साथ संलग्न रफ स्केच प्लान के अनुसार प्रत्येक 36 वर्ग फीट के तहत जसीडीह, बैद्यनाथधाम और देवघर स्टेशनों पर ऐप आधारित कैब/बाइक बुकिंग कियोस्क की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव। **एडी/3, एमएसएस-एएसएन-एएसएन-एसटीजीईएन-138-26-1** (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-स्टैटिक जनरल), ईआरईसीएस बैंक के पास आसनसोल में रिटेल स्टोर की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव। **एडी/4, एमएसएस-एएसएन-सीएएम-एसटीजीईएन-148-26-1** (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-स्टैटिक जनरल), संलग्न स्केच प्लान में निर्दिष्ट स्थान पर 120 वर्ग फीट क्षेत्रफल (6 फीट x 20 फीट) के साथ एमडीजेडटीआई/भूली धनबाद में रिटेल स्टोर की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव। **एडी/5, एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-एसटीजीईएन-137-26-2** (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-स्टैटिक जनरल), दुर्गापुर रेलवे स्टेशन में रिटेल स्टोर की स्थापना, परिचालन एवं रखरखाव। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को सूची के अनुसार उक्त ई-नीलामी के संपूर्ण विवरण एवं भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है।

ASN-48/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर भाजपा की तैयारियां तेज

## प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने तैयारियों को लेकर की विस्तृत चर्चा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने आज कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के मंत्रिमंडल का विस्तार सात मई को होने वाला है। इसको लेकर शपथ ग्रहण समारोह पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में होगा जिसको लेकर तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार शामिल होंगे। इस बीच, बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज 7 मई को प्रस्तावित मंत्रिमंडल विस्तार कार्यक्रम तथा पश्चिम बंगाल, असम, पुडुचेरी में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और केंद्रीय गृह मंत्री के पहली बार बिहार आगमन की तैयारियों को लेकर आज प्रदेश कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी भी शामिल हुए। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, संगठनात्मक तैयारियों एवं विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष ने चर्चा के दौरान कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया एवं पूर्व मंत्री सह विधायक नीतीश मिश्रा भी शामिल हुए। बैठक में कार्यक्रम को सफल, सुव्यवस्थित एवं ऐतिहासिक बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सरावगी ने कहा कि इस शपथ ग्रहण समारोह में लोजपा (रामविलास) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा सहित बिहार के अन्य केंद्रीय मंत्री और एनडीए के नेता पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक गांधी मैदान में इस समारोह को लेकर तैयारियां चल रही हैं। यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा जहां राज्यपाल मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। बैठक में बिहार सरकार के कई पूर्व मंत्री, विधायक, विधान परिषद सदस्य, प्रदेश के पदाधिकारी, सभी मोर्चा के अध्यक्ष, जिला प्रभारी भी उपस्थित रहे।

# यात्री सेवा में उत्कृष्ट कार्य के लिए 14 रेलकर्मी हुए सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल में वाणिज्य विभाग के 14 कर्मचारियों को यात्री सेवा एवं नॉलेज एनहैंसमेंट प्रोग्राम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ द्वारा प्रदान किया गया। जानकारी के अनुसार यात्री सेवा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले 10 रेलकर्मियों को सम्मानित किया गया। इन कर्मचारियों ने अपनी ड्यूटी से आगे बढ़कर ईमानदारी और निष्ठा का परिचय देते हुए यात्रियों के खोए सामान, नकदी आदि को वापस किया। इसके साथ ही जरूरतमंद यात्रियों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने और लापता बच्चियों की सहायता जैसे मानवीय कार्य भी किए। सम्मानित कर्मचारियों में उदित शंकर प्रसाद (डिप्टी सीआईटी/राजेंद्रनगर), प्रदीप कुमार सिंह (सीआईटी/राजेंद्रनगर), शशि कुमार (सीनियर टीई/दानापुर), रंजीत कुमार (टीई/दानापुर), सचिन कुमार (कंट्रोल कार्यालय), श्याम बाबू कुमार (टीई/दानापुर), ज्योति कुमारी (सीनियर टीई/दानापुर), जार्ज तिर्की (डिप्टी सीआईटी/पटना), विनोद कुमार एवं संजीत कुमार शामिल हैं। वहीं, नॉलेज एनहैंसमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत प्रशिक्षण के बाद आयोजित मूल्यांकन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चार कर्मियों को भी सम्मानित किया गया। इनमें जितेंद्र कुमार मिश्रा (चीफ बुकिंग क्लर्क/जमुई), पंकज कुमार (चीफ सुपरवाइजर/बुकिंग), संजय राय (चीफ रिजर्वेशन सुपरवाइजर/राजेंद्रनगर) तथा वीरेंद्र कुमार (चीफ रिजर्वेशन सुपरवाइजर/राजेंद्रनगर) शामिल हैं। इस अवसर पर वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ ने कहा कि इन रेलकर्मियों की कर्तव्यनिष्ठा, आत्मविश्वास और सेवा भावना भारतीय रेल की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है और अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिषेक कुमार तिवारी, सहायक वाणिज्य प्रबंधक प्रदीप कुमार, पंकज नयन, विजय कुमार गोंड सहित वाणिज्य विभाग के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# सरायगढ़ और देवघर के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** भागलपुर के पास गंगा नदी पर बने विक्रमशिला सेतु पर यातायात बाधित हो जाने के कारण इस क्षेत्र में गंगा के दोनों ओर के लोगों की सुविधा हेतु मुंगेर रेल पुल के रास्ते पूर्व मध्य रेल द्वारा सरायगढ़ और देवघर के मध्य 01 जोड़ी स्पेशल ट्रेन 05573/05574 सरायगढ़-देवधर- सरायगढ़ स्पेशल चलाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल सुपौल-सहरसा-सिमरी बख्तियारपुर-मानसी-खगड़िया-सबदलपुर-मुंगेर-सुलतानगंज-भागलपुर-बांका के रास्ते परिचालित की जाएगी। गाड़ी सं. 05573 सरायगढ़-देवघर स्पेशल 07.05.2026 से 31.05.2026 तक प्रतिदिन सरायगढ़ से 03.05 बजे खुलकर 03.38 बजे सुपौल, 04.30 बजे सहरसा, 05.00 बजे सिमरी बख्तियारपुर, 05.50 बजे मानसी, 06.00 बजे खगड़िया, 06.18 बजे सबदलपुर, 06.40 बजे मुंगेर, 07.48 बजे सुलतानगंज, 08.30 बजे भागलपुर रूकते हुए 11.20 बजे देवघर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 05574 देवघर-सरायगढ़ स्पेशल 07.05.2026 से 31.05.2026 तक प्रतिदिन देवघर से 11.35 बजे खुलकर 14.20 बजे भागलपुर, 14.55 बजे सुलतानगंज, 16.25 बजे मुंगेर, 17.25 बजे सबदलपुर, 17.50 बजे खगड़िया, 18.16 बजे मानसी, 18.53 बजे सिमरी बख्तियारपुर, 20.40 बजे सहरसा, 21.26 बजे सुपौल रूकते हुए 22.15 बजे सरायगढ़ पहुंचेगी।

# 19 औद्योगिक इकाइयों को 20.04 एकड़ भूमि आवंटित

## 284 करोड़ निवेश से लगभग 1200 रोजगार के अवसरों का सृजन : कुंदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार की प्रोजेक्ट क्लियरेंस कमेटी की बैठक में राज्य के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में आवेदकों को भूमि एवं प्लग एंड प्ले शेड्स आवंटित करने के प्रस्तावों को पीसीसी कमेटी द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। समिति द्वारा राज्य के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में कुल 19 औद्योगिक इकाइयों को 20.04 एकड़ भूमि आवंटित करने का निर्णय लिया गया। यह निर्णय राज्य के औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेगा तथा निवेश और रोजगार सृजन के अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित करेगा। स्वीकृत परियोजनाओं में खाद्य प्रसंस्करण, जूते, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ा, प्लास्टिक, सीबीजी, सामान्य विनिर्माण जैसे विविध क्षेत्र शामिल हैं। ये इकाइयां राज्य के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों आइ ए कुमारबाग, आइजीसी बेगुसराय, आइ ए हाजीपुर इत्यादि में स्थापित की जाएंगी। इन परियोजनाओं के माध्यम से राज्य में लगभग 284 करोड़ के निवेश का अनुमान है जिससे लगभग 1200 लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। प्रमुख स्वीकृत इकाइयों में श्रीनाथ बायोफ्यूल्स, राशिरिशु ग्रुप, लुंबा शू सर्व इंटरप्राइजेज सहित अन्य इकाइयां शामिल हैं। इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर आर्थिक विकास को भी सुदृढ़ किया जाएगा। उद्योग विभाग के सचिव सह बियाडा एवं आइडीए के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार ने कहा कि राज्य सरकार संतुलित एवं समग्र औद्योगिक विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। बियाडा के माध्यम से पारदर्शी एवं समयबद्ध प्रक्रिया के तहत निवेशकों को औद्योगिक भूखंड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही सुदृढ़ अवसंरचना, सुगम प्रक्रियाएं, बेहतर कनेक्टिविटी एवं नीतिगत सहयोग के माध्यम से निवेशकों को अनुकूल वातावरण प्रदान किया जा रहा है, ताकि परियोजनाओं का त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। यह पहल बिहार को निवेश के लिए एक उभरते औद्योगिक गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से कराया अवगत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** मुख्यालय, हाजीपुर में 4 रेलकर्मियों एवं उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

# राज्यभर के विश्वविद्यालयों के हजारों शिक्षकेत्तर कर्मी 15 सूत्री मांगों को लेकर करेंगे आंदोलन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के पारंपरिक विश्वविद्यालयों और करीब 250 अंगीभूत महाविद्यालयों के हजारों शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने अपनी 15 सूत्री लंबित मांगों के समाधान के लिए चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान कर दिया है। वेतन विसंगतियों के निराकरण, पदोन्नति, स्थायीकरण और सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के क्रियान्वयन जैसी प्रमुख मांगों को लेकर कर्मचारियों में लंबे समय से असंतोष है। इसी को देखते हुए महासंघ ने संगठित रूप से बुधवार से दो दिवसीय आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया है। महासंघ की बैठक में सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव के अनुसार कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए अब योजनाबद्ध तरीके से दबाव बनाया जाएगा। महासंघ के मुख्य संरक्षक गंगा प्रसाद झा, अध्यक्ष ब्रजकिशोर सिंह, महामंत्री वेंकटेश कुमार, रोहित कुमार और दीपक कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि वेतन कोषांग की मनमानी, सेवा शर्तों में विसंगतियां, लंबित पदोन्नति और स्थायीकरण जैसे मुद्दे वर्षों से लंबित हैं। कई बार सरकार से आग्रह और संवाद के बावजूद अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है जिससे कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। निर्णय के तहत 6 और 7 मई को राज्यभर के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में शिक्षकेत्तर कर्मचारी कलमबंद हड़ताल पर रहेंगे और सामूहिक धरना देंगे। इसके बाद 20 मई को विश्वविद्यालय मुख्यालयों पर कुलपतियों के समक्ष व्यापक धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। आंदोलन को और व्यापक बनाने के लिए जुलाई में बिहार विधानमंडल के समक्ष राज्यस्तरीय विशाल धरना आयोजित करने की योजना है जिसमें सभी जिलों के कर्मचारी भाग लेंगे। महासंघ ने चेतावनी दी है कि यदि इसके बाद भी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होती है तो अगस्त 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी। महासंघ ने राज्य सरकार से जल्द पहल कर कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने की मांग की है।

# मेडिकल की पढ़ाई के लिए प्रमाणपत्र जारी करने हेतु आवेदन की तिथि 28 मई तक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा प्रदान किये जा रहे विभिन्न हितलाभों में एक हितलाभ बीमित व्यक्तियों के बच्चों के लिए मेडिकल व डेंटल कॉलेजों में नामांकन के लिए आरक्षण भी है। बीमित व्यक्तियों के बच्चों को नीट की परीक्षा के आधार पर इएसआइ के मेडिकल कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में नामांकन हेतु एम.बी.बी.एस. के लिए 695, बी.डी.एस. कोर्स के लिए 28 तथा बीएससी नर्सिंग के लिए कुल 60 सीटों के लिए नोटिस जारी किया गया है जिसकी जानकारी इएसआइसी के वेबसाइट पर उपलब्ध है। कर्मचारी राज्य बीमा निगम, बिहार के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इसके तहत नामांकन के लिए क्षेत्रीय कार्यालय के स्तर से 'वार्ड ऑफ आई.पी प्रमाणपत्र' जारी किया जाता है जिसके लिए अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन करना होता है। क्षेत्रीय निदेशक ने यह भी बताया कि ऑनलाइन आवेदन के लिए लिंक 30 अप्रैल 2026 से प्रभावी हो चुका है तथा 28 मई 2026 तक आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने बीमित व्यक्तियों को समय पर 'वार्ड ऑफ आई.पी प्रमाणपत्र' के लिए आवेदन करने की अपील की जिससे की ससमय प्रमाण पत्र निर्गत करने की प्रक्रिया पूरी हो सके।

# आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय ने 'स्पेस क्लब ऑफ इंडिया' की पहल को दी मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** आर्यभट्ट नॉलेज यूनिवर्सिटी ने अंतरिक्ष शिक्षा, अनुसंधान तथा नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए स्पेस क्लब ऑफ इंडिया के साथ सहयोग के लिए सैद्धांतिक स्वीकति प्रदान की है। इस साझेदारी का मृख्य उद्देश्य राज्य और देश के छात्रों को अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बेहतर अवसर उपलब्ध कराना, उनकी वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें भविष्य की उभरती हुई तकनीकों के लिए तैयार करना है। इस पहल के अंतर्गत कई प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों को आर्यभट्ट सदस्यता नेटवर्क से जोड़ा गया है। इनमें सीमेज, एमजीएम कॉलेज, ब्रैडफोर्ड कॉलेज, जिनवाणी मैनेजमेंट कॉलेज, एलएनएम एल पटना, हिमालय कॉलेज, मगध प्रोफेशनल इंस्टीट्यूट तथा चैतन्य कॉलेज शामिल हैं। इन संस्थानों के जुड़ने से छात्रों को एक व्यापक शैक्षणिक मंच प्राप्त होगा जहां वे ज्ञान, कौशल और संसाधनों का आदान-प्रदान कर सकेंगे। विश्वविद्यालय के अधिकारियों के अनुसार, यह सहयोग छात्रों के लिए अनुभवात्मक शिक्षा को बढ़ावा देगा जिससे वे केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रहकर वास्तविक परियोजनाओं, कार्यशालाओं और शोध गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी कर सकेंगे। इस पहल के माध्यम से छात्रों को अंतरिक्ष विज्ञान, उपग्रह प्रौद्योगिकी, डेटा विश्लेषण, एयरोस्पेस इंजीनियरिंग और संबंधित क्षेत्रों में प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

# सड़क निर्माण में लापरवाही पर संवेदक काली सूची में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ग्रामीण कार्य विभाग ने निर्माण कार्य में लापरवाही और अनियमितता बरतने वाले संवेदक के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाते हुए दंडात्मक कार्रवाई की है। छपरा-01 कार्य प्रमंडल के अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (अवशेष) के तहत संचालित दो सड़क परियोजनाओं, पेरारी से हरिजन टोलथा चमरहिया तथा नंदलाल सिंह कॉलेज से हरिजन टोला बेलदारी के निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताएं सामने आने पर संबंधित संवेदक को अगले तीन वर्षों के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। इन परियोजनाओं की निगरानी विभाग द्वारा की गई जांच में पाया गया कि कार्य प्राक्कलन के अनुरूप नहीं किया गया था और इसमें गुणवत्ता मानकों का घोर उल्लंघन किया गया है।

# कुशल युवा कार्यक्रम पर गहरा संकट : रिन्यूअल ठप, बैच बंद, हजारों युवाओं का भविष्य दांव पर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना/वैशाली।** राज्य के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और रोजगार से जोड़ने वाली महत्वाकांक्षी योजना कुशल युवा प्रोग्राम (के.वाई.पी) इन दिनों गंभीर प्रशासनिक अव्यवस्था और अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है। 16 दिसंबर 2016 को शुरू हुई यह योजना, जो कभी बिहार के कौशल विकास की रीढ़ मानी जाती थी, आज खुद अस्तित्व के संकट से जूझती नजर आ रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष केंद्रों का वार्षिक रिन्यूअल समय पर नहीं हो सका है जबकि सामान्यतः यह प्रक्रिया मार्च माह तक पूरी कर ली जाती थी। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब दिसंबर 2025 बैच को अचानक बंद कर दिया गया जिससे हजारों छात्रों का प्रशिक्षण बीच में ही रुक गया। इससे उनके भविष्य और रोजगार की संभावनाओं पर सीधा असर पड़ा है। इस मुद्दे पर के.वाई.पी वेलफेयर सोसाइटी वैशाली के अध्यक्ष डॉ. आनंद रंजन झा ने वैशाली में आयोजित बैठक के दौरान चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हालात अत्यंत गंभीर हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई बार विभागीय अधिकारियों से संपर्क किया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया है। इससे केंद्र संचालकों और छात्रों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

राज्यभर में संचालित लगभग 1800 से अधिक केंद्र जिनमें प्रत्येक संचालक ने 15 से 20 लाख रुपये तक का निवेश किया है, वर्तमान में आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। रिन्यूअल लंबित रहने, भुगतान में देरी और तकनीकी समस्याओं ने स्थिति को और जटिल बना दिया है।

सूत्रों के मुताबिक इस अव्यवस्था के पीछे कई कारण जिम्मेदार हैं जिनमें नीतिगत अस्थिरता, नए एवं अनुभवहीन नॉलेज पार्टनर की एंट्री, डी.आर.सी.सी वेरिफिकेशन में बाधाएं तथा पोर्टल संबंधी तकनीकी खामियां शामिल हैं।

# आर्म्स एक्ट में युवक को कठोर कैद की सजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना की एक अदालत ने अवैध पिस्तौल एवं गोली रखने के जुर्म में आज एक युवक को तीन वर्षों के सश्रम कारावास की सजा के साथ 4000 का जुर्माना भी किया। प्रथम श्रेणी की न्यायिक दण्डाधिकारी विनीता शंकर ने मामले में सुनवाई के बाद पटना के सुलतानगंज थाना क्षेत्र निवासी मोहम्मद यूनुस उर्फ मोहम्मद सुल्तान को शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर दोषी को दो माह के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी। मुख्य अभियोजन पदाधिकारी विद्यासागर एवं अभियोजन पदाधिकारी श्रीमती नेविका ने बताया कि 21 सितम्बर 2023 को विशेष वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एन आई टी मोड़ के निकट एक मोटरसाइकिल पर जा रहे दोषी एवं एक अन्य युवक को तलाशी के लिए रोकने का प्रयास किया तो दोनों मोटरसाइकिल से कूद कर भागने लगे। दोषी पकड़ा गया जबकि दूसरा युवक भागने में सफल रहा। दोषी की तलाशी में पुलिस ने उसके पास से एक देशी पिस्तौल के साथ चार जिंदा गोलियां भी बरामद की थीं। मामले की प्राथमिकी पीरबहोर थाने में दर्ज की गई थी।

# मछली उत्पादन में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे कदम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार का डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग मछली आहार उत्पादन में भी राज्य को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तेजी से प्रयास कर रहा है। अब राज्य अपनी आवश्यकता के आधे से अधिक मछली आहार का उत्पादन खुद कर रहा है। विभाग के प्रयास से 79 फिश फीड मिल लगाए गए हैं जहां 50 हजार टन मछली आहार का उत्पादन हो रहा है। माना जा रहा है कि पूरक आहार उपलब्ध होने से राज्य में मछली की उत्पादकता एवं उत्पादन में तेजी से बढ़ोतरी होगी। राज्य सरकार मछली का चारा उत्पादन करने वाले फीड मिलों को कई तरह से सहायता दे रही है, ताकि अधिक से अधिक मछली चारा का उत्पादन हो सके। डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग की योजना के तहत फीड मिलों को विद्युत वित्तीय सहायता भी दी जा रही है। 100 टन प्रतिदिन उत्पादन क्षमता वाले फीड मिलों को 3 रुपये प्रति यूनिट, अधिकतम 2 लाख रुपये प्रति माह तथा अधिकतम 24 लाख रुपये प्रति वर्ष की दर से विद्युत वित्तीय सहायता राशि दी जा रही है।

**39 हजार टन मछलियों का निर्यात**

मछली उत्पादन में बिहार ने पहले ही आत्मनिर्भरता हासिल कर ली है। अब राज्य तेजी से निर्यात की दिशा में आगे बढ़ रहा है। राज्य के विभिन्न जिलों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, राज्य से 39.07 हजार टन मछलियां बाहर भेजी गई हैं, जिसमें नेपाल, सिलीगुड़ी, लुधियाना, अमृतसर, बनारस, गोरखपुर, देवरिया, कप्तानगंज, रांची तथा गोड्डा आदि प्रमुख शहर शामिल हैं। बिहार में उत्पादित मछलियों की मांग राज्य के बाहर लगातार बढ़ रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में बिहार से होने वाला मछलियों का निर्यात और बढ़ेगा।

**देश का चौथा बड़ा मछली उत्पादक राज्य बिहार**

वर्ष 2014-15 से 2024-25 तक मछली उत्पादन में करीब 100 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो चुकी है। वर्ष 2013-14 के आंकड़ों के मुताबिक, मछली उत्पादन में बिहार राष्ट्रीय रैंकिंग में नौवें स्थान पर था। वहीं, उत्पादन में वृद्धि के बाद वर्ष 2023-24 में बिहार चौथे स्थान पर आ गया है।

# जल संरक्षण की दिशा में काम कर रहा लघु जल संसाधन विभाग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जल-जीवन-हरियाली दिवस पर शेखपुरा स्थित जल भवन में आज कार्यक्रम आयोजित में जल-जीवन-हरियाली मिशन के निदेशक सुमित कुमार ने कहा कि जल संकट से बचाव और पर्यावरण सुरक्षा के लिहाज से तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का प्रयास आज सार्थक परिणाम लेकर सामने आया है। उन्होंने कहा कि अभियान के अवयवों के क्रियान्वयन में लघु जल संसाधन विभाग महत्वपूर्ण कड़ी का काम कर रहा है। अभियान की सफलता का ही परिणाम है कि आज राज्य में सिंचाई सुविधा, हरित आवरण बढ़ने के साथ-साथ भूगर्भ जल पुनर्भरण की नई राह बनी है। बता दें कि लघु संसाधन विभाग ने जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत राज्य भर में अभी तक जहां 1401 सार्वजनिक तालाबों, 861 आहर-पईन की योजनाओं का जीर्णोद्धार करने में सफलता हासिल किया है। साथ ही 90 चेक डैम की योजनाओं को भी पूरा किया जा चुका है। 15 विभागों के नोडल पदाधिकारियों की उपस्थिति में विभागीय अपर सचिव संगीता सिंह ने कहा कि बिहार की पारंपरिक जल संरचनाएं आहर, पइन, तालाब समृद्ध जल प्रबंधन की पहचान रही हैं। यह वर्षा जल संचयन के साथ-साथ सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने और पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने में मदद करती हैं। लघु जल संसाधन विभाग की ओर से राज्य भर में करीब दो लाख 49 हजार 293 हेक्टेयर सिंचाई कमांड क्षेत्र के पुनर्स्थापन के साथ-साथ एक हजार 90 लाख घन मीटर जल संचयन क्षमता का विकास हुआ है। यह आंकड़े नहीं बल्कि धरातल पर देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि भविष्य के जल संकट की समस्याओं से निपटने के लिए जल संरक्षण को जन आंदोलन का रूप देने की जरूरत है।

# संपादकीय

## गैस-डीजल पर चुनाव के बाद झटका या वैश्विक असर?

कहने को ताजा बढ़ोतरी का असर आबादी के एक छोटे हिस्से पर पड़ने की बात कही जा रही है, लेकिन इतना तय है कि इसका दायरा बड़ा होने वाला है। पिछले करीब दो महीने से पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच वैश्विक स्तर पर जिस तरह की परिस्थितियां पैदा हुई हैं, उसमें रोजमर्रा की जरूरत की चीजों की आपूर्ति बाधित होने के साथ ही महंगाई की रफ्तार भी तेज हुई है। ऐसे में भारत में भी महंगाई के बेलगाम होने की आशंका पहले से जताई जा रही थी। मगर ऐसा लगता है कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर ही सरकार ने जरूरी चीजों की कीमतों की लगाम को थाम के रखा हुआ था। गौरतलब है कि शुक्रवार को खाना पकाने के वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत में नौ सौ तिरानबे रुपए की भारी बढ़ोतरी कर दी गई।वहीं चूंकि सामान्य घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित है, इसलिए पांच किलो गैस वाले छोटे सिलेंडर उपलब्ध तो कराए जा रहे हैं, लेकिन उसकी कीमत में भी दो सौ इकसठ रुपए की बढ़ोतरी कर दी गई और अब इसके लिए उपभोक्ताओं को आठ सौ दस रुपए पचास पैसे देने होंगे। इसके अलावा, विमान ईंधन और थोक डीजल के मूल्य में भी वृद्धि की गई है।कहने को ताजा बढ़ोतरी का असर आबादी के एक छोटे हिस्से पर पड़ने की बात कही जा रही है, लेकिन इतना तय है कि इसका दायरा बड़ा होने वाला है। मसलन, केवल वाणिज्यिक गैस सिलेंडर को ही देखें, तो इसकी कीमत अब तीन हजार रुपए से भी ज्यादा हो गई है। जाहिर है, होटल, ढाबे या खाना पकाने का व्यवसाय करने वाले लोग अगर इसका उपयोग करेंगे, तो सीधे-सीधे इसका असर खाने-पीने की चीजों की कीमतों और लोगों की थाली पर पड़ेगा। संभव है कि कम आय वाले लोगों के व्यवसाय पर भी इसका विपरीत असर पड़े।फिर इस बात की क्या गारंटी है कि जिन कारणों से वाणिज्यिक गैस सिलेंडर के दाम में इजाफा करने को उचित ठहराया जा रहा है, उसी तरह के दूसरे कारण से आने वाले दिनों में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत नहीं बढ़ाई जाएगी। आखिर छोटे सिलेंडर की कीमत में खासी बढ़ोतरी कर ही दी गई है, जिसका उपयोग आमतौर पर प्रवासी मजदूर से लेकर आर्थिक रूप से कमजोर तबके के लोग करते हैं। इसी तरह, अब यह कहना मुश्किल है कि विमान ईंधन और थोक डीजल के मूल्यों में वृद्धि केवल यहीं तक रुक जाएगी। अभी से आम उपयोग वाले पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका जताई जाने लगी है।जाहिर है, एक ऐसा दौर शुरू हो चुका है, जिसमें महंगाई का दुश्चक्र आने वाले दिनों में और ज्यादा जटिल होता दिख रहा है। खासतौर पर डीजल की कीमतों में इजाफे के बाद ढुलाई का खर्च बढ़ेगा और इसके बाद चौतरफा महंगाई की मार सबके लिए एक बड़ी चुनौती बन सकती है। वैश्विक स्तर पर पसरी अस्थिरता की वजह से अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर हाल के दिनों में जो सुस्ती देखी जा रही है, बाजार भी तेज उतार-चढ़ाव से गुजर रहा है, उसमें एक बड़ी आबादी रोजी-रोजगार के सवालों से जूझ रही है।लगातार घटती क्रयशक्ति के दौर में महंगाई की मार का असर कितना गहरा हो सकता है, इसका बस अंदाजा ही लगाया जा सकता है। सवाल है कि अगर पश्चिम एशिया में युद्ध की वजह से उपजे संकट के बावजूद सरकार ने करीब दो महीने तक तेल और गैस की कीमतों को कमोबेश थाम कर रखा था और इनकी उपलब्धता के वैकल्पिक रास्ते निकाल रही थी.

## धर्म शासित ईरान की सामरिक-आक्रामक तैयारी व बढ़ती सैन्य क्षमता गैर इस्लामिक देशों के लिए नसीहत है, कैसे?

**भारत के निकटम पड़ोसी देश ईरान की सामरिक और आक्रामक तैयारी पूरी भारत-इजरायल समेत पूरी दुनिया के लिए नसीहत बन गई है, क्योंकि उसने सीमित संसाधनों और भारी पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद 'असममित युद्ध' की ऐसी क्षमता विकसित कर ली, जिसने अमेरिका, इजराइल और पश्चिमी सैन्य गठबंधनों को भी नई रणनीति बनाने और उससे आगे की सोचने पर मजबूर कर दिया है। यदि समय रहते इसकी काट विकसित नहीं की गई, तो अरब देशों पर अमेरिका के बाद चीन की पकड़ मजबूत होगी, क्योंकि उसके साथ ईरान का सहयोगी रूस भी खड़ा है। वहीं, इस्लामिक मुल्क के नाम पर मुस्लिम देशों का अंदरूनी झुकाव भी उसकी ओर है, जिससे रूसी मित्रता और चीनी छल की चक्की में भारत के पिसने के आसार प्रबल हैं।**

(कमलेश पांडे )

मिसाइल, ड्रोन और प्रॉक्सी का संयुक्त मॉडल ही ईरानी सफलता का सूत्र है, क्योंकि ईरान ने केवल अपनी सेना पर निर्भर रहने के बजाय क्षेत्रीय नेटवर्क तैयार किया–हिजबुल्लाह, हूती और अन्य सहयोगी समूहों के माध्यम से उसने बहु-स्तरीय दबाव बनाया। यह 'हाईब्रिड वारफेयर' का आधुनिक मॉडल है।

भारत के निकटम पड़ोसी देश ईरान की सामरिक और आक्रामक तैयारी पूरी भारत-इजरायल समेत पूरी दुनिया के लिए नसीहत बन गई है, क्योंकि उसने सीमित संसाधनों और भारी पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद 'असममित युद्ध' की ऐसी क्षमता विकसित कर ली, जिसने अमेरिका, इजराइल और पश्चिमी सैन्य गठबंधनों को भी नई रणनीति बनाने और उससे आगे की सोचने पर मजबूर कर दिया है। यदि समय रहते इसकी काट विकसित नहीं की गई, तो अरब देशों पर अमेरिका के बाद चीन की पकड़ मजबूत होगी, क्योंकि उसके साथ ईरान का सहयोगी रूस भी खड़ा है।

वहीं, इस्लामिक मुल्क के नाम पर मुस्लिम देशों का अंदरूनी झुकाव भी उसकी ओर है, जिससे रूसी मित्रता और चीनी छल की चक्की में भारत के पिसने के आसार प्रबल हैं। अनुभव बताता है कि ईरान अपने पड़ोसी देशों पाकिस्तान और अफगानिस्तान पर ज्यादा भरोसा करता है और इस्लामिक नाटो का पक्षधर भी है, इसलिए ईरान के मामले में भारत की जरा सी रणनीतिक लापरवाही उसे चीनी चक्रब्यूह में घिरे अभिमन्यु वाली कर देगी, क्योंकि भारत की हिन्दू विरोधी मुस्लिम राजनीति के आर्थिक स्रोत भी इस्लामिक मुल्कों से ही जुड़े बताए जाते हैं।

पहले ईरान से भारत-इजरायल समेत शेष दुनिया को मिलने वाली प्रमुख सामरिक सीखें निम्नलिखित हैं–

पहला, आत्मनिर्भर सैन्य उत्पादन सबसे बड़ी ताकत है क्योंकि ईरान ने दशकों के प्रतिबंधों के बावजूद अपने मिसाइल, ड्रोन और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध तंत्र को घरेलू स्तर पर विकसित किया। आज उसके पास मध्य-पूर्व का सबसे बड़ा बैलिस्टिक मिसाइल भंडार माना जाता है। चूंकि वहां के लोग ज्यादा पढ़े लिखे होते हैं और ईरान ने लोकतंत्र की बजाय समानांतर कट्टर धार्मिक तंत्र विकसित कर लिया, जिससे भारत को अवश्य सीखने की जरूरत है। क्योंकि ईरान की इस नीति का संदेश स्पष्ट है- जो देश रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर होगा, वही लंबे संघर्ष में टिकेगा।

दूसरा, ड्रोन युद्ध ने युद्ध की परिभाषा ही बदल दी है, क्योंकि ईरान ने कम लागत वाले ड्रोन को रणनीतिक हथियार बना दिया। उसने दिखाया कि हजारों करोड़ की एयर डिफेंस प्रणाली को सस्ते ड्रोन झुंड से भी चुनौती दी जा सकती है। इसलिए आज अमेरिका तक स्वीकार कर रहा है कि महंगे इंटरसेप्टर मिसाइलों के मुकाबले सस्ते ड्रोन कास्ट इमबैंलेस पैदा कर रहे हैं।

तीसरा, युद्ध केवल हथियार नहीं, धैर्य से जीता जाता है, यही बात ईरान ने दुनिया को सिखलाया है। जिस तरह से उसने अमेरिका-इजरायल के यौद्धिक गुरूर को तोड़ा है, वह शोध का विषय है, क्योंकि रूस-चीन के नैतिक मदद से उसने यह सफलता हासिल की है। ईरान ने प्रत्यक्ष युद्ध से अधिक लंबी थकाऊ लड़ाई की रणनीति अपनाई। उसका उद्देश्य तत्काल जीत नहीं, बल्कि विरोधी की आर्थिक, सैन्य और मनोवैज्ञानिक क्षमता को थकाना रहा। यह आधुनिक युद्ध की नई वास्तविकता है- हर युद्ध बेलटेजरिग नहीं होता; कई युद्ध विरोधी को थकाकर जीते जाते हैं।

चौथा, कमांड सिस्टम का बैकअप अत्यंत जरूरी होता है, ताकि भारी हमलों और शीर्ष कमांडरों के मारे जाने के बावजूद ईरान का सैन्य कमांड ढांचा पूरी तरह ध्वस्त नहीं हुआ। उसने पहले से वैकल्पिक नेतृत्व और विकेंद्रीकृत कमांड संरचना तैयार कर रखी थी। यह हर राष्ट्र के लिए बड़ा संदेश है कि–युद्ध में नेतृत्व का विकल्प पहले से तैयार होना चाहिए।

पांचवां, मिसाइल, ड्रोन और प्रॉक्सी का संयुक्त मॉडल ही ईरानी सफलता का सूत्र है, क्योंकि ईरान ने केवल अपनी सेना पर निर्भर रहने के बजाय क्षेत्रीय नेटवर्क तैयार किया– हिजबुल्लाह, हूती और अन्य सहयोगी समूहों के माध्यम से उसने बहु-स्तरीय दबाव बनाया। यह हाईब्रिड वारफेयर का आधुनिक मॉडल है।

छठा, समुद्री मार्गों पर नियंत्रण की शक्ति विकसित करके आक्रमणकारियों को तोड़ना ईरानी दूरदर्शिता का ही तकाजा है, क्योंकि होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का प्रभाव पूरी दुनिया की ऊर्जा सुरक्षा को प्रभावित करता है। इसी कारण अमेरिका और पश्चिम लगातार उस क्षेत्र में सैन्य उपस्थिति बढ़ाते रहे हैं। इससे यह सिद्ध होता है–भूगोल भी उतना ही बड़ा हथियार है जितना मिसाइल।

सातवां, तकनीकी युद्ध में सस्ता हथियार भी निर्णायक होता है, यह ईरान ने साबित कर दिया है। ईरान ने दिखाया कि हर युद्ध अत्याधुनिक स्टील्थ फाइटर से नहीं जीता जाता। कभी-कभी सस्ती, तेज और बड़ी संख्या में उपलब्ध तकनीक अधिक प्रभावी होती है।

निष्कर्षतः ईरान की तैयारी गैर इस्लामिक दुनिया को यह सिखाती है कि आधुनिक युद्ध केवल परमाणु बम या महंगे लड़ाकू विमानों से नहीं लड़े जाते। आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन, ड्रोन तकनीक, मिसाइल क्षमता, साइबर-रणनीति, वैकल्पिक नेतृत्व और मनोवैज्ञानिक युद्ध–ये सब मिलकर किसी राष्ट्र को सामरिक शक्ति बनाते हैं। इसीलिए आज अमेरिका, इजराइल, रूस, चीन और भारत समेत दुनिया की बड़ी सैन्य शक्तियां भी ईरानी मॉडल का गंभीर अध्ययन कर रही हैं।

एक बात और, ईरान के सामरिक मॉडल से भारत के लिए सबसे बड़ा सबक यह है कि केवल पारंपरिक सैन्य शक्ति पर्याप्त नहीं होती; दीर्घकालिक सुरक्षा के लिए बहुस्तरीय राष्ट्रीय प्रतिरोध क्षमता विकसित करनी पड़ती है। विशेषकर तब, जब भारत को दशकों से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद, कट्टरपंथ और चीन-पाकिस्तान जैसे सामरिक गठबंधनों का सामना करना पड़ रहा हो।

हालांकि यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि इस्लामिक देश एक समान इकाई नहीं हैं। भारत के कई इस्लामी देशों–जैसे संयुक्त अरब अमीरात यूएई, सऊदी अरब, इंडोनेशिया और कतर–से मजबूत रणनीतिक और आर्थिक संबंध हैं। भारत की मुख्य सुरक्षा चुनौती कुछ कट्टरपंथी नेटवर्क, आतंकवादी संरचनाओं और शत्रुतापूर्ण राज्य-नीतियों से रही है, न कि सम्पूर्ण इस्लामी विश्व से।

भारत के लिए प्रमुख सबक इस प्रकार हैं

पहला, आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन ही निर्णायक सुरक्षा- ईरान ने प्रतिबंधों के बावजूद अपने ड्रोन, मिसाइल और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध तंत्र विकसित किए। भारत के लिए इसका अर्थ है कि विदेशी हथियारों पर अत्यधिक निर्भरता घटानी होगी। आत्मनिर्भर भारत को केवल नारा नहीं, बल्कि युद्धकालीन औद्योगिक क्षमता बनाना होगा।

दूसरा, सस्ते ड्रोन बनाम महंगी सुरक्षा- ईरान ने दिखाया कि कम लागत वाले ड्रोन भी महंगी एयर डिफेंस प्रणाली को चुनौती दे सकते हैं। भारत को सीमा सुरक्षा, आतंकवाद-रोधी अभियानों और समुद्री निगरानी के लिए बड़े पैमाने पर स्वदेशी ड्रोन नेटवर्क बनाना होगा।

तीसरा, मोजे़क डिफेंस मॉडल- ईरान की विकेंद्रीकृत सैन्य संरचना–जहां शीर्ष नेतृत्व पर हमला होने के बाद भी स्थानीय इकाइयाँ लड़ती रहती हैं–भारत के लिए महत्वपूर्ण संकेत है। भारत को भी साइबर, सीमा, वायु और समुद्री मोर्चों पर ऐसी बहुस्तरीय कमांड संरचना विकसित करनी होगी जो अचानक हमले में भी सक्रिय रहे।

चौथा, केवल सीमा नहीं, मनोवैज्ञानिक युद्ध भी- आधुनिक संघर्ष अब केवल बंदूक और मिसाइल का नहीं, बल्कि सूचना और नैरेटिव का भी है। भारत को फेक न्यूज़, साइबर-प्रोपेगेंडा और धार्मिक कट्टरता आधारित डिजिटल अभियानों से निपटने के लिए राष्ट्रीय सूचना सुरक्षा ढांचा मजबूत करना होगा।

पांचवां, लंबी लड़ाई की तैयारी- ईरान ने दिखाया कि 'वार आफ आर्टीशन' यानी विरोधी को धीरे-धीरे थकाना भी रणनीति हो सकती है। भारत को सीमित अवधि के युद्ध की सोच से आगे जाकर लंबे संघर्ष, आपूर्ति श्रृंखला और गोला-बारूद भंडारण की तैयारी करनी होगी।

छठा, ऊर्जा सुरक्षा भी राष्ट्रीय सुरक्षा है- यदि पश्चिम एशिया में बड़ा युद्ध होता है, तो भारत की तेल आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। इसलिए सामरिक तेल भंडार, वैकल्पिक ऊर्जा और समुद्री मार्ग सुरक्षा भारत के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

सातवां, संयुक्त युद्ध की तैयारी- आज युद्ध भूमि, समुद्र और आकाश तक सीमित नहीं है; साइबर, स्पेस और इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र भी युद्धक्षेत्र बन चुके हैं। भारत को थिएटर कमांड, एआई आधारित निगरानी और संयुक्त सैन्य संचालन को तेज करना होगा।

आठवां, राष्ट्रीय एकता सबसे बड़ी सुरक्षा- ईरान के उदाहरण से यह भी स्पष्ट हुआ कि बाहरी दबाव के समय आंतरिक सामाजिक एकता निर्णायक होती है। भारत जैसे विविधतापूर्ण राष्ट्र में सांप्रदायिक विभाजन, राजनीतिक ध्रुवीकरण और सामाजिक अविश्वास राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर कर सकते हैं।

निष्कर्षतया यह कहा जा सकता है कि भारत के लिए सबसे बड़ा सबक यह है कि भविष्य का युद्ध केवल सेना नहीं, बल्कि पूरा राष्ट्र लड़ता है–तकनीक, अर्थव्यवस्था, साइबर क्षमता, ऊर्जा सुरक्षा, सामाजिक एकता और मनोवैज्ञानिक दृढ़ता–सब मिलकर राष्ट्रीय शक्ति बनाते हैं। ईरान ने दुनिया को यह दिखाया कि सीमित संसाधनों वाला राष्ट्र भी यदि आत्मनिर्भर, संगठित और रणनीतिक रूप से धैर्यवान हो, तो वह कहीं बड़ी शक्तियों को भी लंबे समय तक चुनौती दे सकता है।

## बंगाल में 'कमल' खिलने के पीछे आरएसएस की मौन साधना

(रेनू तिवारी) ।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों से पहले, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने बड़े पैमाने पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया और इसके स्वयंसेवकों ने लोगों के छोटे-छोटे समूहों के साथ राज्य के हर कोने में बैठकें कीं तथा उनसे इस बार निर्भीक होकर अपना वोट डालने का आग्रह किया था। स्वयंसेवकों के योगदान को स्वीकार करते हुए एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''उन्होंने वास्तव में बहुत मेहनत की।''



पश्चिम बंगाल के चुनावी इतिहास में साल 2026 एक बड़े राजनीतिक उलटफेर के गवाह के रूप में दर्ज हो रहा है। ममता बनर्जी के 15 साल पुराने 'तृणमूल किले' में सेंध लगाने में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को जो सफलता मिलती दिख रही है, उसके पीछे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के स्वयंसेवकों की वर्षों की कड़ी मेहनत और रणनीतिक कौशल का बड़ा हाथ है। रात 8 बजे तक के रुझानों और नतीजों के अनुसार, भाजपा 294 सदस्यीय विधानसभा में 107 सीटें जीत चुकी है और 99 पर बढ़त बनाए हुए है। इस बड़ी जीत को सुनिश्चित करने के लिए ङ्मस्स ने चुनाव से महीनों पहले एक व्यापक और सूक्ष्म अभियान छेड़ा था।

सूत्रों के अनुसार, आरएसएस के स्वयंसेवकों ने जमीनी स्तर पर लोगों की नब्ज़ पर भी नजर रखी और भाजपा को ''जनता के मिजाज'' और ''प्रतिद्वंद्वियों की चाल'' के बारे में ''महत्वपूर्ण जानकारी'' दी, जिससे पार्टी को अपनी चुनावी रणनीति को बेहतर बनाने में मदद मिली। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस का किला ढहाने में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मिली सफलता में आरएसएस मतगणना अभी भी जारी है, लेकिन ताजा रुझानों से संकेत मिल रहा है कि भाजपा ने पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल को काफी पीछे छोड़ दिया है। भाजपा सरकार बनाने जा रही थी। सूत्रों ने कहा,''हमने जमीनी स्तर पर दिन-रात काम किया और लोगों तक अपना संदेश पहुंचाया। भाजपा ने भी इस सफलता को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की।''

उन्होंने बताया कि पार्टी और संघ के स्वयंसेवकों ने हर स्तर पर उपयुक्त समन्वय के साथ काम किया। सूत्रों के अनुसार, चुनावों के दौरान, आरएसएस स्वयंसेवकों ने बड़े पैमाने पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाए और राज्य भर में लोगों के छोटे समूहों के साथ लगभग दो लाख बैठकें कीं। एक सूत्र ने बताया, ''इन बैठकों के दौरान, लोगों को चुनाव से जुड़े मुद्दों से अवगत कराया गया और निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उन्हें उनकी सुरक्षा का आश्वासन दिया गया।'' सूत्रों के अनुसार, भाजपा ने पश्चिम बंगाल में 2021 के विधानसभा चुनावों के तुरंत बाद अपना जनाधार मजबूत करते हुए उसका विस्तार करना शुरू कर दिया, जिसमें पार्टी मुख्य विपक्षी दल के रूप में उभरी और 2016 की तीन सीटों से बढ़कर 77 सीटें जीत लीं। आरएसएस ने भी राज्य में 2021 के विधानसभा चुनावों के तुरंत बाद भाजपा के अगले चुनावी अभियान के लिए जमीन तैयार करनी शुरू कर दी थी।

## 'थलापति' से 'मुधलवन' तक- कैसे विजय ने तमिलनाडु की सत्ता का रुख मोड़ दिया

> **विजय का चुनाव प्रचार पारंपरिक राजनीति से बिल्कुल अलग था। जहाँ अन्य दल रैलियों और रोड-शो पर करोड़ों खर्च कर रहे थे, विजय ने एक 'साइलेंट वारियर' की तरह काम किया- सोशल मीडिया का जादू- उन्होंने न तो प्रेस कॉन्फ्रेंस की और न ही टीवी इंटरव्यू दिए। इसके बजाय, उन्होंने सीधे सोशल मीडिया के जरिए जनता से संवाद किया।**
>
> **विजय मामा और नन्हें ब्रांड एंबेसडर- विजय ने चतुराई से बच्चों और किशोरों को अपना 'नानबा' (दोस्त) बनाया। 'विजय मामा' के संबोधन ने बच्चों को इतना प्रभावित किया कि उन्होंने अपने माता-पिता को टीवीके को वोट देने के लिए प्रेरित किया।**

(रेनू तिवारी )

विजय का चुनाव प्रचार पारंपरिक राजनीति से बिल्कुल अलग था। जहाँ अन्य दल रैलियों और रोड-शो पर करोड़ों खर्च कर रहे थे, विजय ने एक 'साइलेंट वारियर' की तरह काम किया।

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 के नतीजों ने भारतीय राजनीति में एक नया अध्याय लिख दिया है। जब अभिनेता विजय ने तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) की स्थापना की थी, तो कई विश्लेषकों ने उन्हें द्रविड़ राजनीति के दो दिग्गजों (डीएमके और एआईएडीएमके ) के सामने कमतर आंका था। लेकिन आज, विजय न केवल एक 'स्टार' बल्कि तमिलनाडु के 'मुधलवन' (मुख्यमंत्री) के रूप में उभरकर सामने आए हैं।

विजय का चुनाव प्रचार पारंपरिक राजनीति से बिल्कुल अलग था। जहाँ अन्य दल रैलियों और रोड-शो पर करोड़ों खर्च कर रहे थे, विजय ने एक 'साइलेंट वारियर' की तरह काम किया-

सोशल मीडिया का जादू- उन्होंने न तो प्रेस कॉन्फ्रेंस की और न ही टीवी इंटरव्यू दिए। इसके बजाय, उन्होंने सीधे सोशल मीडिया के जरिए जनता से संवाद किया।

विजय मामा और नन्हें ब्रांड एंबेसडर- विजय ने चतुराई से बच्चों और किशोरों को अपना 'नानबा' (दोस्त) बनाया। 'विजय मामा' के संबोधन ने बच्चों को इतना प्रभावित किया कि उन्होंने अपने माता-पिता को टीवीके को वोट देने के लिए प्रेरित किया।

साधारण में भव्यता-कभी तंग गलियों में साइकिल चलाना तो कभी फिल्म समारोहों में छोटी कहानियों के जरिए सत्ता पर तीखे प्रहार करना–विजय के हर कदम ने जनता के साथ एक गहरा भावनात्मक जुड़ाव पैदा किया।

चुनाव प्रचार के दौरान अभिनेता ने असामान्य रूप से किशोरों और बच्चों पर ध्यान केंद्रित किया, ताकि वे उनके माता-पिता को टीवीके के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित कर सकें। जब मतदान का आंकड़ा 85 फीसदी के पार चला गया, तब विजय ने खुद को 'विजय मामा' कहते हुए खास तौर पर 'कुट्टी, नानबा, नानबी' (बच्चों और दोस्तों) को संबोधित किया और अभिभावकों को टीवीके के समर्थन के लिए मनाने के वास्ते उनका आभार जताया। यही नहीं, उन्होंने द्रविड़ विचारधारा और तमिल राष्ट्रवाद के तत्वों को कुशलतापूर्वक संयोजित करते हुए अपनी पार्टी की विचारधारा तैयार की।

विजय ने हमेशा से ही लीक से हटकर कदम उठाए। एक दिन वह अप्रत्याशित रूप से साइकिल से एक रिहायशी इलाके की तंग गलियों से गुजरे और देखते ही देखते उनके इर्द-गिर्द भारी भीड़ जुट गई, जिससे एक साधारण पल भव्य नजारे में तब्दील हो गया। एक अन्य मौके पर उन्होंने एक फिल्म समारोह के मंच पर खड़े होकर सुनने में सरल, लेकिन गहरे अर्थों वाली कहानियां सुनाना शुरू किया, जिनमें सत्ता में बैठे लोगों के लिए तीखे संदेश छिपे हुए थे। विजय के हर शब्द पर आयोजन स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठता था, जिससे दर्शकों के साथ उनके स्पष्ट भावनात्मक जुड़ाव की झलक मिलती थी।

लगभग 25-30 साल पहले किसी ने इस बात की कल्पना भी नहीं की होगी कि बेहद सौम्य, सरल और शर्मीले स्वभाव वाले विजय एक दिन खुद का राजनीतिक दल बनाएंगे और अपने पहले ही चुनाव में मुख्यमंत्री पद तक सफर तय करेंगे। विजय अभिनीत 'पूवे उनक्कगा' का निर्देशन करने वाले विक्रमन ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, उस समय भी मुझे पूरा भरोसा था कि वह आगे चलकर फिल्म उद्योग पर राज करेंगे। मुझे पता था कि उनमें कुछ खास है, जो लोगों को उनका दीवाना बना देगा। 'घिल्ली' और 'मधुरेय' के संवाद लेखक तथा 'अजहगिया तमिल मगन' और 'बैरावा' के निर्देशक भरतन ने भी विक्रमन की बात से इत्तफाक जताया।

'पूवे उनक्कगा' विजय के करियर की पहली सुपरहिट फिल्म साबित हुई। बाद में उन्होंने भावनाओं, पारिवारिक विषयों, हास्य, उच्च-स्तरीय एक्शन और हिट गीतों के सदियों से आजमाए एवं परखे गए फॉर्मूले के सहारे खुद को एक मेगास्टार के रूप में स्थापित किया। विजय के परिवार ने उनकी तीसरी ही फिल्म 'रसिगन' (1994) के प्रमोशन के दौरान उन्हें 'इलैया थलापति' (युवा कमांडर) के रूप में पेश करने का फैसला किया, जो उनके आत्मविश्वास के साथ-साथ ब्रांडिंग के महत्व की उनकी गहरी समझ को भी दर्शाता है।

यह तमगा अगले एक दशक से अधिक समय में उनके चित्रण के लिए और भी प्रासंगिक हो गया, क्योंकि वह निर्विवाद रूप से 'थलापति' बनकर उभरे। अब 51 वर्षीय चंद्रशेखर जोसेफ विजय 'थलापति' (कमांडर) से आगे बढ़कर खुद को 'थलाइवन' (नेता) और 'मुधलवन' (मुख्यमंत्री) के रूप में स्थापित करने में कामयाब हो गए हैं। विजय ने शुरू से ही बहुत सूझ-बूझ दिखाई और अपने करियर की रूपरेखा भविष्य के राजनीतिक लक्ष्य के अनुरूप तैयार की। जब 'विजय मक्कल इयक्कम' (वीएमआई) के बैनर तले एकजुट विजय के प्रशंसकों ने 2021 में उनकी तस्वीरों का इस्तेमाल कर स्थानीय निकाय चुनावों में जीत दर्ज की, तो लोग चौंक गए और सियासी दुनिया में अभिनेता के पदार्पण की नींव तैयार हुई।

वीएमआई के कई पदाधिकारी आज विजय की टीवीके में अहम पदों पर हैं। कई साल पहले, जब विजय ने सार्वजनिक समारोहों में कहानियां सुनाना शुरू किया, जो कि एक दिग्गज राजनीतिक हस्ती, दिवंगत मुख्यमंत्री जे जयललिता की जगजाहिर खूबी थी, तो कई लोगों ने सोचा कि वह अपनी क्षमता से कहीं अधिक लक्ष्य और महत्वाकांक्षा पाल रहे हैं। धीरे-धीरे विजय ने दिवंगत एम करुणानिधि सहित कई अन्य बड़ी राजनीतिक हस्तियों की तरह अपने प्रशंसकों और समर्थकों को संबोधित करने के लिए एक खास वाक्यांश का इस्तेमाल शुरू किया, ताकि उनके साथ गहरा जुड़ाव कायम कर सकें।

'एन नेनजिल कुडियिरुक्कुम...नानबा, नानबी' (दोस्तों, आप मेरे दिल में रहते हैं) अपने प्रशंसकों और समर्थकों को संबोधित करने के लिए विजय का पसंदीदा वाक्यांश है। जयललिता सहित कुछ अन्य कद्दावर नेताओं की तरह ही विजय ने भी मीडिया को शायद ही कभी साक्षात्कार दिए और वह हमेशा से ही सार्वजनिक मंचों पर कम बोलते रहे हैं। जब विजय की 2013 में प्रदर्शित फिल्म 'थलाइवा' की टैगलाइन 'बॉर्न टू लीड' (पैदाइशी नेता) जारी की गई थी, तो उनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षा का पहला, स्पष्ट संकेत मिला था, लेकिन पुख्ता निष्कर्ष निकालने के लिए पर्याप्त कारण नहीं थे।

हालांकि, 'थलाइवा' की रिलीज से दो साल पहले वह दिल्ली में अन्ना हजारे के अनशन स्थल पर पहुंचे थे और उनके प्रति समर्थन जताया था, जिससे उनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को लेकर अटकलें शुरू हो गई थीं। बहरहाल, 'थलाइवा' उम्मीदों के अनुसार अपनी टैगलाइन के कारण विवादों में घिर गई और तमिलनाडु में फिल्म की रिलीज दो हफ्ते के लिए टाल दी गई। यह फिल्म सिनेमाघरों का मुंह तभी देख पाई, जब इसकी टैगलाइन हटाई गई। उस समय तमिलनाडु में ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) की सरकार थी। विजय 2014 में प्रदर्शित 'कत्थी' में जब किसानों के सामने पेश आने वाली चुनौतियों पर बात करते दिखे, तो उनके प्रशंसकों के लिए यह एक मसीहा के आगमन जैसा था। जैसे-जैसे विजय की लोकप्रियता बढ़ती गई, उनकी फिल्मों में एक गहरा राजनीतिक संदेश झलकने लगा। एटली के निर्देशन में बनी विजय की 'मर्सल' (2017) ने राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया, क्योंकि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की आलोचना करने वाली फिल्म के एक संवाद पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने कड़ी आपत्ति जताई। पार्टी नेता एच राजा ने विजय के ईसाई धर्म पर सार्वजनिक रूप से टिप्पणी करते हुए उन पर घृणा अभियान को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

# सहयोग शिविर, समन्वय समिति एवं पीएमजी की समीक्षात्मक बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** विकास भवन सभागार में सहयोग शिविर,जिला स्तरीय समन्वय समिति तथा प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग ग्रुप का विस्तारपूर्वक समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने की। सामान्य प्रशासन विभाग बिहार पटना के निदेर्शानुसार आम नागरिकों की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर का आयोजन किया प्रस्तावित हुआ है। यह शिविर प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को संबंधित पंचायत सरकार भवन अथवा निकटवर्ती सार्वजनिक स्थल पर आयोजित होगा। जिले में प्रथम शिविर 19 मई 2026 को आयोजित किया जाएगा।शिविर का उद्देश्य आमजनों को अपनी समस्याएँ, शिकायतें एवं सुझाव सीधे प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करना तथा उनका समयबद्ध निवारण सुनिश्चित करना है। इसके लिए 30 दिन पूर्व से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे तथा शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का पंजीकरण एवं निर्धारित समय-सीमा में निष्पादन किया जाएगा। इस शिविर में राजस्व से संबंधित मामले,दाखिल - खारिज, परिमार्जन,भू-स्वामित्व प्रमाण पत्र आदि। सरकारी योजनाएं, आवास, पेंशन, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, लेबर कार्ड, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, मुख्यमंत्री परिवहन योजना,वाहन अनुज्ञप्ति, दुर्घटना अनुग्रह अनुदान, आपदा अनुग्रह अनुदान आदि।

प्रमाण पत्र आय, जाति, निवास एवं अन्य प्रमाण पत्रों का वितरण। पुलिस विभाग से संबंधित मामले शिकायत, एफआईआर,पारिवारिक विवाद,चरित्र सत्यापन,महिला सुरक्षा एवं अन्य सरकारी योजनाओं से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। साथ ही, केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की



जानकारी भी नागरिकों को प्रदान की जाएगी। उक्त शिविर के सफल संचालन हेतु सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। किसी प्रकार की लापरवाही पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।उक्त शिविर को अनुश्रवण हेतु जिला स्तरीय अनुश्रवण कोषांग का गठन किया गया है। शिविरों की तैयारियों एवं क्रियान्वयन के पर्यवेक्षण हेतु पदाधिकारियों की जिला स्तरीय अनुश्रवण कोषांग गठित की गई है। अपर समाहर्ता नोडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त,अपर समाहर्त्ता सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक यातायात कटिहार शामिल है ।इस जिला स्तरीय अनुश्रवण कोषांग के द्वारा रियल टाइम मॉनिटरिंग प्रणाली के माध्यम से सतत समीक्षा की जाएगी, एवं कोषांग प्रतिदिन पंचायतों में प्राप्त आवेदनों के संकलन, निष्पादन की विवरणी तथा पर्यवेक्षण से संबंधित प्रतिवेदन जिला पदाधिकारी को उपलब्ध कराएगा।इसके अलावे समन्वय समिति के सभी पदाधिकारियों के साथ के पीपीटी के माध्यम से सभी संबधित विभागों शिक्षा, पर्यटन,कला-संस्कृति एवं युवा, खेल, परिवहन,मद्य निषेध,नगर निगम, श्रम संसाधन,पथ निर्माण प्रमंडल, ग्रामीण पथ प्रमंडल,लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमंडल सहित अन्य सभी संबंधित विभागों की गतिविधियों तथा योजनाओं की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय बढ़ाने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को आम नागरिकों तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने के निर्देश दिए। साथ ही भारत जनगणना 2027 का प्रथम चरण पूरे जिले में दिनांक 02.05.2026 से प्रारंभ हो गया है। इस कड़ी में प्रथम तीन दिन 02.05.2026 से 04.05.2026 तक प्रगणक एवं पर्यवेक्षक अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों का भ्रमण कर रहे हैं तथा मकानों की नंबरिंग एवं नजरी नक्सा चित्रांकन तैयार कर रहे हैं। इस कार्य में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी मकान छूटने न पाए और न ही किसी मकान की दो बार गणना हो के आलोक में वहाँ उपस्थित सभी पदाधिकारीगण को निदेश दिया गया कि अपने स्तर से इस कार्य को सफल बनाने हेतु हर संभव सहायता करना सुनिश्चित करेंगे। दिनांक 05.05.2026 से 31.05.2026 तक प्रगणक, पर्यवेक्षक प्रत्येक मकान, घर में जाकर मकानों में उपलब्ध आवश्यक संसाधनों से संबंधित 33 प्रश्नावली को निर्धारित मोबाइल के माध्यम से भरेंगे। बैठक में जिला पदाधिकारी के साथ नगर आयुक्त नगर निगम संतोष कुमार ,अपर समाहर्ता डॉ, विनोद कुमार,उप विकास आयुक्त अमित कुमार,अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन कुमार धनंजय एवं जिला स्तरीय पदाधिकारीगण के अतिरिक्त जिले के सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारीगण मौजूद रहे ।

# सांसद तारिक अनवर का अलग-अलग क्षेत्रों में दौरा

## भक्ति, शिक्षा और खेल कार्यक्रमों में रहे सक्रिय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** सांसद तारिक अनवर मंगलवार को अपने निर्धारित कटिहार भ्रमण कार्यक्रम के तहत विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एवं जनसंपर्क गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिये। उनके दौरे ने तथा शिक्षा को जीवन का सबसे मजबूत आधार बताते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। दोपहर में उन्होंने बारसोई प्रखंड अंतर्गत कदमनगाछी पंचायत के रहमानपुर गांव पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की।



क्षेत्र में जनसंवाद, सामाजिक सहभागिता और विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को एक बार फिर रेखांकित किया। अपने कार्यक्रम की शुरूआत उन्होंने कदवा प्रखंड के कंटिया पंचायत वार्ड संख्या-12 स्थित शीतला मंदिर प्रांगण में आयोजित आठ पहर हरिनाम संकीर्तन में शामिल होकर की। यहां उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ भक्ति में सहभागिता करते हुए क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

उनकी उपस्थिति से धार्मिक आयोजन में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इसके उपरांत सांसद बारसोई प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, तलसर पहुंचे।जहां आयोजित मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की इस दौरान उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।इसके अलावा सांसद ने सुघानी पंचायत स्थित सुघानी उच्च विद्यालय प्रांगण में आयोजित शॉर्ट बाउंड्री क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन किया। उन्होंने युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास के लिए भी बेहद जरूरी है। उनके संबोधन से युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।इस दौरान सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव, दिलीप विश्वास, नगीना यादव, इंजीनियर तनवीर समसी, अब्दुल कादिर, आफताब ताज, हसन रजा युसूफ,मोहम्मद आजाद सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दस साल बाद विवादित प्राथमिक विद्यालय कुचियाही का पठन पाठन पोषक क्षेत्र में आरंभ

**प्राणपुर/कटिहार (नबिटासं)।** प्राणपुर प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कुचियाही का करीब दस वर्षों लंबे अंतराल के बाद पुनः पठन पाठन पुराने चिन्हित स्थल में शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में प्रखंड



विकास पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनीषा कुमारी ने मंगलवार को फीता काटकर विद्यालय का विधिवत उद्घाटन किया।इस मौके पर बीडीओ ने कहा कि शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है और इसे किसी भी परिस्थिति में बाधित नहीं होने दिया जाएगा।उक्त कुचियाही विद्यालय का पुनः संचालन उसके पौषक क्षेत्र में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रशासन की प्राथमिकता है कि सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और विद्यालयों में बेहतर माहौल तैयार किया जाए।उन्होंने कहा कि शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को नियमित रूप से पढ़ाई एवं शिक्षा प्रदान करें और अभिभावक भी इसमें सहयोग करें। इस कार्यक्रम में पूर्व मुखिया अर्जाउल हक, जिला परिषद सदस्या शैदून निशा,वार्ड सदस्य प्रतिनिधि मो. हामिद, समाजसेवी शेख मुस्तफा सहित कई गणमान्य लोग एवं शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।उद्घाटन के दौरान ग्रामीण एवं बच्चों में उत्साह माहौल देखा गया।

### पटना ट्रैफिक पुलिस के पास होगी अब अपनी दो एंबुलेंस, आपात स्थिति में मिलेगी मदद

**पटना (नबिटासं)।** राजधानी की ट्रैफिक पुलिस को दो एंबुलेंस की सुविधा प्रदान की गई है। इनकी मदद से किसी सड़क दुर्घटना के दौरान आपात स्थिति में मरीजों को नजदीकी अस्पताल तक पहुंचाने में काफी सहूलियत होगी। ये दोनों एंबुलेंस मुख्य रूप से अटल पथ, पाटलि पथ और



जेपी गंगा पथ पर तैनात रहेंगे। अन्य मुख्य सड़कों पर भी इनका भ्रमण होता रहेगा। इन दोनों एंबुलेंस को हरि झंडी दिखाकर डीजीपी विनय कुमार ने मंगलवार को रवाना किया। पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन में आयोजित कार्यक्रम में डीजीपी के साथ एडीजी (ट्रैफिक) सुधांशु कुमार ने भी गाड़ियों को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। इन दोनों गाड़ियों को सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिब्लिटी) फंड के तहत चोला मंडलम जनरल इंश्योरेंस कंपनी की तरफ से पुलिस महकमा के प्रदान किया गया है। इसे लेकर डीजीपी और कंपनी के एमडी वी सूर्यनारायणन ने एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर भी किया गया है। कार्यक्रम के बाद एडीजी (ट्रैफिक) सुधांशु कुमार ने प्रेस को संबोधित करते हुए बताया कि चौबीस घंटे यह एंबुलेंस प्रमुख सड़कों पर तैनात रहेगी, खासकर अटल पथ, पाटलि पथ, जेपी गंगा पथ के प्रमुख हिस्सों पर मौजूद रहेंगे। जहां जैसी जरूरत पड़ेगी, वहां इन एंबुलेंस को भेजकर जल्द से जल्द पीड़ितों को सहायता मुहैया कराई जाएगी। इसमें ट्रैफिक पुलिस के अलावा स्वास्थ्य विभाग के स्तर से प्रशिक्षित कर्मी भी मौजूद रहेंगे। ताकि तुरंत घायलों को प्राथमिक उपचार प्रदान कराया जा सके। उन्होंने कहा कि पटना सड़क दुर्घटना में देश के टॉप-100 शहरों में आता है। इस वजह से दुर्घटना के बाद पीड़ितों को शुरूआती के कुछ घंटों यानी गोल्डन ऑवर के दौरान चिकित्सीय सहायता मुहैया कराने के लिए यह व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि इस एंबुलेंस सेवा को जल्द ही डॉयल-112 से भी जोड़ दिया जाएगा। ताकि आपात स्थिति में इस पर फोन करने पर पुलिसीय के साथ ही फौरन चिकित्सीय सहायता भी मुहैया हो सके। देश के तीन राज्यों महाराष्ट्र, राजस्थान और बिहार में चोला मंडलम कंपनी ने इस तरह के एंबुलेंस को प्रदान किया है।

### जमुई में घर पर ठनका गिरने से महिला की मौत

**जमुई (नबिटासं)।** जमुई जिले के लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चिनबेरिया गांव में सोमवार रात एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां ठनका गिरने से एक बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान सोमा देवी 70 वर्ष साल पति ब्रह्मदेव दास के रूप में की गई है। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार की रात सोमा देवी अपने घर में मौजूद थीं। इसी दौरान अचानक तेज गर्जना के साथ ठनका उनके घर पर आ गिरा, जिससे वे गंभीर रूप से झुलस गई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के समय इलाके में मूसलाधार बारिश के साथ तेज आंधी-तूफान चल रहा था, जिससे लोग अपने-अपने घरों में दुबके हुए थे। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मंगलवार सुबह लक्ष्मीपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल जमुई भेज दिया गया। वहां डॉक्टरों द्वारा पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस संबंध में लक्ष्मीपुर थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि ठनका गिरने से महिला की मौत हुई है।ठनका महिला के घर पर गिरा था। वहीं, प्रशासन द्वारा लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने की अपील की गई है।

# बंगाल जीत पर भाजपा कार्यकर्ता ने मनाया जश्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फलका/ कटिहार ।** पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत की खबर मिलते ही कार्यकताओं ने एकत्र होकर जमकर जश्न मनाया। इस अवसर पर भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष परमानंद शर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष अनुज कुमार मंडल, भाजपा नेता बलराम साह, भाजपा कार्यकर्ता प्रखंड प्रमुख दीपशिखा सिंह, जिला परिषद गायत्री देवी, संजय झा, अमित गुप्ता, मुखिया भारती कुमारी, संजय पटेल,मनोज मंडल, पिंटू यादव, संजीव कुमार भोलू, कृष्णा आदित्य, प्रदीप केसरी निरंजन सिंह सहित दर्जनों कार्यकताओं ने जय श्री राम के नारे लगाए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी। 4 मई 2026 को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के



नतीजों में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत के बाद भाजपा कार्यकताओं में जबरदस्त जश्न का माहौल है। रुझानों में ही बहुमत 206 का जादुई आंकड़ा पार करने के बाद भाजपा कार्यकताओं ने आतिशबाजी की मिठाइयां बांटी ओर श्री राम' के नारे लगाये।

# देर शाम आई ऑधी व बारिश ने मचाई तबाही, किसान निराश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डंडखोरा (कटिहार)।** सोमवार की देर शाम अचानक आई तेज ऑधी और बारिश ने क्षेत्र में काफी तबाही मचाई है। हलांकि जानमाल के क्षति की कोई सूचना नहीं है। लेकिन किसान आम, लीची और मक्का की फसल की क्षति को लेकर काफी हलकान हो रहे हैं।ऑधी में जहां कच्चे घर और घेरे के उजड़ जाने से लोग परेशान हैं। ऑधी में आम और लीची की पसल टहनी सहित गिरकर बर्बाद हो गया है। तो बिल्कुल तैयार मक्के के पौधों के खेत में लगे पानी में गिर जाने से उसकी कीमत कम होने से किसानों को कर्ज भुगतान की चिंता सताने लगी है।बता दें कि क्षेत्र की अधिकांश आबादी खेती पर हीं निर्भर है।

# सीओ ने चकमन कब्रिस्तान का किया भौतिक सत्यापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मनसाही (कटिहार)।** मनसाही प्रखंड क्षेत्र के साहेबनगर पंचायत के चकमन गांव में अवस्थित कब्रिस्तान की जमीन अतिक्रमण मामले को लेकर अंचलाधिकारी मो. इस्माइल ने कब्रिस्तान की भूमि का स्थलीय जांच किया। इस



मामले में एक पक्ष के कुछ लोगों ने कहा कि वे जमीन को जमीन के मुख्य मालिक से खरीदे हैं। जबकि चकमन के ग्रामीणों का कहना हैं कि आजादी के समय से ही यहां कब्रिस्तान हैं और यह 1954 के सर्वे में अंकित हैं। वहीं सीओ ने कहा कि भौतिक जांच में यहां कब्रिस्तान पाया गया हैं और जांच चल रही हैं। नियमानुकूल आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा कार्यकताओं ने मनाया जीत का जश्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डंडखोरा (कटिहार)।** पांच राज्यों के चुनावी नतीजों में भारतीय जनता पार्टी के बेहतर प्रदर्शन और विशेषकर बंगाल व असम जैसे राज्यों में पार्टी की मजबूत स्थिति से उत्साहित कार्यकताओं ने विजय उत्सव मनाया। डंडखोरा पेट्रोल पंप के समीप आयोजित इस जश्न का नेतृत्व भाजपा प्रखंड अध्यक्ष आलोक कुमार चौहान ने किया। चुनावी परिणामों से गदगद भाजपा कार्यकर्ता सुबह से ही पेट्रोल पंप परिसर में जुटने लगे थे।

जीत की खुशी में कार्यकताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर बधाई दी

## झाल-मुड़ी खाकर जाहिर की खुशी



और जमकर आतिशबाजी की। इस अवसर पर खुशी साझा करने का अंदाज भी काफी अनोखा रहा। बंगाल चुनाव प्रचार के दौरान सुर्खियों में रहना वाला झाल-मुड़ी खाकर कार्यकताओं ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। प्रखंड अध्यक्ष आलोक कुमार चौहान ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और कार्यकताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जनता ने विकास और राष्ट्रवाद के मुद्दे पर मुहर लगाई है, जिससे कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। मौके पर किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष नरेश कुमार मंडल, राजकुमार मिश्रा, आलोक कुमार मंडल, निर्मल विश्वास, संतोष साह, संतोष कुमार गुप्ता, संजीव कुमार मंडल, मनोज ठाकुर सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# चचरी पुल बहने से मोटरसाइकिल डूबी, बाल बाल बचे आधा दर्जन लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारसोई (कटिहार) ।** बारसोई प्रखंड क्षेत्र के तारापुर घाट पर बना बांस का चचरी पुल पानी की तेज धार में बह गया, जिससे स्थानीय लोगों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया हैं। यह पुल पश्चिम बंगाल के गोड़ाहाल और बारसोई के तारापुर के बीच संपर्क का प्रमुख साधन था।

पुल बह जाने के कारण अब लोगों को नदी पार करने के लिए नाव का सहारा लेना पड़ेगा, जिससे दैनिक जीवन पर काफी असर पड़ेगा। खासकर मजदूरों, छात्रों और छोटे व्यापारियों को काफी परेशानी



का सामना करना पड़ रहा है। घटना के दौरान एक मोटरसाइकिल समेत कुछ लोग नदी में गिर गए,लेकिन स्थानीय ग्रामीणों की सूझबूझ और तत्परता से सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इस हादसे में किसी भी प्रकार की जान-माल की क्षति नहीं हुई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द वैकल्पिक व्यवस्था करने और स्थायी पुल निर्माण की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके। इस संबंध में अंचल पदाधिकारी श्याम सुंदर साहा ने कहा कि पानी के बाहाव के कारण चचरी पुल बह गई है। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। कल नाव की व्यवस्था की जा रही है ताकि लोगों का आवागमन सुचारू ढंग से हो सके।

# पूर्वी चंपारण में वज्रपात और आंधी से 4 की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में एक दिन पूर्व सोमवार को वज्रपात (ठनका) और तेज आंधी से हुई दुःखद घटनाओं में जान गंवाने वाले चार लोगों के आश्रितों को जिला प्रशासन ने महज 24 घंटे के भीतर अनुग्रह अनुदान प्रति पीड़ित 4-4 लाख की राशि उपलब्ध कराकर कार्य निष्पादन की गति की संवेदनशीलता प्रकट की है। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने संबंधित अंचलाधिकारियों और सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी को त्वरित कार्रवाई करते हुए राज्य सरकार द्वारा निर्धारित सहायता राशि शीघ्र वितरित करने का निर्देश दिया। सुगौली अंचल में वज्रपात से सनी देओल (पिता-जयलाल सहनी) और अंशु कुमारी (पिता-मंजू सहनी) की मौत हो गई। प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए दोनों मृतकों के आश्रितों हिरामतिया देवी और तेतरी देवी को आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार द्वारा निर्धारित 4-4 लाख रुपये की सहायता राशि चेक के माध्यम से प्रदान किया है। दूसरी तरफ मोतिहारी सदर अंचल में तेज आंधी के दौरान एक पेड़ ऑटो पर गिर गया, जिससे धीरज कुमार (पिता-राजदेव सहनी) और चुनचुन कुमार (पिता-रामविलास यादव) की दबकर मौत हो गई।

# टैगिंग के बावजूद धनगामा पंचायत के किसानों के धान की नहीं हुई खरीद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कदवा (कटिहार)।** प्रखंड के धनगामा पैक्स के किसानों के साथ हुई विभागीय साजिश का खुलासा हुआ है। जानकारी के अनुसार धनगामा पैक्स को परभेली पैक्स से टैग कर दिया गया है।इसके बाबजूद परभेली पैक्स द्वारा धनगामा के किसानों से अनाज की खरीददारी नहीं की गई।इस मामले ने पूरे सिस्टम को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है। एक ओर सरकार किसानों के अनाज को पैक्स के माध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे जाने का दावा करती है,तो दूसरी ओर जमीनी हकीकत कुछ और हीं बयां करती है।किसान अपनी उपज लेकर दर-दर भटक कर औने-पौने दाम में बेचने को विवश हुए।ताज्जुब की बात तो यह है कि इनकी सुनने वाला भी कोई नहीं रहा। प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि धनगामा पैक्स को परभेली पैक्स से टैग किया गया है। लेकिन धनगामा के किसानों का अनाज क्यों नहीं खरीदा गया,इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है। जिससे साफ जाहिर होता है कि जिम्मेदार अधिकारी जानबूझ कर अंजान बन रहे हैं या फिर अनभिज्ञता का चोला ओढ़े हुए हैं। बतातें चलें कि टैगिंग करने का उद्देश्य हीं किसानों के फसल को पैक्स के माध्यम से उचित मूल्य में खरीदा जाना था।लेकिन यह सिर्फ कागजी खानापूर्ति बनकर रह गयी।यहॉं ना तो खरीद केंद्र सक्रिय है और ना ही कोई सूचना जिस कारण किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। धनगामा के किसानों ने सहकारिता विभाग पर उन्हें ठगने का आरोप लगाते हुए कहा है कि यह सिर्फ लापरवाही नहीं बल्कि व्यवस्था की नाकामी भी है।

# आंधी-बारिश से प्रखंड में भारी तबाही, बिजली ठप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अमदाबाद (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार की शाम अचानक बदले मौसम ने भारी तबाही मचा दी। तेज आंधी और मूसलाधार बारिश से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। कई स्थानों पर कच्चे मकान, टीन और फूस की झोपड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि कुछ परिवारों का आशियाना पूरी तरह उजड़ गया।

प्रभावित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं।प्रखंड मुख्यालय स्थित आरटीपीएस कार्यालय के सामने वर्षों पुराना लगभग 30 से 35 फीट ऊंचा अशोक का पेड़ तेज हवा के कारण गिर गया। पेड़ के 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन पर गिरने से पूरे इलाके की विद्युत आपूर्ति



बाधित हो गई। पेड़ गिरने से आरटीपीएस कार्यालय के सामने बना छप्पर भी क्षतिग्रस्त हो गया।लगभग 22 घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रहने से आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बिजली नहीं रहने के कारण घरेलू कार्यों के साथ-साथ प्रखंड कार्यालय का कामकाज भी प्रभावित रहा। मरम्मत कार्य मंगलवार सुबह 10 बजे से शाम 4:30 बजे तक चला। जिसके बाद बिजली आपूर्ति बहाल की जा सकी।कनीय अभियंता कौशल कुमार ने बताया कि प्रखंड के दर्जनों स्थानों पर आंधी-तूफान से बिजली लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई थी। मंगलवार सुबह से ही मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया,जिसे पूरा करने के बाद आपूर्ति बहाल कर दी गई है। वहीं फॉरेस्टर अधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी के सूचना पर गिरे हुए पेड़ को कटवाकर रास्ता साफ कराया गया और लकड़ियों को मुख्यालय परिसर में सुरक्षित रख दिया गया। आंधी-बारिश से जहां कई लोगों का आशियाना उजड़ गया, वहीं लंबे समय तक बिजली बाधित रहने से पूरे प्रखंड क्षेत्र में जनजीवन पर व्यापक असर पड़ा।

# तेल और अल नीनो बिगाड़ेगा भारत का बजट, जीडीपी ग्रोथ पर आई बड़ी चेतावनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मिडिल ईस्ट में जारी तेल संकट ने भारत की अर्थव्यवस्था को हिला दिया है। इसे लेकर दिग्गज फर्म ने चेतावनी जारी दी है। वैश्विक ब्रोकरेज फर्म यूबीएस रिसर्च की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, भारत की आर्थिक विकास दर (जीडीपी ग्रोथ) वित्त वर्ष 2027 में धीमी हो सकती है। मिडिल ईस्ट (पश्चिम एशिया) में जारी तनाव और कमजोर मानसून की आशंकाओं के चलते यूबीएस ने भारत के विकास दर अनुमान को 6.7 प्रतिशत से घटाकर 6.2 प्रतिशत कर दिया है।

## रिपोर्ट में इन दो संकटों का जिक्र

**ऊर्जा संकट:** यूबीएस के अनुसार मध्य पूर्व का संघर्ष अब केवल कच्चे तेल तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इससे रिफाइंड ईंधन की आपूर्ति और शिपिंग रूट भी प्रभावित हो रहे हैं। रिपोर्ट में इसे भारत जैसे उभरते बाजारों के लिए एक ऐतिहासिक रूप से बड़ा ऊर्जा संकट बताया गया है। भारतीय मौसम विभाग ने साल 2026 के मानसून सीजन के



लिए सामान्य से कम बारिश का अनुमान जताया है। जून से सितंबर के बीच अल नीनो की 60 प्रतिशत से अधिक संभावना ग्रामीण मांग और खाद्य मुद्रास्फीति पर दबाव बढ़ा सकती है।

**कितना पड़ा असर:** यूबीएस ने कहा कि मार्च में भारत की आर्थिक गति धीमी होने लगी थी। मैन्युफैक्चरिंग गतिविधि कमजोर हुई, कोर सेक्टर की वृद्धि धीमी हुई। साथ ही गैस की कमी और राशनिंग के बीच उर्वरक उत्पादन में भारी गिरावट आई। हालांकि इस दौरान ऑटो बिक्री और बैंक लोन में तेजी आई।

भारत की जीडीपी में 56 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाली घरेलू खपत, उच्च महंगाई और कम वास्तविक आय के कारण खतरे में है। शहरी इलाकों में ढ्ढञ्ज सेक्टर में सुस्त भर्ती और ग्रामीण इलाकों में खेती की कम पैदावार मांग को प्रभावित करेगी।

### विकास दर की संभावनाएं

**यूबीएस ने तेल की कीमतों के आधार पर तीन संभावनाएं जताई हैं:** अगर भारतीय कच्चे तेल की औसत कीमत करीब 100 डॉलर प्रति बैरल रहती है तो वित्त वर्ष 2027 में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर घटकर 6.2 प्रतिशत हो जाएगी। वहीं अगर मध्य-पूर्व में तनाव कम होता है और तेल की कीमतें 85 डॉलर प्रति बैरल तक गिरती हैं तो जीडीपी में सुधार रहेगा और यह 6.5 प्रतिशत हो सकती है। अगर मध्य-पूर्व में तनाव बढ़ता है और कच्चे तेल की कीमतें बढ़कर 150 डॉलर प्रति बैरल तक जाती हैं तो स्थिति काफी गंभीर होगी। ऐसे में जीडीपी 5 से 5.5 प्रतिशत के बीच रह सकती है।

# ड्रोन बनाने वाली कंपनी आइडियाफोर्ज टेक का शेयर 8 प्रतिशत चढ़ा

**मुंबई, एजेंसी।** ड्रोन बनाने वाली कंपनी आइडियाफोर्ज टेक के शेयरों की कीमतों में आज



8 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। जिसके बाद कंपनी के शेयर बीएसई में 52 वीक हाई पर पहुंच गए हैं। आइडियाफोर्ज टेक्नोलॉजी लिमिटेड के शेयरों की कीमतों में उछाल के पीछे की वजह तिमाही नतीजे हैं। बता दें, आइडियाफोर्ज टेक्नोलॉजी लिमिटेड के शेयरों की कीमतों में लगातार 6वें कारोबारी दिन तेजी देखने को मिली है। पिछले कारोबारी सत्र के दौरान इस ड्रोन बनाने वाली कंपनी का शेयर 20 प्रतिशत चढ़ गया था। बीएसई में आज मंगलवार को कंपनी के शेयर 757.20 रुपये के स्तर पर खुले थे। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 8.82 प्रतिशत की तेजी के बाद 795.60 रुपये के स्तर पर पहुंच गया। यह बीएसई में कंपनी का 52 वीक हाई है। बता दें, आइडियाफोर्ज टेक्नोलॉजी लिमिटेड का 52 वीक लो लेवल 356 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 3399.97 करोड़ रुपये का है। आइडियाफोर्ज टेक्नोलॉजी लिमिटेड को मार्च तिमाही के दौरान कुल 60 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट हुआ था। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी को 26 करोड़ रुपये के घाटा का सामना करना पड़ा था। रेवन्यू के मोर्चे पर भी कंपनी को बड़ी राहत मिली है। सालाना आधार पर आइडियाफोर्ज टेक्नोलॉजी लिमिटेड का रेवन्यू 600 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 141 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। एक साल पहले इसी तिमाही में यह 20 करोड़ रुपये था।

# पेट्रोल और डीजल की कीमतों में जल्द हो सकती है बढ़ोतरी

**मुंबई, एजेंसी।** देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में जल्द बढ़ोतरी हो सकती है। सरकारी



सूत्रों के अनुसार, बढ़ती कच्चे तेल की कीमतों के कारण तेल विपणन कंपनियों पर वित्तीय दबाव लगातार बढ़ रहा है, जिससे कीमतें बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, सरकारी तेल कंपनियां फिलहाल लागत से कम कीमत पर पेट्रोल, डीजल और एलपीजी बेच रही हैं, जिससे उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 2-4 प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि, इस पर अंतिम निर्णय अभी बाकी है। इस मुद्दे पर कंपनियां पेट्रोलियम मंत्रालय और वित्त मंत्रालय के साथ लगातार चर्चा कर रही हैं। मध्य पूर्व में जारी तनाव के चलते ब्रेंट क्रूड की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के पार बनी हुई हैं। इससे भारत जैसे आयातक देशों की लागत बढ़ गई है और कंपनियों की मार्जिन पर असर पड़ा है।

# विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार से निकाले 1 लाख करोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेशी संस्थागत निवेशकों ने हाल के महीनों में भारतीय बाजार में जमकर बिकवाली की है। पिछले 240 कारोबारी दिनों में से करीब 150 दिन एफआईआई भारतीय बाजार में नेट सेलर रहे। यानी पिछले एक साल में विदेशी निवेशकों ने हर पांच दिन में से तीन दिन बिकवाली की। ज्यादातर बिकवाली पश्चिम एशिया में तनाव के




बाद शुरू हुई। इससे तेल की कीमतों में तेजी आई और भारत की मैक्रोइकनॉमिक स्टैबिलिटी को लेकर चिंताएं उठने लगीं। पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक निकाल चुके हैं जबकि निफ्टी हालिया हाई से 9 फीसदी से अधिक गिर चुका है।

भारत अपनी जरूरत का करीब 85 फीसदी तेल आयात करता है। यही वजह है कि तेल की कीमत में तेजी से भारत में चालू खाते का घाटा बढ़ने, ग्रोथ प्रभावित होने और महंगाई बढ़ने का खतरा मंडराने लगता है। इससे विदेशी निवेशक धड़ाधड़ शेयर बेचने लगते हैं और रुपये में गिरावट आती है। आज शुरुआती कारोबार में रुपया डॉलर के मुकाबले 95.40 तक गिर गया जो इसका ऑल-टाइम लो लेवल है। पिछले सत्र में यह ऑल-टाइम लो पर बंद हुआ था। रुपया इस साल एशिया में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली करेंसीज में एक है।

**कब-कब हुई बिकवाली:** इस साल सबसे बड़ी बिकवाली 2 अप्रैल को रही जब विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार में 19,837 करोड़ रुपये के शेयर बेच दिए। उससे पहले मार्च में भी विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार में काफी शेयर बेचे थे। 24 मार्च को एफआईआई ने 11,299 करोड़ रुपये, 20 मार्च को 10,966 रुपये और 16 मार्च को 10,827 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। पिछले साल 21 मई को उन्होंने 10,000 करोड़ रुपये की बिकवाली की थी।

### प्रीमियम पर भारतीय बाजार

घरेलू शेयर बाजार में हाल में आई गिरावट के बावजूद यह अब भी अधिकांश बड़े एशियाई देशों की तुलना में प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा है। विदेशी निवेशक आज भारत को अलग-थलग करके नहीं देख रहे हैं बल्कि साउथ कोरिया, ताइवान और चीन जैसे बाजारों के साथ इसकी तुलना कर रहे हैं। जियोजित इनवेस्टमेंट्स में चीफ इनवेस्टमेंट स्ट्रैटजिस्ट वीके विजयकुमार ने कहा कि एफआईआई के व्यवहार के पीछे ग्लोबल कैपिटल में एआई ड्रिवन शिफ्ट एक बड़ा कारण है।

# 20 दिन में पैसे डबल, परसों होने वाली है कंपनी की बोर्ड मीटिंग

**मुंबई, एजेंसी।** आप किसी ऐसे शेयर को जानते हैं जिसने करीब 20 दिन में ही निवेशकों के पैसे को डबल कर दिया है। जी हां, गुजरात की एक कंपनी है एवीआई पॉलीमर्स लिमिटेड जिसने निवेशकों के पैसे को इतने दिन में ही डबल कर दिया है। अब इस कंपनी ने सूचना दी है कि इसके निदेशक मंडल की परसों यानी गुरुवार, 7 मई, 2026 को बैठक हो रही है। इस बैठक में लगभग 500 करोड़ रुपये की संभावित निधि जुटाने सहित प्रमुख रणनीतिक प्रस्तावों पर विचार किया जाएगा।



**20 दिन में पैसे डबल:** ईरान-इजरायल युद्ध के बीच इस समय भारतीय शेयर बाजार ही नहीं, दुनिया भर के शेयर बाजारों की हालत खराब है। लेकिन एवीआई पॉलिमर्स ने करीब 20 दिन में ही निवेशकों का पैसा लगभग दूना कर दिया है। बीते 13 अप्रैल को इस कंपनी का शेयर बीएसई में 11.16 रुपये था। आज यानी 5 मई 2026 को इसका दाम 22 रुपये पर पहुंच गया। मतलब कि लगभग 20 दिन में ही इस शेयर का दाम करीब दूना हो गया है। इस कंपनी ने शेयर बाजार को सूचना दी है कि इसके निदेशक मंडल की बैठक आगामी गुरुवार को होने वाली है। इस दौरान बोर्ड आवश्यक नियामक और शेयरधारक अनुमोदन के अधीन, योग्य संस्थागत प्लेसमेंट, तरजीही निर्गम, प्राइवेट प्लेसमेंट या अनुमत मार्गों के संयोजन जैसे विभिन्न पूंजी जुटाने के विकल्पों का मूल्यांकन करेगा।

# अरबपतियों के टॉप-10 लिस्ट में उथल-पुथल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के टॉप-10 अरबपतियों की लिस्ट में आज बड़ा बदलाव दिख रहा है। लैरी एलिसन की संपत्ति में 8.61 अरब डॉलर का भारी इजाफा हुआ है। इस उछाल के साथ अब वह दुनिया के 5वें सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। उन्होंने मेटा के मालिक मार्क जुकरबर्ग को पछाड़ा है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स की ताजा लिस्ट में लैरी एलिसन की नेटवर्थ 233 अरब डॉलर है। जबकि, जुकरबर्ग की 217 अरब डॉलर। दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट में अब एक नई कैटगरी आ गई है। यह कैटेगरी है 300 अरब डॉलर क्लब की है। इसमें केवल 3 ऐसे अमीर हैं, जिनकी संपत्ति 300 अरब डॉलर या 300 अरब डॉलर से अधिक है। इनमें केवल 3 नाम हैं। टेस्ला के एलन



मस्क, अल्फाबेट के लैरी पेज और सर्गी ब्रिन। अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी इस समय भारत के सबसे अमीर व्यक्ति हैं। उन्होंने पिछले दिनों मुकेश अंबानी को पछाड़ यह स्थान हासिल किया। आज की डेट में अडानी दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 17वें स्थान पर हैं।

### दुनिया के अमीरों की टॉप-10 लिस्ट में कौन-कौन हैं

ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स में सबसे ऊपर 659 अरब डॉलर के साथ एलन मस्क हैं। लैरी पेज के पास 323 अरब डॉल कर संपत्ति है। जेफ बेजोस 300 अरब डॉलर के साथ तीसरे स्थान पर हैं। चौथे स्थान पर सर्गी ब्रिन हैं। इनका नेटवर्थ 290 अरब डॉलर है। लैरी एलिसन 233 अरब डॉलर के साथ 5वें स्थान पर हैं। बता दें ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स दुनिया के सबसे अमीर लोगों की रोजाना की रैंकिंग है। ये आंकड़े न्यूयॉर्क में हर ट्रेडिंग दिन के अंत में अपडेट किए जाते हैं। मार्क जुकरबर्ग छठे नंबर पर हैं और इनके पास कुल 217 अरब डॉलर की संपत्ति है। माइकल डेल 179 अरब डॉलर के साथ 7वें स्थान पर हैं।



# मार्केट में गिरावट के बीच इस शेयर ने कर दिया मालामाल, करीब 10 प्रतिशत उछला

## चौथी तिमाही में नेट प्रॉफिट 124 प्रतिशत बढ़ा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रियल एस्टेट सेक्टर की दिग्गज कंपनी सोभा लिमिटेड के शेयर में मंगलवार को जबरदस्त तेजी देखने को मिली। वह भी तब जब शेयर बाजार में गिरावट है। कंपनी के दमदार तिमाही नतीजों के बाद निवेशकों का भरोसा बढ़ा और शेयर की कीमतों में करीब 10 प्रतिशत की उछाल आ गई। आइए जानते हैं कंपनी के ताजा आंकड़ों, ग्रोथ की वजहों और आगे की रणनीति के बारे में।

बीएसई पर सोभा लिमिटेड का शेयर कारोबार के दौरान 1,575.55 के दिन के उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो करीब 10 प्रतिशत की बढ़त दर्शाता है। कंपनी के शानदार तिमाही नतीजों ने निवेशकों का विश्वास मजबूत किया है।

सोभा लिमिटेड ने जनवरी-मार्च तिमाही में शानदार प्रदर्शन किया है। कंपनी का नेट प्रॉफिट बढ़कर 92 करोड़ हो गया, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में यह 41 करोड़ था। यानी साल-दर-साल आधार पर इसमें 124 प्रतिशत का उछाल आया है।

कंपनी की कुल आय यानी रेवेन्यू भी तेजी से बढ़ी है। चौथी तिमाही में यह 2,030 करोड़ रही, जो पिछले साल की समान तिमाही के 1,270 करोड़ से 29 प्रतिशत अधिक है। साथ ही, कंपनी का श्वक्क्ष्ुझ-ष्ठ 62 प्रतिशत बढ़कर 152 करोड़ हो गया। मार्जिन सालाना आधार पर 8 प्रतिशत पर स्थिर रहा। सोभा की कलेक्शन की रफ्तार भी तेज रही। तिमाही के दौरान कंपनी ने 1,990 करोड़ का कलेक्शन किया, जो पिछली तिमाही से 11 प्रतिशत और पिछले साल की समान तिमाही से 26 प्रतिशत अधिक है। वहीं, सेल्स वैल्यू 2,039 करोड़ रही, जो सालाना आधार पर 30 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। कंपनी ने 1.33 मिलियन स्क्वायर फीट एरिया बेचा और एवरेज प्राइस रियलाइजेशन 15,268 प्रति वर्ग फीट रहा।

पूरे वित्त वर्ष 2026 के आंकड़े भी उत्साहजनक रहे। कंपनी की टोटल कलेक्शन 7,798 करोड़ रही। सेल्स वैल्यू 8,135 करोड़ हो गई, जो एफवाय25 के 6,276 करोड़ से 30 प्रतिशत अधिक है। सबसे अच्छी खबर यह रही कि कंपनी का नेट डेट तेजी से घटकर 800 करोड़ रह गया, जिससे नेट डेट-टू-इक्विटी रेशियो -0.17 (सुधार का संकेत) हो गया। शहरों की बात करें तो चौथी तिमाही में बेंगलुरु ने सबसे अधिक 1,037 करोड़ की बिक्री की, जो कंपनी की कुल बिक्री का 51 प्रतिशत है। इसके बाद एनसीआर का स्थान रहा, जहां सोभा रिवाना प्रोजेक्ट के लॉन्च से मदद मिली और 610 करोड़ की बिक्री हुई। केरल क्षेत्र ने 259 करोड़ का योगदान दिया।

# टाटा के सुस्त शेयर ने 11 प्रतिशत से अधिक की लगाई छलांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड के शेयरों की कीमतों आज मंगलवार को 11 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। इस उछाल के बाद कंपनी के शेयरों का भाव बीएसई में 659.65 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया है। बता दें, टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने तिमाही नतीजों के साथ-साथ डिविडेंड का भी ऐलान किया है। टाटा टेक्नोलॉजी की तरफ से दी जानकारी में बताया गया है कि जनवरी से मार्च तिमाही के दौरान कुल नेट प्रॉफिट 204.17 करोड़ रुपये रहा है। जोकि सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत बढ़ा है। एक साल पहले इसी वित्त वर्ष में कंपनी का नेट प्रॉफिट 188.87 करोड़ रुपये रहा था। रेवन्यू की बात करें तो मार्च क्वार्टर में यह 22.29 प्रतिशत की बढ़ोतरी के बाद 1572.22 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। इसके पहले के वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में यह कंपनी का रेवन्यू 1285.65 करोड़ रुपये रहा था। बता दें, तिमाही दर तिमाही के आधार पर कंपनी के रेवन्यू में 15.10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पिछले वित्त वर्ष की आखिरी तिमाही में टाटा टेक्नोलॉजीज़ का 252.10 करोड़ रुपये रहा है। जोकि सालाना आधार पर 8 प्रतिशत अधिक है। टाटा टेक्नोलॉजी ने तिमाही नतीजों के साथ-साथ डिविडेंड का भी ऐलान किया है। कंपनी ने बताया है कि 8.35 रुपये प्रति शेयर फाइनल डिविडेंड दिया जाएगा। वहीं, एक शेयर पर 3.35 रुपये का स्पेशल डिविडेंड दिया जाएगा। 2




रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर योग्य निवेशकों को 11.70 रुपये का फायदा होगा। बीते एक महीने के दौरान टाटा टेक्नोलॉजीज़ के शेयरों की कीमतों में 19.20 प्रतिशत की तेजी आई है। हालांकि, इसके बाद भी एक साल में यह स्टॉक 3 प्रतिशत से अधिक टूट चुका है। बता दें, टाटा टेक्नोलॉजी का 52 वीक हाई 797 रुपये और 52 वीक लो लेवल 507.50 रुपये है।

# एनएसई की नई सुविधा: शेयरों की तरह 'असली सोना' खरीद सकेंगे निवेशक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के प्रमुख शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रसीद की शुरुआत कर दी है। इसके जरिए निवेशकों को सोने में निवेश करने का एक और विकल्प मिलेगा। इसके जरिए निवेश शेयरों की तरह सोने की खरीद-बिक्री कर सकेंगे। यह फिजिकल गोल्ड होगा, जिसे लंबी अवधि तक निवेशक डीमैट खाते में ईजीआर के रूप में रख सकेंगे।

इससे पहले बीएसई ने इसकी शुरुआत की थी। इस नई व्यवस्था में अब फिजिकल गोल्ड की खरीद-बिक्री पूरी तरह डिजिटल तरीके से की जा सकेगी और कीमत तय करने की प्रक्रिया भी ज्यादा साफ और भरोसेमंद बनेगी। अभी देश में सोना परंपरागत रूप से भौतिक रूप में खरीदा जाता रहा है, जिससे कीमतों में अलग-अलग जगहों पर अंतर रहता है। नई व्यवस्था इस अंतर को कम कर सकती है और एक समान कीमत तय करने में मदद करेगी। वर्तमान में एनएसई पर गोल्ड डेरिवेटिव्स और गोल्ड ईटीएफ का कारोबार होता है।

राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमत 6,800 रुपये चढ़कर 2.49 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रही। वहीं, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,000 रुपये, यानी 1.3 प्रतिशत टूटकर 1,52,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। गुरुवार को इसकी कीमत 1,54,800 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रसीद का



कारोबार स्टॉक एक्सचेंजों पर शेयरों की खरीद-बिक्री की तरह किया जाता है। इसके लिए निवेशक के पास डीमैट खाता होना जरूरी है। शेयरों की तरह ही एक्सचेंज पर किसी खास समय पर सोने की कीमत दिखेगी। सुविधानुसार निवेशक अपनी मर्जी से उसकी खरीद-बिक्री कर सकते हैं। खरीदा सोना डीमैट खाते में जमा किया जाएगा। इसकी इलेक्ट्रॉनिक रसीद जारी की जाएगी।

**ऐसे होती है खरीद-बिक्री:** यदि किसी निवेशक ने आज 50 ग्राम सोना खरीदा है और तीन महीने बाद उसकी कीमत बढ़ती है तो उसे बेचने के लिए उसे सिर्फ सेल का बटन दबाना होगा। सोने की तात्कालिक कीमत के हिसाब से रकम आपके खाते में आ जाएगी।

**निवेशक ध्यान रखें:** ईजीआर के जरिये छोटे निवेशक, आयातक, बैंक, सर्राफा कारोबारी, आभूषण बनाने वाले और खुदरा विक्रेता सोने की खरीद बिक्री कर सकते हैं। खासतौर पर छोटे निवेशक कम मात्रा में सोने में निवेश कर पाएंगे, क्योंकि उन्हें पूरा सोना खरीदने की जरूरत नहीं होगी।

**क्या है गोल्ड रसीद:** एनएसई के मुताबिक, इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रसीद दरअसल भौतिक सोने का डिजिटल रूप है। यानी हर इलेक्ट्रॉनिक रसीद खरीदने पर उतना ही मात्रा में असली सोना डिपॉजिटरी सिस्टम में सुरक्षित रखा जाता है। उसके बदले निवेशक को इलेक्ट्रॉनिक रूप में रसीद दी जाएगी, जिसमें पूरा ब्योरा दर्ज होगा। निवेशक चाहें तो इसे बाजार में खरीद-बेच सकते हैं और जरूरत पड़ने पर इसे असली सोने में भी बदल सकते हैं।

# कोयल अपैरल पार्क का पुनः शुभारंभ

## महिलाओं को मिलेगा बड़े पैमाने पर रोजगार : मंत्री




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** आज पलामू जिले में कोयल अपैरल पार्क का पुनः शुभारंभ किया गया। यह पहल जिला प्रशासन एवं लीजर एंड लाइफस्टाइल ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से संचालित हो रही है, जहां डिक्सी स्कॉट अंतःवस्त्र उत्पादन इकाई में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा कार्य किया जा रहा है।

इस इकाई के माध्यम से वर्तमान में सखी मंडल की 60 दीदियों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया गया है, वहीं आगामी 6 माह में लगभग 300 महिलाओं को रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने दीदियों के कार्यों की सराहना करते हुए इस मॉडल को अन्य जिलों एवं प्रखंडों में भी लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने जिले में इस प्रकार की पहल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पाटन प्रखंड स्थित कोयल अपैरल पार्क के रीनोवेशन हेतु 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने टी-शर्ट एवं पैजामा निर्माण कार्य प्रारंभ करने का सुझाव भी दिया।

यह पहल स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण एवं टिकाऊ आजीविका को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण विकास मंत्री एवं वित्त मंत्री द्वारा सखी मंडल की दीदियों द्वारा लगाए गए विभिन्न उत्पादों के स्टॉल का निरीक्षण भी किया गया।

इस दौरान मनातू प्रखंड के मधु, पपीता, तरबूज, लेयर बर्ड के साथ-साथ अन्य प्रखंडों के श्रृंगार सामग्री, तेल एवं दाल जैसे उत्पादों की जानकारी प्राप्त की गई।

# जन सुनवाई कार्यक्रम में आमजनों की समस्याओं का हुआ निष्पादन

खूंटी। उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया के निर्देशानुसार आज जिले के सभी प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालयों में लोक शिकायत निवारण कार्यक्रम (जन सुनवाई) का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में आमजनों ने भाग लेकर अपनी समस्याओं को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं संबंधित थाना प्रभारी के समक्ष प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के दौरान प्राप्त विभिन्न प्रकार की शिकायतों एवं समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। कई मामलों में तत्काल समाधान सुनिश्चित किया गया, जबकि शेष मामलों के शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।कार्यक्रम का उद्देश्य आमजनों को समस्याओं के समाधान हेतु स्थानीय स्तर पर ही सुलभ, पारदर्शी एवं प्रभावी मंच उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें जिला मुख्यालय तक आने की आवश्यकता न पड़े एवं उनकी समस्याओं का त्वरित निवारण सुनिश्चित किया जा सके।

कार्यक्रम में विधि-व्यवस्था एवं अन्य संबंधित मामलों के त्वरित समाधान हेतु संबंधित थाना प्रभारी की भी उपस्थिति सुनिश्चित की गई, जिससे शिकायतों के निष्पादन में समन्वय एवं प्रभावशीलता बनी रही। उपायुक्त द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जन सुनवाई कार्यक्रम में प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए उनका समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें।


**कोर्ट नोटिस**

**न्यायालय सिविल जज (सिनियर डिविजन) प्रथम, बोकारो**
**मूल वाद सं.-40/2021**

सुशीला चौधरी उर्फ सुशीला देवी--वादिनी
**बनाम**
मनोज कुमार चौधरी एवं अन्य... प्रतिवादीगण

प्रेषितः-
1. राजीव कुमार चौधरी, पिता-स्व. भोलानाथ चौधरी, पता-मकान सं.-271, द्वारा वैभव होटल, चास, पो. व थाना-चास, जिला-बोकारो, झारखण्ड-827013

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि वादिनी ने आपके विरूद्ध उपरोक्त मूल वाद दायर किया है जो इस न्यायालय में लंबित है जिसमें आपको नजारत एवं निबंधित डाक द्वारा सम्मन निर्गत कर भेजा गया है। इसके बावजूद भी आप उक्त वाद में उपस्थित नहीं हुये।

अतः आपको निर्देश दिया जाता है कि दिनांक 12.5.2026 को सुबह 7:30 बजे आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे अन्यथा आपके अनुपस्थिति में प्रस्तुत वाद की कार्यवाही एक पक्षीय कर दिया जाएगा। इसे सख्त ताकीद जाने।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से दिनांक 27.4.2026 को निर्गत

**सिविल जज (सिनियर डिविजन), प्रथम, बोकारो**



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या : ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/753, दिनांकः 04.05.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा, पश्चिम बंगाल-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के लिए ओपन ई-टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं: **क्रम सं. 1, निविदा संख्या : ईएल-एचडब्ल्यूएच -25-21-3433-आर, कार्य का नाम :** "एईएन/रामपुरहाट के अधीन रामपुरहाट (4 अदद) और नलहाटी (1 अदद) में पाइपलाइन के साथ 50000 गैलन क्षमता के आरसीसी ओ.एच. टैंक द्वारा स्टील ओ.एच. टैंक का प्रतिस्थापन एवं अन्य सहायक कार्य" से संबंधित विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 41,85,433/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 83,700/-, **क्रम सं. 2, निविदा संख्या : ईएल-एचडब्ल्यूएच -25-21-3280-आर1, कार्य का नाम :** टिकियापाड़ा कोचिंग यार्ड और सॉर्टिंग यार्ड कोचिंग कॉम्प्लेक्स में आवश्यक केबलिंग कार्य के साथ एलईडी फ्लड लाइट/स्ट्रीट लाइट द्वारा मेटल हेलाइड/सोडियम वेपर लाइट फिटिंग्स का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य :** रु. 25,94,820/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 51,900/-, **क्रम सं. 3, निविदा संख्याः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3569-आर, कार्य का नाम :** "एईएन/नबद्वीपधाम के अधीन रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 8/1 के स्थान में नए एलएचएस का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 9,25,614/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 18,500/-, **क्रम सं.4, निविदा संख्या : ईएल-एचडब्ल्यूएच -25-21-3545-आर, कार्य का नाम :** "वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के तहत सेवड़ाफुली, बीएचआर और तारकेश्वर स्टेशनों पर महिला ड्रेस चेंजिंग रूम के साथ सेवड़ाफुली, बैद्यबाटी, बीएचआर, हुगली, सिंगुर, बाहिरखंड, तालपुर हाल्ट, तकीपुर हॉल्ट, तारकेश्वर, हरिपाल, बिष्णुपुर,जीएनजेपी, मैनापुर मायापुर, आरामबाग और गोघाट स्टेशनों पर गैंग हट का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 29,61,786/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 59,200/-, **क्रम सं.5, निविदा संख्या : ईएल-एचडब्ल्यूएच -25-21-3314-आर4, कार्य का नाम :** 1) "हावड़ा मंडल में हॉट एक्सल बॉक्स डिटेक्टर (एचबीडी) (09 जगहों पर) की स्थापना" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। 2)"बेलानगर स्टेशन लिमिट में एलसी गेट नं. 5/बी/टी/एसपीएल के पास किमी 10/18-20 पर अप एचबीसी लाइन में हॉट एक्सल बॉक्स डिटेक्टर (एचएबीडी) की स्थापना" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 13,11,470/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 26,200/-, **क्रम सं.6, निविदा संख्या : ईएल-एचडब्ल्यूएच -25-21-3467, कार्य का नाम :** "एडीईएन/रामपुरहाट के अधिकार क्षेत्र में एलएचएस नं. 36, 40, 38 आदि में दोनों सिरों पर दोनों अप्रोचों की रूफ कवरिंग व्यवस्था, वाटर स्टोरेज रिजर्वायर के साथ संप, ड्रेनेज व्यवस्था द्वारा मौजूदा एलएचएस के उन्नयन के साथ सुधार" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 26,32,028/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 52,700/-, **पूर्णता अवधिः** 180 दिन (क्रम सं. 1 से 6 प्रत्येक हेतु)। **समापन तिथि एवं समयः** दिनांक 22.05.2026 को 15.00 बजे (क्रम सं. 1, 2, 4, 5 प्रत्येक हेतु) एवं दिनांक 26.05.2026 को 15.00 बजे (क्रम सं. 3 एवं 6 प्रत्येक हेतु)। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

HWH-47/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# उपायुक्त ने की उद्योग विभाग की योजनाओं की समीक्षा

## लंबित आवेदनों के शीघ्र निष्पादन के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त, पलामू की अध्यक्षता में उद्योग विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं–प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना एवं पीएम विश्वकर्मा योजना–की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, पलामू द्वारा उपरोक्त सभी योजनाओं की प्रगति एवं क्रियान्वयन से संबंधित संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत की गई। इसके उपरांत उपायुक्त द्वारा योजनावार समीक्षा की गई।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान लक्ष्य के अनुरूप भुगतान नहीं होने पर उपायुक्त ने असंतोष व्यक्त किया और संबंधित बैंकिंग संस्थानों को प्रदर्शन में सुधार लाने के निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि कुल 84 आवेदन पत्र बैंक स्तर पर लंबित हैं, जबकि स्वीकृत एवं भुगतान की संख्या मात्र 29 है। इस पर उपायुक्त ने गहरी नाराजगी जताते हुए सभी बैंक प्रबंधकों एवं समन्वयकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि राज्य एवं केंद्र प्रायोजित योजनाओं के आवेदनों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए।

उपायुक्त ने निर्देशित किया कि सभी लंबित आवेदनों का निष्पादन 15 कार्य दिवस के भीतर सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, जिन आवेदनों को अस्वीकृत किया जाता है, उन्हें विधिवत कारणों के साथ ही अस्वीकृत किया जाए, ताकि लाभुकों को पारदर्शी एवं स्पष्ट जानकारी मिल सके।बैठक में उपायुक्त, पलामू द्वारा महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र को निर्देश दिया गया कि वे सभी बैंकों के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित कर लंबित आवेदनों के स्वीकृति एवं भुगतान की प्रक्रिया में तेजी लाएं। साथ ही, 15 दिनों के पश्चात सभी बैंकों की पुनः समीक्षा कर प्रगति प्रतिवेदन उपायुक्त कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उपायुक्त ने यह भी कहा कि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना प्रशासन एवं बैंकिंग तंत्र की साझा जिम्मेदारी है, जिससे अधिक से अधिक लाभुकों को योजनाओं का लाभ मिल सके और जिले में स्वरोजगार एवं उद्यमिता को बढ़ावा मिले। बैठक में जिला उद्योग केंद्र के पदाधिकारी, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# केजीबीवी की छात्राओं के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खूंटी। उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया के निदेशानुसार आज कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) कलामाटी खूँटी में छात्राओं के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी दिपेश कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी आपरूपा पाल चौधरी एवं कार्यपालक दंडाधिकारी बिपिन विस्वास समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

अधिकारियों द्वारा छात्राओं से विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं, भोजन, आवास, पढ़ाई एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली गई।

छात्राओं से पूछा गया कि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी तो नहीं है तथा किसी भी समस्या को खुलकर साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

छात्राओं ने भी अपनी-अपनी बातें अधिकारियों के समक्ष रखीं एवं विद्यालय से जुड़े अनुभव साझा किए। इस दौरान छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास, करियर विकल्प एवं भविष्य की संभावनाओं को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने छात्राओं को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने एवं अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को बेहतर शिक्षा एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

ई-निविदा सूचना संख्या: ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-32-37-26, दिनांक 30.04.2026। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (अभियांत्रिकी)/आद्रा, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा नीचे उल्लिखित अनुसार **प्लेटफॉर्म, समपार, पी.वे तथा विविध कार्यों** के लिए **06 (छह)** अदद ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम संख्या: 1। निविदा संख्या: ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-32-26। कार्यों का विवरण:** जमा शर्तों पर बांकुड़ा और अंचूरी पी. एच. स्टेशन के बीच काटजुरीडांगा पर नए पैसेंजर हाल्ट का निर्माण (चरण-I के अधीन उच्च स्तर का प्लेटफॉर्म) (अवशिष्ट कार्य)। **निविदा मूल्य:** ₹ 49,65,356.55। **क्रम संख्या: 2। निविदा संख्या: ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-33-26। कार्यों का विवरण:** गड़बेता (जीबीए) स्टेशन पर अप लूप लाइन और आइलैंड पैसेंजर प्लेटफॉर्म के प्रावधान द्वारा डाउन मेन सह अप लूप की सुविधा के उन्मूलन के लिए दोनों छोरों पर अप और डाउन मेन लाइन क्रॉस ओवर की डिस्मैंटलिंग कार्य के सम्बन्ध में पुल के निर्माण तथा पी.वे कार्य का संपादन। **निविदा मूल्य:** ₹ 3,20,87,863.36। **क्रम संख्या: 3। निविदा संख्या: ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-34-26। कार्यों का विवरण:** चन्द्रकोणा रोड पर अप लूप लाइन और पैसेंजर प्लेटफॉर्म के प्रावधान द्वारा डाउन मेन सह अप लूप की सुविधा के उन्मूलन के लिए चन्द्रकोणा रोड के कार्य के सम्बन्ध में पी.वे कार्य का संपादन। **निविदा मूल्य:** ₹1,94,21,758.89। **क्रम संख्या: 4। निविदा संख्या: ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-35-26। कार्यों का विवरण:** चन्द्रकोणा रोड - चन्द्रकोणा रोड पर अप लूप लाइन और पैसेंजर प्लेटफॉर्म के प्रावधान द्वारा डाउन मेन सह अप लूप की सुविधा का उन्मूलन। **निविदा मूल्य:** ₹ 10,41,84,238.68। **क्रम संख्या: 5। निविदा संख्या: ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-36-26। कार्यों का विवरण:** एडीईएन-ईस्ट/आद्रा के अधिकार क्षेत्र के अधीन अप्रोच रोड सहित समपार, समपार की समपार रबराइज्ड सतह तथा जल आपूर्ति व्यवस्था का सुधार तथा समपार फाटक में एटी की आपूर्ति। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,65,46,358.88। **क्रम संख्या : 6। निविदा संख्या: ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-37-26। कार्यों का विवरण:** एडीईएन/पुरुलिया के अधिकार क्षेत्र के अधीन अप्रोच रोड सहित समपार, समपार की रबराइज्ड सतह तथा जल आपूर्ति व्यवस्था का सुधार तथा समपार फाटक में एटी की आपूर्ति। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,71,57,862.83। ई-निविदा बंद होने की तारीख और समय **05.06.2026** को **अपराह्न 3.00 बजे** (क्रम संख्या 1 से 6 प्रत्येक के लिए) है। उपर्युक्त ई-निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। **(PR-119)**


# चचरी पुल से मोटरसाइकिल बही

### बाल बाल बचे आधा दर्जन लोग



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारसोई / कटिहार।** बारसोई प्रखंड क्षेत्र के तारापुर घाट पर बना बांस का चचरी पुल पानी की तेज धार में बह गया, जिससे स्थानीय लोगों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया हैं। यह पुल पश्चिम बंगाल के गोड़ाहाल और बारसोई के तारापुर के बीच संपर्क का प्रमुख साधन था। पुल बह जाने के कारण अब लोगों को नदी पार करने के लिए नाव का सहारा लेना पड़ेगा, जिससे दैनिक जीवन पर काफी असर पड़ेगा। खासकर मजदूरों, छात्रों और छोटे व्यापारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घटना के दौरान एक मोटरसाइकिल समेत कुछ लोग नदी में गिर गए,लेकिन स्थानीय ग्रामीणों की सूझबूझ और तत्परता से सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इस हादसे में किसी भी प्रकार की जान-माल की क्षति नहीं हुई है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द वैकल्पिक व्यवस्था करने और स्थायी पुल निर्माण की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके। इस संबंध में अंचल पदाधिकारी श्याम सुंदर साहा ने कहा कि पानी के बाहाव के कारण चचरी पुल बह गई है। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। कल नाव की व्यवस्था की जा रही है ताकि लोगों का आवागमन सुचारू ढंग से हो सके।

# सरायगढ़ - देवघर के बीच चलेंगी अनारक्षित ट्रेनें

## विक्रमशिला सेतु प्रभावितों को मिलेगी राहत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर/रांची।** भागलपुर में विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त होने के बाद हालात गंभीर बने हुए हैं। पुल का एक हिस्सा टूटकर गंगा में गिरने से आवागमन पूरी तरह बंद है। इस स्थिति को देखते हुए भारतीय रेलवे सक्रिय हो गया है और कुछ रेलगाड़ियों का परिचालन शुरू किया गया है। आने वाले दिनों में और ट्रेनों के चलने की संभावना है, जिसकी मांग भी लोग लगातार कर रहे हैं। इस संबंध में ईस्ट सेंट्रल रेलवे ने बड़ी राहत दी है। सरायगढ़ और देवघर के बीच अनारक्षित विशेष मेमू ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है, जिससे यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी।

रेलवे की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, गाड़ी संख्या 05573/05574 सरायगढ़ देवघर मेमू स्पेशल ट्रेन 7 मई से 31 मई 2026 तक चलाई जाएगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में प्रतिदिन संचालित होगी और कुल 25 फेरे लगाएगी।

इस विशेष ट्रेन का संचालन मेमू रैक के साथ किया जाएगा, जिससे अधिक संख्या में यात्रियों को यात्रा का लाभ मिल सकेगा। रेलवे के अनुसार, यह ट्रेन अनारक्षित श्रेणी में चलेगी, जिससे आम यात्रियों को सस्ती और सुलभ यात्रा का विकल्प मिलेगा।

गाड़ी संख्या 05573 सरायगढ़ से सुबह 3:05 बजे प्रस्थान करेगी और विभिन्न स्टेशनों पर रुकते हुए पूर्वाह्न 11:20 बजे देवघर पहुंचेगी। वहीं वापसी में गाड़ी संख्या 05574 देवघर से सुबह 11:35 बजे चलेगी और रात 10:15 बजे सरायगढ़ पहुंचेगी। यहां बता दें कि सरायगढ़ रेलवे स्टेशन बिहार के सुपौल जिले में स्थित है और पूर्व मध्य रेलवे (एउफ) के समस्तीपुर मंडल के अंतर्गत आता है।

यह ट्रेन रास्ते में कई महत्वपूर्ण स्टेशनों पर रुकेगी। इससे इन क्षेत्रों के यात्रियों को भी सीधा लाभ मिलेगा।



गर्मी के मौसम में ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए यह स्पेशल ट्रेन यात्रियों के लिए बड़ी राहत साबित होगी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इस सेवा का उद्देश्य यात्रियों की सुविधा बढ़ाना और भीड़ को नियंत्रित करना है, ताकि सभी को सहज यात्रा का अवसर मिल सके। विक्रमशिला सेतु का कुछ हिस्सा गंगा में गिरने से उत्पन्न यातायात संकट में अब आंशिक राहत मिलने की उम्मीद है।

# उपायुक्त ने की पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा

## निर्बाध पेयजल एवं विद्युत उपलब्ध कराने को जिला प्रशासन प्रतिबद्धः उपायुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया द्वारा जिले में निर्बाध पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल तथा कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत को नियमित एवं सुचारू रूप से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल को निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने, खराब ट्रांसफार्मर एवं जर्जर तार को अविलंब ठीक करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने आमजनों के लिए जारी हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से प्राप्त होने वाले पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों का त्वरित एवं प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल तथा कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल को आमजनों की सुविधा हेतु जारी हेल्पलाइन नंबर सक्रिय रखने के निर्देश दिए ताकि लोग पेयजल एवं विद्युत से जुड़ी समस्याओं को आसानी से दर्ज करा सकें। उन्होंने निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निष्पादन करते हुए प्रतिदिन निष्पादित मामलों की रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए।

उपायुक्त ने शिकायत दर्ज करामे के माध्यम को और सरल बनाने को लेकर भी जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी संग विचार विमर्श किया, एवं आमजनों के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म विकसित करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में नगर पंचायत क्षेत्र में संचालित दो वेलनेस सेंटरों की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने वेलनेस सेंटरों में चिकित्सक एवं नर्स की उपलब्धता एवं उनके कार्यों की जानकारी लेते हुए उत्तरदायित्वपूर्ण तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही आमजनों को वेलनेस सेंटरों में उपलब्ध निःशुल्क चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी व्यापक रूप से उपलब्ध कराने को कहा, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ प्राप्त कर सकें।

नगर पंचायत, खूंटी द्वारा शहरी जलापूर्ति योजना अंतर्गत आमजनों की सुविधा हेतु हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में जल-नल कनेक्शन, नलकूप, साफ-सफाई एवं अन्य पेयजल संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों से संपर्क किया जा सकता है।

नगर पंचायत स्तर पर कार्य दिवस में संचालित कंट्रोल रूम में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इसके लिए पदाधिकारियों/कर्मियों के मोबाइल नंबर जारी किए।जिले के विभिन्न प्रखंडों में संचालित नलकूप, लघु तथा वृहद ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं में यदि किसी प्रकार की तकनीकी समस्या या खराबी उत्पन्न होती है तो संबंधित प्रखंड के कनीय अभियंताओं से सीधे संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है, ताकि शीघ्र मरम्मत कर पेयजल आपूर्ति को सुचारु बनाया जा सके।

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूंटी के कार्यालय में कार्य दिवसों पर प्रातः 10:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक नियंत्रण कक्ष भी संचालित किया जा रहा है, जहां नागरिक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

इसके लिए नकल मुंडा (मो०-8507124577), राजेश कुमार मुंडा (मो०- 9304500296) तथा मो० शौकत अख्तर (मो०- 7004124058) से संपर्क किया जा सकता है।साथ ही संबंधित प्रखंडों में पदस्थापित कनीय अभियंताओं से भी सीधे संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इनमें खूंटी (ग्रामीण) प्रखंड के कनीय अभियंता पंडित कुमार महतो (मो०-9934173014), अड़की प्रखंड के कनीय अभियंता जीतमोहन सिंह मुंडा (मो०-8210634202), मुरहू प्रखंड के कनीय अभियंता ऋषि राज (मो०-9163606099), कर्रा प्रखंड के कनीय अभियंता राकेष कुमार यादव (मो०-9546268147), तोरपा प्रखंड के कनीय अभियंता आशीष खलखो (मो०-8210147568) तथा रनियां प्रखंड के कनीय अभियंता श्री विजय कुमार मंडल (मो०- 9431948355) शामिल हैं।

उपायुक्त ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि पेयजल से संबंधित किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित कनीय अभियंता, नियंत्रण कक्ष अथवा विभागीय टोल फ्री नंबर 18003456502 पर संपर्क कर शिकायत दर्ज कराएं। साथ हीं पोर्टल के माध्यम से भी शिकायत दर्ज की जा सकती है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि सभी नागरिकों को स्वच्छ एवं नियमित पेयजल उपलब्ध हो तथा प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

उपायुक्त ने कहा कि जिलावासियों को निर्बाध पेयजल एवं विद्युत उपलब्ध कराने, आमजनों की शिकायतों का तत्परतापूर्वक समाधान करने एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/26/23, दिनांकः 04.05.2026,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, फेयरली प्लेस, दूसरी मंजिल, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। **क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि** निम्नानुसार हैं:**(1) 15265020;** स्पेसिफिकेशन के अनुसार इंडस्ट्रियल अकाउस्टिक इमेजर की आपूर्ति। (स्पेसिफिकेशन संलग्न); रु.1,19,600; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 22.05.2026, 13.30 बजे **(2) 15255098बी;** 5000 एलपीएच क्षमता के ट्रांसफॉर्मर ऑयल फिल्ट्रेशन प्लांट की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं आरंभ ; रु.1,09,740; **निविदा खुलने की तिथि और समय** :28.05.2026, 13.30 बजे **(3) 15255158ए;** 15 टी ईओटी क्रेन आदि की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ; रु.1,13,120; **निविदा खुलने की तिथि और समय** :29.05.2026, 13.30 बजे **(4) 1226_डीएक्सआईएनजी-डीएस-6494;** 1 इन 8.5 डायमंड क्रॉसिंग एवं टी-6494 के लिए चालू ठेका; रु.20,00,000; **(5) 1226_डी-स्विच_6068;** डिरेलिंग स्विच 60 केजी 1 इन 8.5 (टी-6068) के क्रय के लिए चालू ठेका; रु.13,21,190; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 26.05.2026, 13.30 बजे क्रम सं. 4 एवं 5 हेतु **(6) 1226-एफएस _स्विच-4733;** आरडीएसओ ड्रॉइंग नं. टी-4733 के तहत पीएससी स्लीपरों पर 52 केजी रेल के लिए 10125 मिमी के एफ/एस स्विच 52 केजी (या) 1 इन 12 टर्नआउट बीजी (1673 मिमी) के लिए स्विच कर्व्ड के क्रय हेतु चालू ठेका; रु.15,03,260; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 19.05.2026, 13.30 बजे **(7) 12261049;** आरडीएसओ ड्रॉइंग नं. टी-8747 के अनुसार चौड़े पीएससी स्लीपर के साथ इस्तेमाल के लिए कम्पोजिट ग्रूव्ड रबर सोल प्लेट (सीजीआरएसपी) 10 मिमी मोटाई का निर्माण एवं आपूर्ति; रु.20,00,000; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 12.05.2026, 13.30 बजे **(8) 12261015;** आरडीएसओ स्टैंडर्ड ड्रॉइंग नं. टी-6441, ऑल्ट-04 के अनुसार पीएससी स्लीपरों पर 1 इन 8.5 बीजी 60 केजी वेल्डेबल सीएमएस क्रॉसिंग का निर्माण एवं आपूर्ति ; रु. 20,00,000; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 02.06.2026, 13.30 बजे **(9) 1226-डीआर_स्विच-5836;** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. (टी-5836 ऑल्ट.3) के समरूप पीएससी स्लीपर पर 1 इन 8.5 फैन शेप्ड लेआउट के लिए बीजी, 52 केजी रेल्स के लिए उपयुक्त 6400 मिमी ओवरराइडिंग डिरेलिंग स्विच (आरएच) का गठन एवं आपूर्ति; रु.3,37,860; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 12.05.2026, 13.30 बजे**(10) 12261034;**आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी-3740, ऑल्ट.7 के तहत 60 केजी (यूआईसी) रेल्स के लिए कंक्रीट स्लीपरों पर इलास्टिक रेल क्लिप फ्लैट टो के साथ इस्तेमाल करने के लिए मेटल लाइनरों का निर्माण एवं आपूर्ति; रु.20,00,000; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 12.06.2026, 13.30 बजे **(11) 1226मेटललाइनर-8616 एवं 8617;**आरडीएसओ ड्रॉइंग नं. टी-8616 एवं 8617 (ऑल्ट.1) के तहत कॉम्बिनेशन मेटल लाइनर का निर्माण एवं आपूर्ति; रु. 1,28,160; **निविदा खुलने की तिथि और समय** :29.05.2026, 13.30 बजे। **निविदा मूल्य :** रु.0 क्रम सं.1 से 11 प्रत्येक हेतु। **टिप्पणीः** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई-निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https:// www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। उपर्युक्त निविदाओं व अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण हेतु, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट देखें।

STORES-07/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# 'जय श्री राम', रघु शर्मा ने आईपीएल में पहला विकेट लेकर दिखाई पर्ची

### भावुक कर देंगे शब्द



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में मुंबई इंडियंस के लेग स्पिनर रघु शर्मा ने (4 मई) को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में अपने करियर का पहला विकेट लेने के बाद अनोखे अंदाज में जश्न मनाया। अपने दूसरे आईपीएल मैच में रघु ने डेब्यू कर रहे अक्षत रघुवंशी को आउट करके अपना खाता खोला। 33 साल रघु ने रघुवंशी को फ्लाइटेड डिलीवरी की और अपनी ही गेंद पर शानदार कैच लपका। इसके बाद रघु ने अपनी जेब से एक कागज की पर्ची निकाली और उसे दिखाकर जश्न मनाया। रघु ने पर्ची पर जो बातें लिखी थीं वह भावुक कर देंगी। रघु शर्मा ने पर्ची पर लिखा था, 'राधे, राधे। बहुत दर्दनाक 15 साल गुरुदेव की कृपा से आज खत्म हो गए। मुझे यह मौका देने के लिए मुंबई इंडियंस (ब्लू एंड गोल्ड) का धन्यवाद। हमेशा आभारी रहूंगा। जय श्री राम।' रघु शर्मा ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ गेंद से अच्छा प्रदर्शन किया और 4 ओवर में 36 रन देकर 1 विकेट लिए। रघु का घरेलू करियर- रघु को काफी संघर्ष के बाद आईपीएल में खेलने का मौका मिला है। 2017 में डेब्यू करने के बाद से उन्होंने फर्स्ट-क्लास, लिस्ट ए और टी20 क्रिकेट मिलाकरक सिर्फ 30 मैच खेले हैं। जालंधर में जन्मे इस लेग-स्पिनर ने पंजाब और पुडुचेरी का प्रतिनिधित्व किया और 2017-18 रणजी ट्रॉफी में अपना फर्स्ट-क्लास डेब्यू किया। उन्होंने रेड-बॉल क्रिकेट में असरदार प्रदर्शन किया 12 मैचों में 57 विकेट लिए। रघु शर्मा को विकल्प के तौर पर मिला मौका- लिमिटेड ओवर्स के फॉर्मेट में रघु शर्मा ने 2024-25 विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान ध्यान खींचा। आठ मैचों में 14 विकेट लिए। उन्हें 2025 में सफलता मिली जब मुंबई इंडियंस ने उन्हें सीजन के बीच विकल्प के तौर पर जोड़ा। पहले फ्रैंचाइजी के साथ नेट बॉलर के तौर पर काम करने वाले शर्मा के 2026 में खेलने का मौका मिला।

# पूरन का 16 गेंद पर पचासा

### • वैभव से निकले आगे, पावरप्ले में लखनऊ का सबसे बड़ा स्कोर

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ सोमवार (4 मई) को लखनऊ सुपर जायंट्स के उप-कप्तान निकोलस पूरन को नंबर-3 पर बल्लेबाजी का मौका मिला। पूरन ने इस मौके का पूरा फायदा उठाते हुए बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने सिर्फ 16 गेंद पर



अर्धशतक जड़कर वैभव सूर्यवंशी को पीछे छोड़ दिया। निकोलस पूरन ने आईपीएल में 5वीं बार 20 से कम गेंद पर अर्धशतक जड़ा। वैभव ने चार बार ऐसा किया है। अभिषेक शर्मा ने सबसे ज्यादा 6 बार ऐसा किया है। 21 गेंद पर 8 छक्के और 1 चौके की मदद से 300 के स्ट्राइक रेट से 63 रन बनाने वाले पूरन का यह लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए दूसरा सबसे तेज अर्धशतक था।

लखनऊ सुपर जायंट्स ने पावरप्ले में सबसे बड़ा स्कोर निकोलस पूरन की इस विस्फोटक पारी के कारण लखनऊ सुपर जायंट्स ने पावरप्ले में सबसे बड़ा स्कोर बना दिया। इससे पहले 2023 में उसने 1 विकेट पर 80 रन बनाए थे। मुंबई इंडियंस के खिलाफ चौथी बार पावरप्ले में 90 या उससे ज्यादा का स्कोर बना।

### • रोहित की वापसी होते ही ...

# मुंबई की किस्मत पलटी

### 44 गेंद पर 84 रन बनाए, शर्माजी के छक्कों से रोमांचित दिखे दर्शक



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 47वें मैच में मुंबई इंडियंस ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 6 विकेट से हरा दिया। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। लखनऊ सुपर जायंट्स ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 228 रन बनाए। निकोलस पूरन ने बेहतरीन अर्धशतक जड़ा। 300 के स्ट्राइक रेस से रन बनाए। मुंबई इंडियंस ने 18.4 ओवर में 4 विकेट पर 229 रन बना लिए। चोट से उबरने के बाद पांच मैच बाद वापसी करते हुए रोहित शर्मा ने शानदार पारी खेली और मुंबई इंडियंस को 14 दिन बाद जीत मिली। रयान रिकेल्टन ने भी बेहतरीन पारी खेली। इससे पहले 20 अप्रैल को गुजरात टाइटंस को हराया था। इसके बाद 3 मैच हारी थी। लखनऊ सुपर जायंट्स को लगातार छठी हार मिली। वह 9 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स से जीती थी। मुंबई इंडियंस ने इस जीत के साथ प्लेऑफ की उम्मीदें बरकरार रखीं। उसके छह अंक हो गए हैं।

**• लखनऊ सुपर जायंट्स की लगातार छठी हार**

लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए निकोलस पूरन ने 21 गेंद पर 63 रन बनाए। मिचेल मार्श ने 25 गेंद पर 44 रन बनाए। हिम्मत सिंह ने 31 गेंद पर नाबाद 40 और एडेन मार्करम ने 25 गेंद पर 31 रन बनाकर नाबाद रहे। ऋषभ पंत ने 15, जोश इंग्लिस ने 13 और अक्षत रघुवंशी ने 11 रन बनाए। मुंबई इंडियंस के लिए कॉर्बिन बॉश ने 2 विकेट लिए। एएम गजनफर, विल जैक्स और रघु शर्मा ने 1-1 विकेट लिए। मुंबई इंडियंस के लिए रोहित शर्मा ने 44 गेंद पर 84 रन बनाए। रयान रिकेल्टन ने 32 गेंद पर 83 रन बनाए। नमन धीर ने 12 गेंद नाबाद 23 और विल जैक्स ने 4 गेंद पर नाबाद 10 रन बनाए। तिलक वर्मा 11 और सूर्यकुमार यादव 12 रन बनाकर आउट हुए। लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए मणिमारन सिद्धार्थ ने 2 विकेट लिए। मोहम्मद सिराज और मोहसिन खान ने 1-1 विकेट लिए।





# एमएस धोनी की जानकारी देने की मेरी हैसियत नहीं

### CSK के कोच ने बताई अपनी 'मजबूरी

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाजी कोच एरिक सिमंस ने सोमवार (4 मई) को कहा कि महेंद्र सिंह धोनी टीम के साथ दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के लिए दिल्ली नहीं आए हैं। धोनी को लेकर जानकारी देने की हैसियत उनकी नहीं है। उन्होंने कहा कि धोनी ही जानते हैं कि वह कब खेलेंगे। हालांकि, वह पिंडली की चोट से उबर रहे हैं। आईपीएल 2026 का आधे से ज्यादा सीजन हो चुका है और चेन्नई सुपर किंग्स 10वां मैच खेलने



वाली है, लेकिन अबतक धोनी नहीं खेले हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच से एक दिन पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एरिक सिमंस से पहला ही सवाल धोनी के खेलने को लेकर हुआ। उन्होंने कहा, 'महेंद्र सिंह धोनी को लेकर जानकारी देने की मेरी हैसियत नहीं है। वह हमारे साथ (दिल्ली में) नहीं है, लेकिन लगातार बेहतर हो रहे हैं। वह जब तैयार होंगे तब होंगे। वही जानते हैं कि वह खेलने के लिए कब तैयार होंगे।'

### अंशुल कम्बोज की तारीफ की

गेंदबाजों के प्रदर्शन की तारीफ करते हुए सिमंस ने अंशुल कम्बोज की खूब तारीफ की, जिन्होंने मैच के हर फेज में प्रभाव डाला है और 17 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने कहा, 'अंशुल काफी आगे बढ़ गए हैं। अंशुल ने इस सीजन में नहीं पिछले साल ही बेहतर करना शुरू किया था। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में अलग-अलग एंगल पर काम किया और यॉर्कर को सटीक बनाया। हमने राउंड द विकेट शुरू किया है, जो अब कोई रहस्य नहीं है।

# दिल्ली के लिए अच्छी खबर, एनगिडी फिट

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल ने को कहा कि लुंगी एनगिडी 25 अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ घरेलू मैच में लगी सिर की चोट से उबरकर मैदान पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। कैच लेने की कोशिश में सिर के बल गिरने के बाद एनगिडी को एंबुलेंस से तुरंत अस्पताल ले जाया गया। इस चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका का यह तेज गेंदबाज दो मैच नहीं खेल पाया था। मुनाफ ने मंगलवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ होने वाले मैच से पहले कहा, 'सभी खिलाड़ी फिट हैं। लुंगी भी फिट हैं। उन्होंने दो मैच इसलिए नहीं खेले क्योंकि (सिर में चोट पर) छह दिन के आराम का नियम लागू होता है।' एनगिडी की वापसी से गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिलेगी। मिचेल स्टार्क भी टीम में शामिल हो गए हैं। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सत्र के अपने पहले ही मैच में शानदार प्रदर्शन किया।



### स्टार्क की मौजूदगी से फर्क पड़ेगा

पंजाब किंग्स के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स 264 रनों का बचाव करने में नाकाम रही। पंजाब किंग्स ने लक्ष्य का पीछा करते हुए नया रिकॉर्ड कायम कर जीत दर्ज की थी। मुनाफ ने कहा कि स्टार्क की मौजूदगी से निश्चित रूप से फर्क पड़ेगा।

# जॉन सीना की फिर WWE रिंग में वापसी

### BACKLASH से पहले बड़ा ऐलान; रेसलमेनिया में भी निभाई थी खास भूमिका

नई दिल्ली। WWE के दिग्गज रेसलर जॉन सीना को हाल ही में फैंस ने रेसलमेनिया 42 के दौरान होस्टिंग करते हुए माइक के साथ देखा था। सीना ने इससे पहले पिछले साल दिसंबर में आखिरी बार अपनी फाइट लड़ी थी। उसके बाद उन्होंने रिटायरमेंट का फैसला किया था। अब सीना एक बार फिर से रिंग में वापसी के लिए तैयार हैं। उनकी वापसी होगी इसी महीने होने वाले बैकलैश (BACKLASH) पीपीवी इवेंट में। इसका ऐलान एक्स पर पोस्ट करते हुए किया गया है। आपको बता दें कि बैकलैश 2026 का आयोजन 9 मई को होगा। इसका आयोजन फ्लोरिडा के टेम्पा स्थित बेंचमार्क इंटरनेशनल एरीना में होगा। इससे पहले एक्स पर रेसलिंग ऑप्स नाम के एक्स हैंडल ने खुलासा किया है। हालांकि, सीना का रोल क्या होगा यह अभी तय नहीं है। वह बतौर होस्ट भी नजर आ सकते हैं। साथ ही इस इवेंट में डैनहाउसेन का डेब्यू होने की भी जानकारी मिली है। एरिना की तरफ से भी खुलासा हुआ है कि जॉन सीना वापसी करेंगे।



### अंतिम मुकाबले में सीना को मिली थी हार

जॉन सीना ने पिछले साल 13 दिसंबर को अपनी आखिरी फाइट लड़ी थी। उन्होंने इसके बाद अपना रिटायरमेंट लिया था। रिटायर होने से पहले सीना ने कई पुराने चिर प्रतिद्वंद्वी सीएम पंक, एजे स्टाइल्स, ब्रॉक लैसनर और रैंडी ऑर्टन का सामना किया था। उनका सफर भी मिलाजुला रहा था। उनके करियर का अंत गुंथर के खिलाफ मैच में हार से हुआ था।


### कैसा रहा जॉन सीना का करियर?

जॉन सीना ने 2002 में अपना WWE के साथ करियर शुरू किया था। उनके पूरे रेसलिंग करियर की बात करें तो उन्होंने अपने करियर में 2320 मैचों में अभी तक रेसलिंग की और उसमें से 1818 मैच जीते। उन्होंने अपने करियर में 78.4 प्रतिशत मुकाबले जीते। जबकि सिर्फ 444 मैच वह हारे और 58 मुकाबले ड्रॉ हुए। WWE में सीना ने PPVs और PLEs मिलाकर कुल 178 फाइट लड़ीं जिसमें से 102 में उन्हें जीत मिली और 73 में हार। वह रिकॉर्ड 17 बार के WWE चैंपियन बने।

# शाहरुख खान हुए भावुक 'तुम सच में एक जादूगर हो'

### सुनील नरेन के लिए लिखा दिल छू लेने वाला पोस्ट

**नई दिल्ली।** शाहरुख खान फिर अपने अंदाज से प्रशंसकों का दिल जीतते नजर आए। शाहरुख खान ने कोलकाता नाइट राइडर्स के स्टार ऑलराउंडर सुनील नरेन के लिए सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट शेयर की, जिसमें 15 साल के साथ, 200 से ज्यादा विकेट और कई यादगार पलों को याद किया। शाहरुख खान ने सुनील नरेन को 'जादूगर' बताते हुए उनके खेल ही नहीं, बल्कि टीम के साथ उनके रिश्ते की भी जमकर तारीफ की। इस पोस्ट में झलकता अपनापन यह दिखाता है कि कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए सुनील नरेन सिर्फ एक खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि परिवार का हिस्सा भी हैं। बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान ने अपनी पोस्ट में वेस्टइंडीज के दिग्गज ऑलराउंडरों में से एक सुनील नरेन के साथ अपने लंबे रिश्ते और उनके शानदार करियर को याद किया।



### सुनील मेरे दोस्त... हम तुम्हे अपने परिवार जितना ही प्यार करतें

शाहरुख खान ने अपनी पोस्ट में लिखा, ''सुनील, मेरे दोस्त... 15 सीजन साथ खेलने के लिए धन्यवाद। 200 से ज्यादा विकेट, तीन आईपीएल खिताब और कोलकाता नाइट राइडर्स के दुनिया भर में कई यादगार पल...!!! तुम सच में एक जादूगर हो और हम तुम्हें अपने परिवार जितना ही प्यार करते हैं। आज तुम्हें दिल से एक बड़ी वाली झप्पी... और यह अपनापन हमेशा बना रहे। अपना ख्याल रखना, स्वस्थ रहना और ऐसे ही हंसते-मुस्कुराते रहना!''

सुनील नरेन ने रविवार तीन मई 2026 को हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने 200 विकेट पूरे किये। सुनील नरेन आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों गेंदबाजों की सूची में तीसरे नंबर पर हैं। युजवेंद्र चहल पहले और भुवनेश्वर कुमार दूसरे नंबर पर हैं।

# 'टेंशन ना लें, तीनों फॉर्मेट खेलूंगा'

**नई दिल्ली।** बाबर आजम ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2026 का खिताब जीतते ही करियर को लेकर चल रही सभी अटकलों पर विराम लगा दिया। बतौर कप्तान पेशावर जालमी को चैंपियन बनाने और पूरे सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बाबर ने साफ कहा, ''टेंशन ना लें, मैं तीनों फॉर्मेट खेलूंगा।'' बाबर आजम के इस बयान ने उन चर्चाओं को खत्म कर दिया, जिनमें कहा जा रहा था कि वह अब सीमित ओवर क्रिकेट पर फोकस कर सकते हैं।

बाबर आजम पाकिस्तान सुपर लीग 2026 में बाबर आजम सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में शीर्ष पर रहे। बाबर आजम ने 11 मैच में 73.50 के औसत और 145.91 के स्ट्राइक रेट से 588 रन बनाये। बाबर आजम ने सीजन के दौरान 60 चौके और 15 छक्के लगाये।



### पीएसएल 11 का खिताब जीतते ही बाबर आजम ने लगाया 'मास्टर स्ट्रोक'

पीएसएल 11 का खिताब जीतने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बाबर आजम ने एक पत्रकार के उस सवाल को बीच में ही काट दिया, जिसमें उनसे पूछा गया था कि क्या वह किसी खास फॉर्मेट पर ही ध्यान देंगे। बाबर आजम ने सवाल को बीच में ही रोकते हुए पत्रकार से कहा, ''टेंशन न लें, तीनों फॉर्मेट खेलूंगा।'' बाबर आजम ने अपनी बात जारी रखते हुए कहा, ''यह खिलाड़ी का काम नहीं है कि वह तय करे के कौन सा फॉर्मेट छोड़ना है।

एक खिलाड़ी का काम सिर्फ खेलना होता है। मेरी राय में, हर खिलाड़ी को क्रिकेट के हर फॉर्मेट में खेलना चाहिए। आपको सिर्फ व्हाइट बॉल या टी20 पर ही ध्यान नहीं देना चाहिए। रेड-बॉल क्रिकेट आपको बहुत ज्यादा अनुभव देता है। यह आपको सिखाता है कि पारी कैसे बनाई जाती है और आपको सब्र देता है।'' बाबर ने कहा, ''जब आप चार-दिन का क्रिकेट या घरेलू सर्किट में खेलते हैं तो आपको 'लंबे' रन बनाने का अनुभव मिलता है। आपको तीनों फॉर्मेट खेलने चाहिए, क्योंकि हर फॉर्मेट दूसरे में मदद करता है।

# आरसीबी के ओपनर बल्लेबाज फिल साल्ट आईपीएल सीजन छोड़कर इंग्लैंड लौटे

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में पहले 9 में से छह मैच जीतकर अंकतालिका में नंबर 2 पर काबिज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को बड़ा झटका लगा है। सोमवार (4 मई 2026) को आई जानकारी के मुताबिक धाकड़ ओपनिंग बल्लेबाज फिल साल्ट बीच सीजन अपने देश इंग्लैंड लौटे हैं। यह जानकारी ईएसपीएन क्रिकइंफो की रिपोर्ट के हवाले से आई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, 'साल्ट के बाएं हाथ की उंगली में चोट लगी है। वह कैच लेने के प्रयास में चोटिल हुए थे। इंग्लैंड मैनेजमेंट की गुजारिश पर उन्हें वापस यूके स्कैन के लिए भेजा गया है।' फिल साल्ट आरसीबी के लिए पिछले तीन मैचों से बाहर हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 18 अप्रैल को चिन्नास्वामी स्टेडियम में डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर फील्डिंग करते हुए एक कैच लेने के प्रयास में वह चोटिल हो गए थे।

विराट कोहली और फिल साल्ट की जोड़ी ने इस सीजन आरसीबी को बेहतरीन शुरुआत पहले छह मैचों में दिलाई थी। 6 पारियों में साल्ट ने 168.33 के स्ट्राइक रेट से 202 रन बनाए थे। उनके जाने से आरसीबी को झटका लगा है।

## संक्षिप्त समाचार

### आप का अगला टारगेट मैं हूं; राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने के बाद बोले राघव चड्डा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी से बीजेपी में शामिल होने वाले सांसदों ने आज



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और आप सरकार द्वारा उनके खिलाफ की जा रही कार्रवाई पर चर्चा की। मुलाकात के बाद राज्यसभा सांसद ने आम आदमी पार्टी पर खूब निशाना साधा। उन्होंने कहा, आज हमने राष्ट्रपति को बताया कि पंजाब सरकार किस तरह आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए सांसदों के खिलाफ बदले की राजनीति के लिए सरकारी तंत्र का इस्तेमाल कर रही है। पंजाब पुलिस की मदद से आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विश्व कप विजेता हरभजन सिंह के आवास के बाहर देशद्रोही लिखा। इसके बाद पंजाब में पद्म श्री राजेंद्र गुप्ता की फैक्ट्री का पानी का कनेक्शन काट दिया गया। राघव चड्ढा ने दावा किया है कि इनका अगला टारगेट मैं बनूंगा। मीडिया से बात करते हुए राघव चड्ढा ने कहा , आम आदमी पार्टी ने संदीप पाठक के खिलाफ झूठे और मनगढ़ंत एफआईआर दर्ज कराईं और मीडिया के जरिए यह अफवाह फैलाई कि उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। मैं आम आदमी पार्टी को बताना चाहता हूं कि उन्होंने सतर्कता बोर्ड और प्रदूषण बोर्ड की मदद से बदले का एक खतरनाक खेल शुरू किया है, जिसका अंजाम बेहद बुरा होगा।

### देश में अब वाम दलों की कोई सरकार नहीं: आखिरी किला केरल भी ढहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केरलम में विजयन सरकार के पतन के साथ ही भारत वामदल सरकार मुक्त हो गया है। 1977 के बाद से यह पहला मौका है जब देश के किसी राज्य में वामपंथी दलों की सरकार नहीं है। एक समय था जब केरलम के अलावा पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा में न सिर्फ वामपंथी दलों की सरकारें थी, बल्कि उनका दबदबा भी था। वामपंथी राजनीति का अवसान सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में हो रहा है। रूस, क्यूबा और उत्तर कोरिया जैसे गिने-चुने देशों में ही वामपंथी सरकारें रह गई हैं। कहने को तो चीन में भी कम्युनिस्ट सरकार है, लेकिन वह सिर्फ नाम की कम्युनिस्ट है, काम में पूंजीवादी सरकार है। केरलम में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने 1957 में अपनी पहली सरकार बनाई थी। इलमकुलम मनक्कल शंकरन यानी ईएमएस नंबूदरीपाद के नेतृत्व में बनी इस सरकार को मामूली बहुमत ही मिला था, लेकिन यह दुनिया में कहीं भी लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई पहली वाम सरकार थी। केरलम में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) के बीच सत्ता की अदला-बदली होती रही है। लेकिन पिछले 10 वर्षों से राज्य में एलडीएफ की सरकार थी। उसे तीसरी बार भी सत्ता में लौटने की उम्मीद थी, लेकिन यूडीएफ ने उसके मंसूबों पर पानी फेरते हुए सत्ता पर कब्जा जमा लिया है। केरलम वामपंथी दलों का आखिरी किला था, जहां उनकी सरकार थी। इससे पहले, 2011 में पश्चिम बंगाल वामदलों के हाथ से निकल गया, जब ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले तृणमूल कांग्रेस ने उनके 34 साल की सत्ता को उखाड़ फेंका था। त्रिपुरा में 2018 के विधानसभा चुनाव में वामदलों को हार का सामना करना पड़ा और भाजपा व आईपीएफटी गठबंधन की जीत के साथ ही राज्य से 25 साल के वामदलों के शासन का अंत हुआ। देश की सियासत में अहम स्थान रखने वाले पश्चिम बंगाल में 1977 में पहली बार वामपंथी दल की सरकार सत्ता में आई थी। ज्योति बसु मुख्यमंत्री बने थे, उसके बाद से 2011 तक राज्य में वामदलों की सरकार रही। मुख्यमंत्री भले ही बसु के स्थान पर बुद्धदेव भट्टाचार्य बन गए थे। दोनों के नेतृत्व में किसी राज्य में वाम दल का सबसे लंबा अटूट शासन रहा। हालांकि, बंगाल में साम्यवाद का लंबा इतिहास रहा है। इसकी शुरुआत एमएन रॉय के समय से हुई।

# यूपी-बिहार में आंधी-बारिश और वज्रपात का कहर

**नई दिल्ली , एजेंसी।** तेज आंधी, बारिश, ओलावृष्टि और वज्रपात ने भारी तबाही मचाई। इस कारण हुए हादसों में उत्तर प्रदेश में 24 और बिहार में 20 लोगों की मौत हो गई। बड़ी संख्या में लोग जख्मी हो गए। मौसम के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया और फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा। आंधी से बिजली के खंभे गिरने और तार टूटने से सैकड़ों गांवों की आपूर्ति ठप हो गई। इससे कई जगह सड़कें बाधित रहीं और आम, गेहूं व सब्जियों की फसल को भारी नुकसान पहुंचा।



### लखनऊ समेत करीब 50 से अधिक जिलों में अलर्ट

उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच पिछले एक सप्ताह से रुक-रुककर वर्षा का दौर जारी है। सोमवार को लखनऊ समेत करीब 50 से अधिक जिलों में सुबह साढ़े आठ बजे के आसपास आसमान में काले बादल छा गए और सुबह साढ़े आठ बजे ही अंधेरा छा गया। गरज-चमक के साथ तेज हवा और बारिश होने लगी। इस दौरान सड़कों पर चलने वाले वाहनों को लाइट जलानी पड़ी।

मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार और बुधवार को प्रदेश के पूर्वी से लेकर पश्चिमी हिस्सों तक तेज आंधी, मध्यम से भारी बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। 60 जिलों में ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है। 40 से अधिक जिलों में वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है।

बिहार में औरंगाबाद, गया, रोहतास, भोजपुर, वैशाली, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी व बगहा में भारी नुकसान हुआ है। औरंगाबाद जिले में वज्रपात से तीन लोगों की मौत हो गई और पांच ग्रामीण घायल हो गए।

### पूर्वी चंपारण जिले में पांच की हुई

गया जिले में व्रजपात से शेरघाटी, टिकारी और कोंच थाना क्षेत्रों में पांच लोगों की मौत हो गई। सबसे अधिक मौत पूर्वी चंपारण जिले में पांच की हुई है। आम-लीची सहित अन्य फसलों को भारी नुकसान हुआ है। कई जगह पोल, तार गिर गए हैं। इससे बिजली गुल है। वहीं, दिल्ली में आज मौसम बदलेगा, मौसम विभाग ने आज आंधी-तूफान के साथ तेज बारिश की चेतावनी दी है। उप्र के दोनों उप मुख्यमंत्रियों को लेकर आ रहा विमान आंधी-पानी में फंसा, भोपाल भेजा गया

सोमवार सुबह मौसम खराब होने के कारण दिल्ली से लखनऊ आ रहे उप्र के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य का विमान फंस गया। विमान को भोपाल डायवर्ट किया गया। मौसम ठीक होने के बाद दोपहर 12:27 बजे विमान लखनऊ पहुंच सका।

इसके अलावा दो अन्य विमान भी हवा में चक्कर काटते रहे। वहीं, दिल्ली में खराब मौसम के कारण दृश्यता कम हो गई। इससे रविवार रात 11 से तड़के तीन बजे तक 15 विमानों को लखनऊ डायवर्ट किया गया। यह विमान एक के बाद एक चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतरे। मौसम ठीक होने के बाद विमान दिल्ली रवाना हो गए।

**ग्रेटर नोएडा में दनकौर से सिकंद्राबाद जाना होगा आसान**

# सिरसा-खेरली नहर रोड की चौड़ाई 3 मीटर बढ़ेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा में सिरसा गोलचक्कर से खेरली नहर तिराहे तक की सड़क की चौड़ाई बढ़ाकर 3 लेन करने का काम तेज कर दिया गया है। इस काम को एक साल में पूरा करने का लक्ष्य है। इससे दनकौर-सिकंद्राबाद मार्ग पर पहुंचना आसान हो जाएगा। साथ ही, ट्रैफिक जाम की समस्या से भी राहत मिल जाएगी।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक, परियोजना के रास्ते में आ रहे बिजली के खंभों को शिफ्ट करने के बाद इस काम में और तेजी आएगी। परियोजना विभाग की ओर से बिजली के खंभों को स्थानांतरित करने के लिए विद्युत अभियांत्रिकी विभाग को कई बार पत्र भेजा जा चुका है, लेकिन अब तक काम शुरू नहीं किया गया। ऐसे में बचकर काम करना पड़ रहा है।

ग्रेटर नोएडा और आसपास के इलाके में ट्रैफिक के बढ़ते दबाव को देखते हुए सिरसा से खेरली नहर तिराहे तक 7.2 किलोमीटर लंबी सड़क की चौड़ाई 7.5 मीटर से बढ़ाकर 10.5 मीटर की जा रही है। एक नई लेन बनने से यह सड़क तीन लेन की हो जाएगी। वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह ने बताया कि भीड़भाड़ वाले स्थानों पर डिवाइडर बनाए जाने की योजना है, ताकि लोग गलत दिशा में वाहन न चला सकें। सिरसा से खेरली नहर के पास दनकौर-सिकंद्राबाद मार्ग को जोड़ने वाली इस सड़क पर सुबह से लेकर रात तक वाहनों की आवाजाही लगी रहती है।



### ट्रैफिक का दबाव कम करने के लिए पहल

ग्रेटर नोएडा में ट्रैफिक का दबाव बढ़ रहा है। नोएडा एयरपोर्ट से उड़ानें शुरू होने पर वाहनों की आवाजाही और अधिक बढ़ जाएगी। जाम से निजात के लिए सभी प्रमुख सड़कों को चौड़ी किया जा रहा है। सिरसा गोलचक्कर से खेरली तिराहा तक की सड़क को भी चौड़ी किया जा रहा है। सीईओ, ग्रेटर नोएडा, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से हवाई जहाजों की उड़ान शुरू होने वाली है। इसके बाद शहर में ट्रैफिक का दबाव और अधिक बढ़ जाएगा। ट्रैफिक सुचारू रूप से चलता रहे, इसके लिए सड़कों को चौड़ी करने को लेकर तैयार की गई कार्ययोजना के तहत सिरसा गोलचक्कर से खेरली तिराहा तक सड़क को चौड़ी करने का काम किया जा रहा है।

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से 30 ट्रेनें दूसरी जगह होंगी शिफ्ट, रेलवे बोर्ड को भेजा गया प्रस्ताव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के सबसे प्रमुख नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से लगभग 30 ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशनों पर शिफ्ट करने का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। इन ट्रेनों को चिन्हित करने के साथ ही उन स्टेशनों को भी चिन्हित कर लिया गया है, जहां यह ट्रेनें भेजी जाएंगी। वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से रेलवे बोर्ड को यह प्रस्ताव भेजा गया है और उनकी स्वीकृति के बाद यह गाड़ियां नए गंतव्य स्टेशन से चलाई जाएंगी। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर रेल भूमि विकास प्राधिकरण की ओर से पुनर्विकास का काम किया जा रहा है। यहां लगभग चार वर्षों तक निर्माण कार्य चलेगा। फिलहाल पहाड़गंज की दिशा में इमारत बनाने का काम शुरू किया गया है, लेकिन आने वाले समय में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्मों का भी पुनर्विकास होगा। इसके चलते यहां गाड़ियों की संख्या को कम करने की आवश्यकता है। इसे ध्यान में रखते हुए उन गाड़ियों की सूची तैयार कर ली गई है। नई दिल्ली से रानी कमलापति के बीच चलने वाली शताब्दी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12001-02) को हजरत निजामुद्दीन स्टेशन से चलाने का प्रस्ताव है। नई दिल्ली से आगरा के बीच चलने वाली ताज एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12279-80) और नई दिल्ली से डॉ. आंबेडकर नगर के बीच चलने वाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 20155-56) को निजामुद्दीन शिफ्ट करने की योजना है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, दीपावली और छठ पर्व के मौके पर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से बड़ी संख्या में यात्री सफर करते हैं। ऐसे में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भीड़ कम करने के लिए त्योहारों से पहले इन गाड़ियों को शिफ्ट करने को मंजूरी मिल सकती है। इनको शिफ्ट किया जाएगा




## यह बंगाल की महिलाओं और उनके सम्मान की जीत, भाजपा की ऐतिहासिक विक्ट्री के बाद शोभा डे ने शेयर किया वीडियो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बंगाल में भाजपा की जबरदस्त जीत पर देश की सुप्रसिद्ध लेखिका, उपन्यासकार, स्तंभकार और पूर्व मॉडल शोभा डे ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि, बंगाल में लोगों ने बदलाव के लिए वोट किया और भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाई है। यह सिर्फ भाजपा की जीत नहीं है, बल्कि यह पूरे बंगाल की जीत है। यहां के महिलाओं की जीत है।

उन्होंने आगे ममता बनर्जी की हार पर कहा, उनको बंगाल की महिलाओं ने हार का स्वाद चखाया है। उनको यहां की महिलाओं से कोई लेना देना नहीं था। उनके सम्मान से लेकर सुरक्षा तक एक भी मुद्दा उनके लिए जरूरी नहीं था। इस लापरवाही और गलत शासन का नतीजा उनको देखने को मिला है।

बंगाल में कमल के खिलते ही लोगों में खुशी की लहर है। उम्मीद है कि, आने वाले दिनों में भाजपा बंगाल की कमान किसी अच्छे लीडर को देगी; इससे बंगाल में विकास देखने को मिलेगा। इस समय के



बाद से अब लोगों को पता है कि, उनकी बात सुनी जाएगी। यहां किसी एक व्यक्ति की सरकार नहीं चलेगी। अब से लोगों की सरकार चलेगी। बता दें कि, शोभा डे भारतीय अंग्रेजी साहित्य और पत्रकारिता जगत में उनके साहसी, बेबाक और अक्सर विवादित लेखन के लिए जाना जाती है। 7 जनवरी 1948 को जन्मी शोभा डे ने अपने करियर की शुरुआत एक मॉडल के रूप में की थी, लेकिन जल्द ही उन्होंने पत्रकारिता की ओर रुख कर लिया। 1970 के दशक में उन्होंने स्टारडस्ट, सोसाइटी और सेलिब्रिटी जैसी पत्रिकाओं की शुरुआत और संपादन किया, जिसने भारतीय मनोरंजन पत्रकारिता का स्वरूप बदल दिया।

उन्हें ÷भारत की जैकी कॉलिन्स÷ भी कहा जाता है क्योंकि उनके उपन्यासों, जैसे सोशलइट इवनिंग्स और स्टारी नाइट्स में शहरी उच्च वर्ग की जीवनशैली, मानवीय रिश्तों की जटिलताओं का खुलकर चित्रण किया गया है।

## क्लिनिकल डेथ के 10 मिनट बाद लौटे शख्स का दावा, बताया मौत के बाद कैसा हुआ महसूस

**सांसें बंद रहने के बाद जब उसे वापस होश आया**

**लंदन, एजेंसी।** लंदन के ईस्ट इलाके रोमफोर्ड में रहने वाले 43 साल के मैथ्यू एलिक की क्लिनिकल डेथ होने के बाद दोबारा जीवन में लौट आया। करीब 10 मिनट तक दिल और सांसें बंद रहने के बाद जब उसे वापस होश आया, तो उसने ऐसा दावा किया जिसने सभी को चौंका दिया। उसके मुताबिक, मौत के दौरान उसे किसी तरह का कोई रहस्यमयी अनुभव या दूसरी दुनिया की झलक नहीं मिली, बल्कि यह सब एक गहरी और शांत नींद जैसा महसूस हुआ।

बता दें कि मैथ्यू एक एक्टर और मॉडल हैं, जो अगस्त 2023 में अचानक गंभीर हार्ट अटैक का शिकार हो गए थे। उस समय उनके शरीर में कई खतरनाक ब्लड क्लॉट बन गए थे, जिसकी वजह से उन्हें सांस लेने में बहुत परेशानी होने लगी और हालत तेजी से बिगड़ गई।

उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने पाया कि उनके दिल और फेफड़ों में बड़े आकार के खून के थक्के



जमा हो चुके थे। इसी वजह से उन्हें पल्मोनरी एम्बोलिज्म हुआ और फिर कार्डियक अरेस्ट आ गया। इस स्थिति में उनका दिल और सांसें पूरी तरह रुक गईं और उन्हें लगभग 10 मिनट तक चिकित्सकीय रूप से मृत घोषित कर दिया गया। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने के लिए डिफिब्रिलेटर का इस्तेमाल किया। इस प्रक्रिया के दौरान उनका शरीर बेहद गंभीर हालत में पहुंच गया, यहां तक कि अंदरूनी चोट और ब्लीडिंग भी होने लगी। काफी मेहनत के बाद आखिरकार उनकी दिल की धड़कन दोबारा शुरू हुई और उन्हें वापस होश आया। इसके बाद वे तीन दिन तक कोमा में रहे।

जब मैथ्यू होश में आए, तो लोगों को उम्मीद थी कि वे किसी दूसरी दुनिया या किसी दिव्य अनुभव के बारे में बताएंगे।

**● कुछ दूर भागने के बाद चलाई गोली**

## व्हाइट हाउस के बाहर हमलावर और सुरक्षाबलों में मुठभेड़, अमेरिका का राष्ट्रपति आवास किले में तब्दील

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन में मंगलवार दोपहर नेशनल मॉल के पास एक हथियारबंद संदिग्ध और सीक्रेट सर्विस के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद व्हाइट हाउस को कुछ समय के लिए लॉकडाउन पर रखा गया। हथियारबंद संदिग्ध द्वारा सुरक्षाकर्मियों पर फायरिंग किए जाने के बाद जवाबी कार्रवाई में उसे गोली मार दी गई, जबकि क्रॉसफायर की चपेट में आने से एक किशोर राहगीर भी घायल हो गया। दरअसल, यह घटना दोपहर करीब 3:30 बजे हुई, जब व्हाइट हाउस परिसर की बाहरी सीमा पर गश्त कर रहे सादे कपड़ों में मौजूद सीक्रेट सर्विस के कर्मियों ने एक संदिग्ध व्यक्ति की पहचान की, जिसके पास हथियार होने का



अंदेशा था। डिप्टी डायरेक्टर मैट क्विन ने बताया कि हथियारबंद संदिग्ध से निपटने के लिए वर्दीधारी अधिकारियों को बुलाया गया। इस दौरान संदिग्ध कुछ दूर पैदल भागा और हथियार निकाला और हमारे एजेंटों और अधिकारियों की ओर गोली चला दी। इस दौरान सुरक्षाकर्मयों ने जवाबी गोलीबारी की और उससे भिड़ गए। उस व्यक्ति को गोली लगी। संदिग्ध को अस्पताल ले जाया गया, हालांकि अधिकारियों ने कहा कि उसकी हालत पर उनकी कोई टिप्पणी नहीं है। इस गोलीबारी के दौरान एक राहगीर को भी गोली लगी है। अधिकारियों के अनुसार, राहगीर को संदिग्ध ने ही गोली मारी थी। यह गोलीबारी व्हाइट हाउस से कुछ ही दूरी पर स्थित 15वीं स्ट्रीट और इंडिपेंडेंस एवेन्यू के पास हुई। सीक्रेट सर्विस के एजेंटों ने बताया कि संदिग्ध कुछ समय से उनकी निगरानी में था.

## लेट आई लेकिन छा गई ! लिक्विड मेटल गाउन पहन रिहाना ने मेट गाला 2026 में मचाई धूम

**लास एंजिल्स, एजेंसी।** जब-जब बात रेड कारपेट की आती है तो रिहाना को सबसे पहले याद किया जाता है। हर बार रिहाना का अंदाज देखने लायक होता है। इस बार कुछ ऐसा हुआ जिसकी किसी को उम्मीद न थी। मेट गाला बस खत्म ही होने वाला था की सबसे आखिरी में रिहाना ने अपने पति राकी के साथ ऐसी एंट्री दी की सब देखते ही रह गए। लेट आने की बावजूद भी उन्होंने बहुत सुर्खियां बटोर लीं। ग्लैमर की रात में रिहाना और उनके पति सबसे ज्यादा चर्चित कपल्स में से एक थे। रिहाना ने लिक्विड मेटल गाउन पहना हुआ था, जिसका डिज़ाइन कुछ आम जैसे शेप का था। रिहाना की इस ड्रेस का ढाँचा काफी मोटा और भारा था। ऐसा लग रहा था उन्होंने एक नहीं बल्कि 2 कपड़े पहने हों। गाउन के बीच का हिस्सा रत्नों से भरा हुआ था और कपड़ों की बेमिसाल चमक सबको अपनी तरफ खींचने में कामयाब रहीं। एक्सेसरीज़ की बात की जाए तो रिहाना ने ईयर कफ़ और अंगूठियां पहनी हुई थीं, जो उनके लुक को और भी ज्यादा दमदार बनाने का काम कर रही थीं। ड्रेस के साथ-साथ रिहाना का हेयरस्टाइल भी काफी खास था। सोने के गहनों से उन्होंने अपने सिर को सजाया हुआ था। मेकअप की बात की जाए तो हलके और ग्लॉसी मेकअप वो बेहद ही खूबसूरत लग रही थीं।



# भारत-जमैका संबंधों में क्रिकेट की अहम भूमिका

**जयशंकर ने सबीना पार्क में इलेक्ट्रॉनिक स्कोरबोर्ड का किया अनावरण**

**पोर्टमोर, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत और जमैका के संबंधों में क्रिकेट की अहम भूमिका का जिक्र किया और कहा कि दोनों देशों के बीच क्रिकेट सेतु का काम करता है। उन्होंने भारत की तरफ से इस कैरेबियाई देश को उपहार में दिए गए इलेक्ट्रॉनिक स्कोरबोर्ड के अनावरण के मौके पर यह बात कही।

जयशंकर ने रविवार को यहां ऐतिहासिक क्रिकेट मैदान सबीना पार्क में इलेक्ट्रॉनिक स्कोरबोर्ड के अनावरण कार्यक्रम में कहा कि क्रिकेट भारत और जमैका के बीच संबंधों को प्रगाढ़ करता है और भारत में एक अरब से ज्यादा लोग इस खेल को पूरे जुनून के



साथ देखते हैं। उन्होंने कहा, खेल साझा अनुभव और आपसी सम्मान को बढ़ावा देकर देशों को करीब लाते हैं। जहां तक भारत और जमैका की बात है तो क्रिकेट का इसमें खास महत्व है। इस मौके पर जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होल्नेस भी मौजूद रहे। जयशंकर ने कहा कि इस मैदान से भारतीय क्रिकेट की खास यादें जुड़ी हैं, जिसमें दिग्गज क्रिकेटर राहुल द्रविड़ का शतक और 2011 में विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण शामिल है। उन्होंने जमैका की समृद्ध क्रिकेट विरासत का भी जिक्र किया और कहा कि जार्ज हेडली, माइकल होल्डिंग, कर्टनी वॉल्श, क्रिस गेस और एंड्रयू रिचर्डसन जैसे महान खिलाड़ियों के इस देश को विश्व स्तर पर अपार सम्मान प्राप्त है। जयशंकर जमैका, सूरीनाम व त्रिनिदाद और टोबैगो की अपनी नौ दिवसीय यात्रा के तहत शनिवार शाम किंगस्टन पहुंचे। जमैकन ग्लीनर अखबार में रविवार को प्रकाशित एक लेख में जयशंकर ने कहा कि भारत और जमैका के बीच संबंध निरंतरता व बदलाव से प्रेरित हैं।

# स्व गणना की जानकारी देने के लिए जागरूकता रथ रवाना




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व-गणना का कार्य आरंभ हो चुका है। यह कार्य 01 मई 2026 से 14 मई 2026 तक किया जाना है। इस कार्य हेतु आमजनों की सहभागिता आवश्यक है। इसके व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जन सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर से एक जागरूकता रथ को उपायुक्त बोकारो अजय नाथ झा के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखंडों में भ्रमण कर लोगों को जनगणना के उद्देश्य एवं स्व-गणना हेतु जन सहभागिता सुनिश्चित करने का कार्य करेगा। इसके भ्रमण की निगरानी जिला सांख्यिकी पदाधिकारी के साथ-साथ प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनिश्चित करेंगे।

**जिला में जनगणना 2027-तैयारियां**

जिला में जनगणना कार्य के सम्पादन हेतु लगभग 4823 अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। उपायुक्त, नगर निगम आयुक्त, जिला स्तर के अधिकारियों, प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों एवं क्षेत्र प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है। पूरे जिला में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का 99 प्रशिक्षण बैच तैयार कर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**विदित हो की स्व-गणना अंतर्गत-**

स्व-गणना के तहत नागरिक आधिकारिक पोर्टल पर स्वयं अपने परिवार एवं आवास से जुड़े 33 प्रश्नों के उत्तर दर्ज कर सकेंगे।
एसई पोर्टल 16 भाषाओं में उपलब्ध होगा। स्व-गणना ऐक्छिक है, अनिवार्य नहीं। उत्तरदाता अपना मोबाईल नंबर और दूसरी जानकारी भरकर एस ई पोर्टल में लॉग-इन करेगा। उत्तरदाता द्वारा सभ प्रश्नों को भरकर सबमिट करने पर एक आईडी जनरेट होगा जो उतरदाता के पंजीकृत -मोबाइल नंबर पर प्राप्त होगी। प्रगणक के फील्ड विजिट के समय एस ई आईडी को उनसे साझा करनी होगी। स्व-गणना के आंकड़ों की पुष्टि करने के बाद, प्रगणक इसे मूल डेटाबेस में शामिल कर लेगा। यदि किसी ने स्व-गणना नहीं किया है, तो चिंता की कोई बात नहीं। प्रगणक, 16 मई से 14 जून, 2026 तक की अवधि में उनके घर पहुंचकर जानकारी अवश्य दर्ज करेंगे।

**जनगणना 2027-डेटा सुरक्षा**

**तकनिकी सुरक्षा**

एंड-टू-एंड डेटा सुरक्षा-मोबाईल पर डेटा ट्रांसमिशन के दौरान और सर्वर स्तर पर। सुरक्षित डेटा सुरक्षा तंत्र। प्रतिष्ठित एजेंसियों द्वारा सुरक्षा ऑडिट। डेटा केंद्रों को घोषित किया गया। डेटा केंद्र ISO/IEC 27001:2022 प्रमाणित।

**विधिक सुरक्षा**

जनगणना अधिनियम-1948 तथा नियम-1990 के प्रावधानों के अंतर्गत जनगणना में संकलित समस्त व्यक्तिगत जानकारी पूर्णतः गोपनीय। दी गई जानकारी को किसी से भी साझा नहीं किया जाता है। इसका उपयोग किसी भी प्रकार के साक्ष्य के रूप में नहीं किा जा सकता है। टैक्स, पुलिस या अन्य जांच में इस जानकारी का उपयोग नहीं किया जा सकता है। केवल देश एवं प्रदेश के विकास के लिए ही सांख्यिकीय आंकड़ों का उपयोग। जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाने के क्रम में मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार जनगणना कार्य के वरीय नोडल पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी आशोक खालको, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## फेसबुक लाइव के माध्यम से आज जनगणना कार्य की दी जाएगी जानकारी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जनगणना 2027 अन्तर्गत जनगणना कार्य के वरीय नोडल पदाधिकारी-सह-अपर समाहर्ता मो0 मुमताज अंसारी के द्वारा कल 06 मई को फेसबुक लाईव के माध्यम से आमजनों के बीच जानकारी साझा की जायेगी। कार्यक्रम पूर्वाह्न 11:30 बजे से सूचना भवन बोकारो से फेसबुक आईडी आई पी आर डी बोकारो पर प्रसारित की जायेगी। आमजनता इस कार्यक्रम के माध्यम से जुड़कर जनगणना 2027 के संदर्भ में विशेष जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह कार्यक्रम दो तरफा माध्यम से संचालित की जायेगी, जिसमें मोबाईल नं.-9263305440 पर कार्यक्रम के दरम्यान जनता सीधे सवाल नोडल पदाधिकारी से कर सकेंगे। आमलोगों से अपील है कि वे अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर जनगणना 2027 के संदर्भ में आवश्यक जानकारी प्राप्त करें।

## अधिकारी संवेदनशील होकर जनता की शिकायतों का करें निदान : उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में 'हम आपको सुनते है' कार्यक्रम अंतर्गत जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में शहरी क्षेत्र के साथ-साथ सुदूरवर्ती क्षेत्र की जनता अपनी-अपनी समस्याओं और शिकायतों के साथ भाग लिया।



जनता दरबार में ज्यादातर शिकायतें विद्यालयों में नामांकन को लेकर थी। इसके अलावे भूमि सीमांकन, भू-नामांतरण, आपूर्ति विभाग, सामाजिक सुरक्षा से संबंधित शिकायतें जनता के द्वारा लाई गई। इस पर उपायुक्त ने सभी शिकायतों का त्वरित सुनवाई करते हुए इसके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

**अधिकारी संवेदनशील होकर जनता की शिकायतों का करें निदान-**

उपायुक्त अजय नाथ झा ने अधिकारियों को संवेदनशील होकर जनता की शिकायतों की सुनवाई एवं उनका त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम लोगों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए सरकारी कार्यो का चक्कर न लगाना पड़े, इसे सुनिश्चित करें। जनता दरबार में उपायुक्त अजय नाथ झा के अलावे उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मोहम्मद मुमताज अंसारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सुचिता किरण भगत के अलावे अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### माधव लाल सिंह अस्वस्थ, स्थित चिंताजनक

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिले के गोमिया विधानसभा से चार बार विधायक और दो बार मंत्री रहे माधव लाल सिंह की स्थिति चिंताजनक है। परिजनों ने उन्हें चास तालगाड़िया मोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां इनका इलाज आईसीयू में चल रहा है। जानकारी के मुताबिक 23 अप्रैल को पूर्व विधायक माधव लाल सिंह बीमार हुए थे। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तब से उनके स्वास्थ्य में मामूली सुधार दिखाई दे रही है। परिजनों के अनुसार उन्हें कुछ दिन पहले दिल्ली से चेकअप कर लाया गया था। इसके बाद फिर से अचानक बीमार पड़ गए। पूर्व विधायक के बीमार होने पर अभी तक ना तो सरकार ने संज्ञान लिया है और नहीं जिले के किसी अधिकारी ने ही उनकी सूध ली है। श्री सिंह का भतीजा सूरज लाल सिंह ने बताया कि हम लोग परिवार वाले उनका निजी अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। किसी ने भी अभी तक उनके स्वास्थ्य के बारे में कोई जानकारी नहीं ली है। उनका इलाज आईसीयू में चल रहा है। रिकवरी काफी धीमा है, लेकिन ऑक्सीजन लेवल स्थिर बना हुआ है।




### अरुप चटर्जी ने किया विधायक कक्ष का उद्घाटन

**निरसा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधायक अरूप चटर्जी ने आज निरसा प्रखंड मुख्यालय में विधायक कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि आम जनता को प्रखंड स्तर पर होने वाले विभिन्न कार्यों में सुविधा प्रदान करने और उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए विधायक कक्ष का होना अत्यंत आवश्यक था। अब स्थानीय निवासियों को प्रखंड से संबंधित कामकाज में होने वाली असुविधाओं से राहत मिलेगी तथा सभी प्रकार के कार्य अधिक आसानी और पारदर्शिता के साथ संपन्न हो सकेंगे। विधायक ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों का आभार व्यक्त किया और आशा व्यक्त की कि यह कक्ष निरसा प्रखंड की जनता की सेवा में निरंतर उपयोगी सिद्ध होगा। उद्घाटन कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, निरसा कामरेड हरेंद्र सिंह निरंजन गौराई, माले जिला सदस्य मन्नू सिंह, गुरुदास चटर्जी, फाउंडेशन मीडिया प्रभारी प्रभु सिंह, मणि शंकर सेन, हर-हर आर्य राजेश मुखर्जी, राज दे, अतिकुर रहमान, दीपक मोदी, इत्यादि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### लूटकांड मामले के चार अपराधी गिरफ्तार

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र में हाल ही में हुए लूटकांड का पुलिस ने सफल उद्भेदन करते हुए चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इनके पास से लूटे गए सामान भी बरामद किए हैं, जिससे मामले का खुलासा हो सका है। जानकारी के अनुसार, 2 मई 2026 को इरफान अंसारी धनबाद से लैपटॉप खरीदकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान गोविंदपुर मुख्य सड़क पर तीन मोटरसाइकिल सवार अपराधियों ने उन्हें रोक लिया और लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। अपराधियों ने पीड़ित से मोटरसाइकिल, लैपटॉप, मोबाइल फोन और करीब 22 हजार रुपये नगद छीन लिए। घटना के बाद अपराधियों ने पीड़ित को फोन कर पैसे की व्यवस्था करने पर बाइक वापस करने की बात कही। 4 मई को जैसे ही पीड़ित ने उनसे संपर्क किया, पुलिस ने पहले से जाल बिछाकर कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक कार, चार मोटरसाइकिल, सात मोबाइल फोन और 25 हजार रुपये नगद बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रजहन अंसारी, फरेदीन अंसारी, राजू अंसारी और जावेद अंसारी के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस पूरे गिरोह से गहन पूछताछ कर रही है और इस मामले में अन्य संलिप्त अपराधियों की तलाश जारी है।



# दिव्यांगों के बीच बैटरी चालित ट्राई साइकिल का किया गया वितरण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय परिसर में कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के तहत बीसीसीएल के सहयोग से दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त श्री अजय नाथ झा द्वारा बैटरी चालित ट्राई साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के 10 चयनित लाभार्थियों के बीच ट्राई साइकिल वितरित की गई, जिससे उनके दैनिक जीवन और आवागमन को आसान बनाया जा सके। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त अजय नाथ ने कहा कि दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस तरह की पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैटरी से चलने वाली ट्राई साइकिल उन्हें रोजगार, शिक्षा एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए सक्षम बनाएगी। उन्होंने कहा कि सी एस आर के माध्यम से कंपनियां समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान में अहम भूमिका निभा रही हैं।

**दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना प्रशासन की प्राथमिकता है-**

उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि बैटरी चालित ट्राईसाइकिल उनके जीवन को अधिक सरल और आत्मनिर्भर बनाएगी। इससे वे बिना किसी पर निर्भर हुए अपने दैनिक कार्य, शिक्षा तथा रोजगार से जुड़ी गतिविधियों को आसानी से कर सकेंगे। डीसी ने यह भी कहा कि सी एस आर के तहत इस तरह की पहल समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने संबंधित कंपनियों एवं संस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि उनके सहयोग से जरूरतमंदों तक आवश्यक संसाधन पहुंचाए जा रहे हैं। आगे भी इस तरह के कार्यक्रमों को जारी रखने पर जोर दिया गया, ताकि अधिक से अधिक दिव्यांगजन इसका लाभ उठा सकें।



**बैटरी चालित ट्राईसाइकिल मिलने से उनकी गतिशीलता में काफी सुधार होगा**

प्रभारी पदाधिकारी सीएसआर सह जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार ने बताया कि पहले जहां दिव्यांगजनों को मैनुअल ट्राई साइकिल से कठिनाई होती थी, वहीं बैटरी चालित ट्राई साइकिल मिलने से उनकी गतिशीलता में काफी सुधार होगा। सरकार एवं संस्थाओं द्वारा इस तरह के उपकरण उपलब्ध कराने से उनके जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आएगा। कार्यक्रम के दौरान में उपायुक्त अजय नाथ झा के अलावे उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मोहम्मद मुमताज अंसारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, प्रभारी पदाधिकारी सीएसआर सह जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार, जनरल मैनेजर बी सी सी एल मो सोहेल इकबाल, एडवाइजर लैंड बीसीसीएल एन एल अग्रवाल, प्रोजेक्ट ऑफिसर दुग्धा कोल वाशरी बीसीसीएल अमित कुमार के अलावे हेड ऑफिसर सीएसआर टीम बीसीसीएल एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# एयरपोर्ट के आसपास अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो हवाई अड्डे से व्यावसायिक उड़ान सेवा शुरू करने की दिशा में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। एयरपोर्ट के आसपास बने अवैध अतिक्रमण को हटाने का अभियान तेज कर दिया गया है। जिला प्रशासन के निर्देश पर बोकारो स्टील नगर सेवा विभाग की टीम ने आज हवाई अड्डा परिसर के आसपास अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। एयरपोर्ट बाउंड्री के किनारे अवैध रूप से बसे झुग्गी-झोपड़ियों को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में हटाया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि बोकारो हवाई अड्डा बाउंड्री के पास दूंदीबाद हटिया क्षेत्र में कटीले तारों से घेराबंदी के बावजूद लोग अंदर घुसकर झोपड़ियां बनाकर रह रहे थे और खटाल भी संचालित कर रहे थे। प्रशासन द्वारा पहले ही माइकिंग कर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था। आज कई लोगों ने अपने सामान खुद हटा लिए, लेकिन नगर सेवा विभाग की टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से शेष अतिक्रमण को तोड़कर हटाना शुरू कर दिया। दरअसल, एयरपोर्ट से उड़ान सेवा शुरू करने में सबसे बड़ी बाधा यही अतिक्रमण बन रहा था। इसी को देखते हुए बोकारो डीसी की बैठक में 15 मई तक सभी अड़चनों को दूर करने का निर्णय लिया गया है। कर्नल राजेंद्र सिंह शेखावत, डीजीएम, बोकारो नगर सेवा ने बताया कि तय समय सीमा के भीतर सभी अतिक्रमण हटाकर एयरपोर्ट संचालन का रास्ता साफ किया जाएगा।





# आम आदमी पार्टी की बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आम आदमी पार्टी बोकारो जिला के कार्यकताओं की बैठक मंगलवार को जीजी 12, सिटी सेंटर सेक्टर 04 में हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के जोनल पर्यवेक्षक विधान चंद्र राय ने की। यह बैठक संगठन विस्तार एवं अन्य स्थानीय मुद्दों पर चर्चा के लिए रखी गई थी। बैठक में प्रदेश पदाधिकारियों सहित जिला के सक्रिय सदस्यों ने अपनी-अपनी राय रखी। बैठक में विशेष रूप से उपस्थित आप झारखंड के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश ने कहा कि किसी भी संगठन की मजबूती ही उसका आधार होता है। आम आदमी पार्टी संगठन को पूरे झारखंड में मजबूत बनाने का काम चल रहा है। बोकारो में भी हर प्रखंड से नगर तक सशक्त संगठन बनाना होगा। अध्यक्षता कर रहे विधान चंद्र राय ने कहा कि बोकारो के संगठनात्मक और आंदोलात्मक तेवर को पूर्व की भांति कायम रखना होगा। बहुत जल्द जिले में सशक्त संगठन नजर आयेगा।

प्रदेश समिति सदस्य मो मेहबूब आलम ने कहा कि पार्टी के स्थापना काल में बोकारो झारखंड में सबसे मजबूत रहा है। किसी कारणवश लोग पार्टी में निष्क्रिय हो गये हैं। सबको फिर से जगाना होगा। कार्यक्रम में प्रदेश समिति सदस्य मंजुला देवी, भगवान सिंह कुशवाहा, जिला कमिटी के अरविंद विकाश, धर्मेंद्र शर्मा, बैजनाथ गोराई, उत्तम सिंह चौधरी, मिथिलेश गिरि, अशोक कुमार, संजय रजक आदि ने संगठन विस्तार और ज्वलंत स्थानीय समस्याओं पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में संजय कुमार, मनौवर अली, जमालुद्दीन अंसारी, आजाद कुमार, अशोक कुमार, आनंद मंडल, संतोष कुमार, कैलाश महतो, रविकांत मिश्रा, प्रियांशु पाठक सहित अन्य शामिल थे।



## ग्रामीणों के बीच सोलर लालटेन, उन्नत चूल्हा और मोटरसाइकिल का वितरण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड के प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजीव कुमार धनबाद पहुंचे, जहां टुंडी में वन सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक अहम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वन सुरक्षा समिति के साथ बैठक की गई और ग्रामीणों के बीच विभिन्न संसाधनों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो और डीएफओ विकास पालीवाल भी मौजूद रहे। धनबाद के टुंडी प्रखंड में वन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजीव कुमार ने वन सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में जंगल की सुरक्षा, हरियाली बढ़ाने, गांवों के विकास और जंगल आधारित रोजगार को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर विस्तार से मंथन किया गया। साथ ही उन क्षेत्रों के विकास पर भी चर्चा हुई, जहां हाथियों की आवाजाही होती है। इस मौके पर ग्रामीणों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। महिलाओं को धुएं से राहत देने के लिए उन्नत चूल्हा और सोलर लालटेन दिए गए। वहीं मशालची टीम को मोटरसाइकिल और सुरक्षा किट उपलब्ध कराए गए, ताकि वन संरक्षण कार्य को और मजबूती मिल सके। कार्यक्रम में मौजूद टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया, जबकि डीएफओ विकास पालीवाल ने विभाग की उपलब्धियों को साझा किया। कार्यक्रम के बाद अधिकारियों की टीम ने कमलपुर में ह्यवृक्ष रक्षा बंधनह्ण कर पेड़ों की सुरक्षा का संकल्प लिया और ऋषिभिटा चेक डैम का निरीक्षण भी किया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने साफ कहा कि जंगल की कटाई करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। झारखंड के प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजीव कुमार ने कहा- "वन सुरक्षा समिति के साथ बैठक कर गांव की योजना, जंगल संरक्षण, रोजगार और विकास के मुद्दों पर चर्चा की गई है। मशालची टीम को बाइक दी गई है ताकि सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो सके। जंगल को नुकसान पहुंचाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।"



# बाल विवाह के खिलाफ जन जागरूकता अभियान

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर लोगों में कानूनी साक्षरता और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 90 दिवसीय व्यापक आउटरीच कार्यक्रम के तहत धारकितार पंचायत में डालसा द्वारा जनजागरूकता अभियान चलाया गया. बाबत जानकारी देते हुए न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि डालसा के अधिकार मित्र सौरभ जायसवाल, गौरव कुमार, अमित कुमार दान, सूरज कुमार मुर्मुर, संदीप कुमार मिश्रा, जितेंद्र कुमार दास, प्रदीप चंद्र दान ने लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के अधिवक्ता शैलेंद्र झा के नेतृत्व में अभियान चलाकर लोगों को बाल विवाह और उसके दुष्परिणामों के विषय में जागरूक किया। इस मौके पर न्यायाधीश ने बताया कि बाल विवाह एक अभिशाप है। हमें बच्चों के जीवन को संवारने का काम करना चाहिए।कम उम्र में उसका विवाह कर देना उसके पूरे जीवन को समाप्त कर देता है उन्होंने बताया कि झालसा के निर्देश पर 25 अप्रैल 26 से पूरे जिले में लगातार विभिन्न विषयों पर जन जागरूकता अभियान चलायी जा रही है ताकि लोग अपने अधिकार के विषय में जागरूक बन सकें और उन्हें सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिल सकें। डालसा हर जरूरतमंद तक मुफ्त कानूनी सहायता व विधिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने बताया कि इस जन जागरूकता अभियान के तहत प्रतिदिन डालसा के अधिकार मित्र, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम की टीम जेल में बंद बंदियों, पंचायत स्तर पर जाकर ग्रामीणों के बीच जनकल्याणकारी योजनाओं, निशुल्क अधिवक्ता के विधिक सहायता केंद्र, लोक अदालत नेशनल लोक अदालत के तथा मजदूर दिवस के तहत अनेकों जानकारियां दे रहे है।

**जागरूक बनें, बाल विवाह को खत्म करें : न्यायाधीश**




## बाल सुधार गृह में डालसा ने किया योग शिविर का आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झालसा के निर्देश पर चलाए जा रहे 90 दिवसीय जनजागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को बाल सुधार गृह में एक विशेष योगा कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वहां रह रहे बाल बंदियों को उनके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। योग प्रशिक्षकों व डालसा के अधिकार मित्र की टीम ने लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के अधिवक्ता कन्हैयालाल ठाकुर के नेतृत्व में बाल सुधा गृह में निरुद्ध बालकों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया। इस दौरान बच्चों को बताया गया कि नियमित योगाभ्यास से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक तनाव भी कम होता है और एकाग्रता में वृद्धि होती है। इस बाबत जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव सह और न्यायाधीश मयंक तुषार टोपनों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बाल बंदियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर अपने भविष्य को बेहतर बना सकें। कैंप के दौरान बाल बंदियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और योग के महत्व को समझते हुए इसे अपने दैनिक जीवन में शामिल करने का संकल्प लिया। न्यायाधीश ने बताया कि यह योगा कैंप 90 दिवसीय अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसके माध्यम से बाल सुधार गृह में रह रहे बच्चों को जागरूक एवं सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145865
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com

CMYK